RNI NO.: 54818-92 REG. NO-MH/MR/North East/317/2014-16

मुंबई, पुणे और नाशिक से एक साथ प्रकाशित

हमारा महानगर

https://www.hamaramahanagar.net

वर्ष 33 ■ अंक 357 ■ मुंबई, शुक्रवार 18 जुलाई 2025 ■ पेज 10 ■ मूल्य : ₹ 5.00

संरक्षक : आरएन सिंह

भारत की प्रगति पर अमेरिकी खीझ के वैश्विक मायने
पेज-4

गोरखपुर में नशीली दवाइयों के धंधेबाजों पर शिकंजा
पेज-6

विराट कोहली ने रचा इतिहास, सभी फॉर्मेट में 900 रेटिंग अंक छूने वाले पहले बल्लेबाज बने
पेज-9

सोनाक्षी की फिल्म लुटेरा देख भाई कुश की आंखों में थे आंसू
पेज-10

लैंड डील केस में ED का ऐक्शन, चार्जशीट दायर

रॉबर्ट वाड्रा की 43 संपत्तियां जब्त

महानगर नेटवर्क
नई दिल्ली

सोनिया गांधी के दामाद रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ED) ने चार्जशीट दाखिल की है। इसके अलावा ईडी ने रॉबर्ट वाड्रा की 43 संपत्तियों को भी जब्त कर लिया है, जिनकी कीमत 36 करोड़ रुपये के करीब बताई जा रही है। शिकोहपुर लैंड डील केस में ही यह कार्रवाई की गई है। ईडी ने शिकोहपुर लैंड डील केस में ही चार्जशीट फाइल की है। इस मामले में मनी लॉन्ड्रिंग का भी आरोप है और उसकी जांच के लिए ही ईडी को जिम्मेदारी सौंपी गई थी। इस चार्जशीट में रॉबर्ट वाड्रा के अलावा कुछ और लोगों एवं कंपनियों के भी नाम शामिल हैं। यह मामला गुरुग्राम के शेखोपुर में हुई लैंड डील का है, जिसमें डीएलएफ को जमीन ट्रांसफर की गई थी।

यह पूरा मामला हरियाणा के मानेसर-शिकोहपुर की लैंड डील का है, जहां फिलहाल अब गुरुग्राम का सेक्टर-83 बस चुका है। यह लैंड डील 2008 में स्काईलाइट हॉस्पिटैलिटी प्राइवेट लिमिटेड के नाम से हुई थी। इस कंपनी के रॉबर्ट पहले डायरेक्टर हुआ करते थे। 3.5 एकड़ की भूमि ओंकारेश्वर प्रॉपर्टीज से महज 7.5 करोड़ रुपये में खरीदी गई थी। तब कांग्रेस की सरकार थी और भूपिंदर सिंह हुड्डा सीएम हुआ करते थे। इसी जमीन को सितंबर 2012 में कंपनी ने डीएलएफ को 58 करोड़ रुपये में बेचा था। दरअसल यह मामला तब चर्चा में आया, जब 2012 में आईएएस अधिकारी अशोक खेमका ने इस लैंड डील की म्यूटेशन यानी दाखिल खारिज ही रद्द कर दी।

प्रवर्तन निदेशालय ने रॉबर्ट वाड्रा से 14 जुलाई को भी 5 घंटे तक पूछताछ की थी। यह पूछताछ ईडी ने लंदन स्थित आर्म्स कंसल्टेंट संजय भंडारी से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े केस में की थी। वह सुबह 11 बजे करीब ईडी के दफ्तर पहुंचे थे और 4 बजे के बाद वहां से निकले। रॉबर्ट वाड्रा के साथ प्रियंकां गांधी भी ईडी ऑफिस तक गई थीं। उनका बयान प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग ऐक्ट के तहत दर्ज किया गया था। ईडी का कहना था कि उन्हें फिर से बुलाया जा सकता है, क्योंकि कई मामलों में रॉबर्ट वाड्रा ने खुलकर जवाब नहीं दिया। ईडी का कहना था कि संजय भंडारी और उसके परिवार के लोगों से रिश्तों को लेकर रॉबर्ट वाड्रा की ओर से संतोषजनक जवाब नहीं मिला है।

इस मामले में अप्रैल में लगातार तीन दिन हुई थी पूछताछ

रॉबर्ट वाड्रा को इससे पहले जून में भी दो बार पूछताछ के लिए बुलाया गया था। लेकिन उन्होंने बीमार होने की बात कहते हुए समन को स्थगित करने की मांग की थी। इसके अलावा उन्होंने स्थानीय अदालत की मंजूरी से विदेश जाने की बात भी कही थी। बता दें कि रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ तीन अलग-अलग केसों में ईडी की ओर से जांच चल रही है। इनमें से दो केस जमीन सौदे में वित्तीय अनियमितता के हैं। बता दें कि हरियाणा के शेखोपुर वाली लैंड डील के केस में एजेंसी ने वाड्रा से अप्रैल में लगातार तीन दिनों तक पूछताछ की थी। इसी केस में अब ईडी की ओर से चार्जशीट दाखिल की गई है।

विधानभवन लॉबी में हुई हाथापाई

विस अध्यक्ष से कठोर कार्रवाई का अनुरोध : फडणवीस

जितेंद्र आव्हाड-गोपीचंद पडलकर के कार्यकर्ता आपस में भिड़े

महानगर संवाददाता
मुंबई

महाराष्ट्र विधानमंडल के वर्षाकालीन सत्र के समापन के एक दिन पूर्व एक अशोभनीय घटना घटी। विधान भवन की लॉबी में गुरुवार शाम को राकांपा शरद चंद्र पवार के विधायक जितेंद्र आव्हाड और भाजपा विधायक गोपीचंद पडलकर के समर्थकों के बीच हाथापाई हो गई। इस संपूर्ण घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि यह घटना उचित नहीं है। विधान परिषद सभापति और विधानसभा अध्यक्ष को इस मामले को गंभीरता से लेना चाहिए। यहां बड़े पैमाने पर लोग जमा हो जाते हैं और मारामारी करते हैं। विधानसभा में ऐसी घटना शोभा नहीं देती। विधानसभा अध्यक्ष से इस पर योग्य कार्रवाई करने का अनुरोध किया गया है। वहीं विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने मारपीट की रिपोर्ट मांगी है और रिपोर्ट मिलने पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

बुधवार को भी जितेंद्र आव्हाड और गोपीचंद पडलकर के बीच बहस हुई थी। हालांकि यह मामला विधानभवन परिसर के बाहर हुआ था, लेकिन गुरुवार को दोनों विधायकों के कार्यकर्ता विधानभवन की लॉबी में आपस में भिड़ गए। इससे विधान भवन क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। इस बीच विधान भवन की लॉबी में हुई मारपीट का मुद्दा विधानसभा में भी उठा। कई विधायकों ने इस पर चिंता जताई है।

कोई भी सुरक्षित नहीं: आव्हाड

आव्हाड ने कहा कि पहली बार पडलकर के कार्यकर्ताओं ने हमला किया। हमें ज्यादा सबूत देने की जरूरत नहीं है। आप गुंडों को विधानसभा में घुसने देंगे तो वे हमला करेंगे, तो कोई भी सुरक्षित नहीं है। मेरे साथ गाली-गलौज की गई। वे सभी लोग मुझे मारने आए थे। अगर विधायक विधानसभा में सुरक्षित नहीं हैं, तो आम आदमी कैसे सुरक्षित रह सकता है? वहीं गोपीचंद पडलकर ने कहा कि उन्हें इस बारे में कोई जानकारी नहीं है। वहां बहुत भीड़ है, वास्तव में क्या हुआ पता नहीं।

जिसने पास दिए, उन पर कार्रवाई हो: उद्धव

शिवसेना यूबीटी प्रमुख उद्धव ठाकरे ने सवाल किया कि मारपीट करने वाले समर्थक हैं या गुंडे? जिन्होंने उन्हें पास दिए, उन पर कार्रवाई होनी चाहिए। इस तरह की मारपीट, विधायक के साथ धक्का-मुक्की की घटना विधान भवन तक पहुंच गई हैं, तो गृह मंत्री को तुरंत सारे मुद्दे छोड़कर इन गुंडों और उनके समर्थकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। अगर विधान भवन की सीढ़ियों पर मारपीट हुई है, तो विधान भवन का क्या महत्व है? जब कड़ी सुरक्षा व्यवस्था थी, तब यह मारपीट कैसे हुई? इस बीच विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने जितेंद्र आव्हाड और गोपीचंद पडलकर के कार्यकर्ताओं के बीच हुई मारपीट के संबंध में रिपोर्ट मांगी है। उन्होंने कहा कि रिपोर्ट मिलने के बाद वह उचित कार्रवाई करेंगे।

Short News एक नजर

शॉपिंग मॉल में भीषण आग, 60 की मौत

बगदाद। इराक के शॉपिंग माल में भीषण आग लगने की जानकारी सामने आ रही है। इराक की राज्य मीडिया ने गुरुवार को बताया कि उसके पूर्वी शहर कुत (Kut) के एक शॉपिंग मॉल में भीषण आग लग गई। एपी न्यूज के अनुसार इस दुर्घटना में मरने वालों की संख्या अब तक 60 तक पहुंच चुकी है। काफी संख्या में लोग घायल हो गए। वीडियो में देखा जा सकता है कि आग एक तल से होते हुए सभी तलों तक पहुंच चुकी है और पूरी इमारत को अपनी चपेट में ले चुकी है। सब कुछ तेजी से जलकर खाक होता दिख रहा है। यहां आसपास सिर्फ और सिर्फ चीख-पुकार है। बिल्डिंग से कुछ मीटर दूर लोग बेबस होकर आग का तांडव देखने को मजबूर हैं।

'रूसी महिला को ढूंढ़ कर लाए पुलिस'

नई दिल्ली। पश्चिम बंगाल के हुगली के रहने वाले सैकत बसु ने अपनी रूसी प्रेमिका विक्टोरिया से साल 2017 में शादी की थी। इस दंपति का पांच साल का एक बेटा है, जिसे लेकर वह गायब हो गई है। सैकत बोस ने उसे ढूंढ़वाने के लिए सुप्रीम कोर्ट में फरियाद की थी। उनकी याचिका पर सुनवाई करते हुए शीर्ष अदालत ने दिल्ली पुलिस को सख्त निर्देश दिया है कि वह बिना वक्त गंवाए रूसी महिला और उसके बच्चे को ढूंढ़कर लाए। कोर्ट ने विदेश और गृह मंत्रालय को रूसी महिला (विक्टोरिया बसु) के लिए लुकआउट नोटिस जारी करने का भी निर्देश दिया है। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की पीठ ने अपने आदेश में दिल्ली पुलिस को 'बिना समय गँवाए लापता बच्चे का पता लगाने' और बच्चे की कस्टडी उसके पिता को सौंपने का भी निर्देश दिया है।

आकाश प्राइम डिफेंस सिस्टम का भारत ने किया सफल परीक्षण

नई दिल्ली। भारत ने डिफेंस सेक्टर में एक और बड़ी कामयाबी हासिल कर ली है। भारत की बढ़ती सैन्य ताकत को देखकर पाकिस्तान और चीन की हालत पतली होना तय है। भारत ने 'आकाश प्राइम' एयर डिफेंस सिस्टम का सफल परीक्षण किया है। गुरुवार को इस परीक्षण का वीडियो भी जारी कर दिया गया है। आकाश प्राइम, आकाश वेपन सिस्टम का नया और बेहतर रूप है। इसने लद्दाख में ऊंचाई पर परीक्षण के दौरान दो एयर टारगेट को मार गिराया। यह सिस्टम 4500 मीटर से अधिक ऊंचाई पर काम करने के लिए बनाया गया है। इसमें RF सीकर भी है, जो भारत में ही बना है।

फडणवीस और उद्धव के बीच बंद कमरे में चर्चा

दोनों नेताओं की मुलाकात से अटकलों का बाजार गर्म

महानगर संवाददाता
मुंबई

महाराष्ट्र की राजनीति में बड़े फेरबदल की संभावना शुरू हो गई है। साल 2019 विधानसभा चुनाव के बाद उद्धव ठाकरे और देवेंद्र फडणवीस के बीच बढ़ी दूरियां कम होनी शुरू हो गई हैं। इससे राजनीतिक हवा बदलने और राज्य की सियासत के करवट बदलने की चर्चा तेज हो गई है। गुरुवार को शिवसेना ठाकरे गुट के मुखिया उद्धव ठाकरे ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से मुलाकात की। इस मौके पर शिवसेना ठाकरे गुट के नेता आदित्य ठाकरे भी मौजूद थे। दोनों नेताओं के बीच करीब आधे घंटे तक चर्चा हुई। यह अहम मुलाकात विधान परिषद के सभापति राम शिंदे के कक्ष में हुई। उद्धव और फडणवीस की मुलाकात के तस्वीर आने के बाद राज्य की सियासी गलियारों में चर्चा तेज हो गई है। क्या मनपा चुनाव से पहले उद्धव और फडणवीस एक बार फिर साथ आएंगे। क्योंकि मुलाकात से ठीक एक दिन पहले मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने उद्धव ठाकरे को साथ आने का ऑफर दिया था। सभापति राम शिंदे के कक्ष में दोनों की मुलाकात के दौरान उद्धव ठाकरे ने फडणवीस को 'हिंदी अनिवार्य क्यों है?' शीर्षक वाली किताब भी भेंट की। लेकिन सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार किताब भेंट के बाद दोनों नेताओं की बंद कमरे में बैठक हुई। दोनों के बीच करीब 20 मिनट तक चर्चा चली जो बंद दरवाजे में है।

नेता प्रतिपक्ष पर चर्चा

मिली जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उद्धव ठाकरे के बीच बंद कमरे में 20 मिनट तक चली चर्चा में विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष को त्रिभाषी फार्मूला और हिंदी शक्ति पर चर्चा हुई। आने वाले अगस्त महीने में विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष अंबादास दानवे का कार्यकाल समाप्त हो रहा है इसलिए अब उद्धव ठाकरे चाहते हैं कि विधानसभा में सबसे ज्यादा सदस्य होने के कारण उनकी पार्टी को नेता प्रतिपक्ष का पद मिले। इसलिए उद्धव ठाकरे ने मुख्यमंत्री फडणवीस से मुलाकात कर इस विषय पर चर्चा की है। विपक्ष के नेता का पद विधानसभा अध्यक्ष का अधिकार है। लेकिन राज्य का मुखिया होने के कारण फडणवीस विधानसभा अध्यक्ष से सिफारिश कर सकते हैं।

कर्नाटक सरकार ने RCB पर फोड़ा भगदड़ का ठीकरा

महानगर नेटवर्क
बेंगलुरु

बेंगलुरु में मची भगदड़ मामले में कर्नाटक सरकार ने RCB यानी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को ही जिम्मेदार बताया है। हाल ही में जारी हुई रिपोर्ट में इसका खुलासा हुआ है। साथ ही रिपोर्ट में क्रिकेटर विराट कोहली के एक वीडियो का भी जिक्र है। 4 जून को IPL ट्रॉफी जीत के बाद हुए जश्न के दौरान मची भगदड़ में 11 लोगों की मौत हो गई थी। वहीं, 50 से ज्यादा लोग घायल हुए थे। रिपोर्ट में बताया गया है कि कार्यक्रम के आयोजक डीएनए एंटरटेनमेंट नेटवर्क्स प्राइवेट लिमिटेड ने पुलिस को 3 जून को सिर्फ परेड के बारे में बताया था, लेकिन औपचारिक अनुमति नहीं मांगी गई थी। अनुमति लेना अनिवार्य है। इसमें कहा गया है कि इस तरह के आयोजन के लिए अनुमति 7 दिन पहले मांगी जाती है। रिपोर्ट में कहा गया है कि RCB ने बगैर पुलिस से विचार विमर्श किए लोगों को न्योता दे दिया।

विराट कोहली का भी नाम लिया

छांगुर बाबा के देश में 14 ठिकानों पर ED का छापा

सुबह 5 बजे बलरामपुर और मुंबई पहुंचीं टीमें

महानगर नेटवर्क
नई दिल्ली

धर्मांतरण और हवाला लेनदेन से जुड़े छांगुर बाबा मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ED) ने बड़ी कार्रवाई की। यूपी के बलरामपुर जिले के उतरौला क्षेत्र में 12 और मुंबई में 2 ठिकानों समेत कुल 14 स्थानों पर ईडी की छापेमारी चल रही है। जांच एजेंसी ने सुबह 5 बजे से यह सर्च ऑपरेशन शुरू किया है, जो फिलहाल जारी है। ईडी को जांच के दौरान आरोपी नवीन के बैंक खाते से शहजाद शेख नाम के व्यक्ति के खाते में करीब दो करोड़ रुपये ट्रांसफर किए जाने का सुराग मिला था। इसी कड़ी में मुंबई के बांद्रा ईस्ट स्थित कनाकिया पेरिस अपार्टमेंट और माहिम वेस्ट के रिजवी हाइट्स स्थित शहजाद शेख के घरों पर छापेमारी की जा रही है। बांद्रा के घर में मौजूद शहजाद शेख से ईडी की टीम पूछताछ भी कर रही है। बता दें कि छांगुर बाबा पर आरोप है कि उसने बड़े पैमाने पर धर्मांतरण रैकेट चलाया और हवाला के जरिए पैसों का लेनदेन किया।

चुनाव से पहले CM नीतीश का ऐलान

बिहार में 125 यूनिट बिजली मिलेगी फ्री

महानगर नेटवर्क
पटना

बिहार में आगामी विधानसभा चुनावों से पहले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आम जनता को राहत देते हुए 125 यूनिट तक मुफ्त बिजली देने का ऐलान किया है। यह फैसला 1 अगस्त 2025 से लागू होगा और जुलाई माह के बिल से ही इसका लाभ उपभोक्ताओं को मिलने लगेगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने खुद इस निर्णय की जानकारी ट्वीट के माध्यम से साझा की।

उन्होंने कहा, "हम लोग शुरू से ही सस्ती दरों पर सभी को बिजली उपलब्ध करा रहे हैं। अब तय कर लिया गया है कि राज्य के सभी घरेलू उपभोक्ताओं को 125 यूनिट तक बिजली पर कोई शुल्क नहीं देना पड़ेगा।" नीतीश सरकार के इस फैसले से राज्य के कुल 1 करोड़ 67 लाख परिवारों को सीधा फायदा मिलेगा। यह योजना खासकर गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों के लिए बड़ी राहत साबित होगी।

नीतीश कुमार ने कहा, 'हमने यह भी तय किया है कि अगले तीन वर्षों में इन सभी घरेलू उपभोक्ताओं से सहमति लेकर उनके घर की छतों पर अथवा नजदीकी सार्वजनिक स्थल पर सौर ऊर्जा संयंत्र लगाकर लाभ दिया जाएगा।' सीएम ने कहा, 'कुटीर ज्योति योजना के तहत जो अत्यंत निर्धन परिवार होंगे उनके लिए सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने हेतु पूरा खर्च राज्य सरकार करेगी तथा शेष के लिए भी सरकार उचित सहयोग करेगी। इससे घरेलू उपभोक्ताओं को अब बिजली का 125 यूनिट तक कोई खर्च नहीं लगेगा, साथ ही साथ राज्य में अगले तीन वर्षों में एक अनुमान के अनुसार 10 हजार मेगावाट तक सौर ऊर्जा उपलब्ध हो जाएगी।'

1 अगस्त 2025 से मिलेगा फायदा

12 साल के बच्चे की कहानी सुनकर पसीजा जजों का दिल

गलती मानकर सुप्रीम कोर्ट ने पलटा अपना ही फैसला

महानगर नेटवर्क
नई दिल्ली

एक हैरानी वाला कदम उठाते हुए सुप्रीम कोर्ट ने खुद अपना फैसला पलट दिया है। सर्वोच्च अदालत ने एक 12 साल के बच्चे की दिल छूने वाली कहानी सुनी और उसकी कस्टडी फिर से मां को सौंप दी। ये बच्चा अपने माता-पिता के आपसी झगड़े में पिसकर मानसिक और भावनात्मक रूप से बुरी तरह टूट गया था और वो अंदर तक डर हुआ था। बच्चे की हालत देखते हुए देश की सबसे बड़ी अदालत में बैठे जजों का भी दिल पसीज गया। अदालत ने अपने ही दस महीने पुराने आदेश को बदलते हुए बच्चे की कस्टडी फिर से मां को देने का फैसला सुनाया है। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में माना कि बच्चे की कस्टडी पिता को देकर उसने गलती की थी। सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस प्रसन्ना बी वराले की बेंच ने अपने फैसले में माना कि सुप्रीम कोर्ट और केरल हाईकोर्ट ने बच्चे की कस्टडी पिता को सौंपने का आदेश दिया था। इसके चलते उसकी मानसिक और भावनात्मक हालत बिगड़ गई। जबकि अदालतों ने बच्चे का मन पढ़ने की बजाय बुरी तरह लड़ रहे दंपति के वकीलों की दलीलों पर ही फैसला कर दिया।

19 जुलाई को I.N.D.I.A. गठबंधन की बैठक

टीएमसी और आप ने बनाई दूरी

महानगर नेटवर्क
नई दिल्ली

संसद के आगामी मानसून सत्र से पहले विपक्षी दलों ने केंद्र सरकार को संयुक्त रूप से घेरने की योजना को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। इस दिशा में सबसे बड़ा कदम कांग्रेस पार्टी ने उठाया है, जिसने पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी के नेतृत्व में INDIA गठबंधन की एक महत्त्वपूर्ण बैठक 19 जुलाई को बुलाने की तैयारी कर ली है। बैठक में अधिकतम विपक्षी दलों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए कांग्रेस संपर्क साध रही है। कांग्रेस का उद्देश्य इस बैठक के जरिए विपक्षी एकता को न केवल प्रदर्शित करना है, बल्कि साझा रणनीति बनाकर संसद में सरकार को घेरने की ठोस योजना तैयार करना भी है। पार्टी चाहती है कि यदि सभी दलों के शीर्ष नेता इस बैठक में शरीक न हो सकें, तो कम से कम उनके संसदीय दल के नेता इसमें मौजूद रहें, ताकि सदन के भीतर विपक्ष की आवाज समन्वित और प्रभावशाली हो।

कांग्रेस ने इस बैठक को व्यापक समर्थन दिलाने के लिए पहले ही INDIA ब्लॉक के दलों से संपर्क कर प्रमुख राष्ट्रीय मुद्दों पर चर्चा की है। पार्टी ने ऐसे मुद्दे चुने हैं, जिन पर किसी भी दल को असहमति न हो और विपक्ष एकजुट होकर सरकार से जवाब मांग सके। सूत्रों के अनुसार, पहलगाम में हालिया घटनाओं, ऑपरेशन सिंदूर की कार्रवाई और अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा पीएम मोदी को लेकर किए गए कथित दावों को मुख्य मुद्दा बनाया गया है।

मानसून सत्र को लेकर होगी चर्चा

इंदौर ने 8वीं बार जीता सबसे स्वच्छ शहर का खिताब

महानगर नेटवर्क
नई दिल्ली

केंद्र सरकार के वार्षिक स्वच्छता सर्वेक्षण में इंदौर लगातार आठवीं बार सबसे स्वच्छ शहरों में शीर्ष स्थान पर रहा, जबकि सूरत और नवी मुंबई दूसरे और तीसरे पायदान पर रहे। 3 से 10 लाख की आबादी वाले शहरों की कैटिगरी में नोएडा पहले स्थान पर, चंडीगढ़ दूसरे स्थान पर और मैसूर तीसरे स्थान पर रहा। 50 हजार से 3 लाख जनसंख्या वाले शहरों की बात करें तो नई दिल्ली नगर निगम (NDMC) इलाका अव्वल रहा। देशभर में हुए स्वच्छ सर्वेक्षण के नतीजे गुरुवार को घोषित किए गए। 2024-25 में इंदौर ने लगातार आठवीं बार स्वच्छता का ताज अपने नाम किया।

छोटे शहरों में नोएडा ने मारी बाजी

विज्ञान भवन में आयोजित समारोह में प्रदेश के नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से यह सम्मान ग्रहण किया। कार्यक्रम का आयोजन आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय की ओर से किया गया था। केंद्रीय आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल इस कार्यक्रम में शामिल हुए।

शहरी भारत की स्वच्छता यात्रा को नई दिशा देने वाला 'स्वच्छ सर्वेक्षण' पिछले नौ वर्षों से सफाई को लेकर देश के नजरिए को बदल रहा है। वर्ष 2016 में केवल 73 नगरीय निकायों से शुरू हुआ यह अभियान अब 4,500 से अधिक शहरों तक पहुंच चुका है। इस बार के सर्वेक्षण का फोकस "रिड्यूस, रीयूज, रीसाइकल" की अवधारणा पर रहा।

सुपर स्वच्छ लीग की शुरुआत

स्वच्छता के क्षेत्र में लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले शहरों को पहचान देने के लिए इस बार 'सुपर स्वच्छ लीग' की शुरुआत की गई है। इसमें वे शहर शामिल किए गए हैं, जो बीते तीन वर्षों में किसी न किसी साल शीर्ष तीन में शामिल रहे हों और वर्तमान वर्ष में अपनी श्रेणी के टॉप 20% में बने हुए हों। इसका उद्देश्य है कि ये शहर स्वच्छता के उच्चतम मानकों की ओर और मजबूती से आगे बढ़ें, साथ ही अन्य शहरों को प्रेरणा दें।

उनका स्वार्थ का झंडा, सत्ता का एजेंडा: शिंदे

■ उपमुख्यमंत्री का शिवसेना उबाठा गुट पर हमला

महानगर संवाददाता

मुंबई

उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने गुरुवार को विधानसभा में चौतरफा बैटिंग करते हुए, शिवसेना उबाठा पर जोरदार हमला बोला। उन्होंने कहा कि चुनाव से पहले मराठी-मराठी करने वाले लोग चुनाव के बाद मराठी लोगों से पूछते हैं कि आप कौन? उनका सिर्फ स्वार्थ का झंडा और सत्ता का एजेंडा है। वे नियम 293 के तहत हुई चर्चा का जवाब दे रहे थे।

शिंदे ने कहा कि धारावी के लोग आज परेशान हैं। उनके लिए हमने पुनर्विकास योजना तैयार की,लेकिन उसका भी विरोध हो रहा है। हम टिकाऊ क्रंक्रीट की सड़क बना रहे हैं,उसमें भी हम पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए जा रहे हैं। आप आरोप जरूर लगाएं, लेकिन सड़क के काम का लेखा परीक्षण भी करें। उन्होंने कहा कि कोविड काल में खिचड़ी घोटाला किसने किया? डेड बॉडी बैग चोर कौन है? हर साल सड़क मरम्मत का टेंडर कौन देता है? टेंडर-टेंडर कर मुंबई को बेचने वाले वेंडर कौन हैं? मीठी नदी की कीचड़ हटाने का टेंडर डिनो मोरिया को दिया गया,लेकिन किसी मराठी मानुष को नहीं दिया गया। अगर डिनो ने मुंह खोला तो देखते हैं, किसका मोरिया बनेगा। शिंदे ने एक शेर भी पढ़ा, गालिब ताउम्र ये भूल करता रहा, धूल चेहरे पर थी, आईना साफ करता रहा। उन्होंने कहा कि आंखों में धूल है, उसे साफ करो। शिंदे के भाषण के बाद विपक्षी दलों ने हंगामा शुरू कर दिया। सत्ता पक्ष के विधायक भी काफी आक्रामक हो गए। इसके चलते स्पीकर राहुल नार्वेकर ने सदन की कार्यवाही 10 मिनट के लिए स्थगित कर दी। एकनाथ शिंदे के जवाब के बाद शिवसेना उद्धव ठाकरे गुट के भास्कर जाधव बोलने के लिए खड़े हुए, लेकिन अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने कहा कि चर्चा को शुरू करने वाला सदस्य को ही उत्तर देने का अधिकार है, लेकिन फिर भी अगर वह यह दिखाना चाहते हैं कि वह नियमों से बाहर काम कर रहे हैं, तो मैं भास्कर जाधव को अनुमति देता हूं। भास्कर जाधव बोलने के लिए खड़े हुए, वैसे ही आदित्य ठाकरे सदन में आ गए। उन्होंने बोलने की अनुमति मांगी, लेकिन सत्ताधारी विधायकों ने आदित्य ठाकरे का विरोध किया। इससे आदित्य ठाकरे आक्रामक हो गए। सत्ताधारी सदस्य अध्यक्ष के

आदित्य ने निकाली भड़ास

बाद में विधानभवन के बाहर मीडिया से बात करते हुए आदित्य ठाकरे ने अपनी भड़ास निकाली। उन्होंने कहा कि गद्दार व्यक्ति उपमुख्यमंत्री के रूप में बैठा है। ऐसा इंसान कभी नहीं देखा। आदित्य ने कहा कि उनका पूरा भाषण उबाऊ था। सदस्यों ने किसानों को लेकर प्रश्न उठाए, भूमि घोटालों को लेकर उठाए, लेकिन प्रश्नों का कोई उत्तर नहीं मिला। उन्होंने कहा कि पिछले ढाई साल से वे जो भी झूठ बोल रहे हैं, हम उसे सुनने नहीं आए। हमें जवाब चाहिए, लेकिन जब हमने जवाब मांगा, तो सत्ता पक्ष ने उन्माद शुरू कर दिया। तब मैंने कहा कि तुम देशद्रोही हो, कायर हो, तुम सूरत भाग गए। तुम पैसे के लिए भाग गए। अगर ऐसा था, तो मुंबई-पुणे मिसिंग लिंक में कीमत इतनी क्यों बढ़ गई, नॉर्थ कोस्टल रोड के लिए कितनी बार ठेकेदार बदले गए। 6,500 करोड़ रुपए की कीमत कैसे बढ़ गई?

गुटखा प्रतिबंध कानून में होगा बदलाव

आरोपी पर मकोका के तहत मामला दर्ज करने पर विचार

विधान परिषद में एफडीए मंत्री झिरवाल ने की घोषणा

मुंबई। महाराष्ट्र में गुटखा पान मसाला की बिक्री पर प्रतिबन्ध है, लेकिन प्रतिबंध के बावजूद बड़े पैमाने पर अलग - अलग माध्यम से चोरी -चोरी गुटखा और पान मसाला बेचा जा रहा है। पकड़े जाने पर बेचने वाले खिलाफ गुटखा प्रतिबंध कानून के अंतर्गत सरकार कार्रवाई करती है, लेकिन जमानत पर जेल से दोबारा छूटने के बाद फिर से चोरी-छिपे तम्बाकू से निर्मित गुटखा और पान मसाला बेचना शुरू कर देते हैं।

... अब कानून में बदलाव का समय आ गया है

ऐसे लोगों पर मकोका के अंतर्गत कार्रवाई करने पर सरकार विचार कर रही है। गुरुवार को विधान परिषद में भाजपा सदस्य श्रीकांत भारतीय ने प्रश्नकाल में माध्यम से राज्य में गुटखा और पान मसाला पाबंदी कानून को प्रभावी ढंग से लागू करने का मुद्दा उठाया था, इसके जवाब में खाद्य व औषधि प्रशासन मंत्री नरहरी झिरवाल बोल रहे थे। भारतीय ने अपने सवाल में कहा कि राज्य के कई शहर और ग्रामीण में गुटखा धड़ल्ले से बिक रहा है। पकड़े जाने पर जुर्माना भरकर आरोपी छूट जाता है,फिर वापस गुटखा बेचना शुरू कर देता है ऐसे में आरोपी पर कड़ी कार्रवाई करने के लिए सख्त कानून लाया जाए। इस सवाल के जवाब में मंत्री नरहरी झिरवाल ने कहा कि राज्य में गुटखा और पान मसाला उत्पादों के परिवहन और बिक्री पर पूरी तरह प्रतिबन्ध लगाने के लिए पकड़े जाने वाले आरोपी पर मकोका के अंतर्गत कार्रवाई करने के लिए विधि एवं न्याय विभाग को एक प्रस्ताव भेजा जाएगा। झिरवाल ने कहा कि गुटखा और तंबाकू निर्मित उत्पादों की बिक्री के खिलाफ जो कानून बना था वो सिर्फ एक साल से लिए था, लेकिन साल 2012 से उस कानून में कोई संशोधन नहीं हुआ है। अब कानून में बदलाव का समय आ गया है। मंत्री झिरवाल ने कहा कि गुटखा और पान मसाला बेचने वाले के खिलाफ सख्त कार्रवाई की आवश्यकता है। एफडीए मंत्री ने राज्य में अवैध गुटखा और पान मसाला जब्त करने की जानकारी सदन को दी, इसमें उन्होंने कहा कि अब तक 450 करोड़ रुपए का अवैध सामग्री जब्त किया गया है और 10 हजार से अधिक मामले दर्ज किए गए हैं। झिरवाल ने कहा कि खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग में कर्मचारियों की कमी एक बड़ी समस्या है। हालांकि, अब नए उम्मीदवारों को प्रशिक्षण के लिए भेजा गया है और जल्द ही इस समस्या का समाधान हो जाएगा और गुटखा प्रतिबंध योजना को बड़े पैमाने पर प्रभावी ढंग से लागू करना संभव होगा। राज्य में कुछ स्थानों, विशेष रूप से सीमावर्ती क्षेत्रों में कैंसरकारी पदार्थों की बढ़ती खपत पर चिंता व्यक्त करते हुए, उन्होंने यह भी कहा कि दहिसर, मुलुंड, मलाड जैसे क्षेत्रों में जाँच अधिकारी नियुक्त किए जाएंगे जो गुटखा की बिक्री का निरीक्षण करेंगे और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस चर्चा में विपक्ष के नेता अंबादास दानवे और सदस्य प्रवीण दरेकर ने भाग लिया।

मीठी नदी सफाई घोटाला : दोषियों पर की जाएगी कार्रवाई

साल 2006 से होगी मामले की जांच



मुंबई। मुंबई की बहुचर्चित मीठी नदी सफाई घोटाला का मुद्दा एक बार फिर गुरुवार को विधानपरिषद में जोर-शोर से गूंजा। मीठी नदी की गाद निकालने में तीन साल में 65 करोड़ रुपए का गैरव्यवहार सामने आया है। संबंधित मामले की साल 2006 से जांच शुरू है। विधान परिषद में मंत्री उदय सामंत ने यह जानकारी दी। गुरुवार को भाजपा सदस्य प्रसाद लाड ने प्रश्नकाल में माध्यम से मीठी नदी गाद घोटाले का मुद्दा उपस्थित किया था। सामंत ने कहा कि भ्रष्टाचार की जांच के लिए, गठित एसआईटी ने साल 2012 से 2021 के बीच तीन लाख से अधिक तस्वीरों की जांच की है। इस मामले में कुछ आरोपी अभी गिरफ्तार हैं तो कुछ आरोपी अग्रिम जमानत के लिए अर्जी भी दायर की है। सामंत ने कहा कि अब तक जांच में पता चला है कि मीठी नदी की गाद को निकालने के लिए जो टेंडर जारी हुआ था,उसमें कईजगहों पर काम नहीं हुआ है कई जगहों पर गलत काम हुआ है और सरकार के पास इन ठेकेदारों की सूची भी है।

सफाई कर्मचारियों ने हड़ताल करने का निर्णय टाला

मनपा आयुक्त के साथ 23 जुलाई तक होगा अनुबंध

मुंबई। मनपा प्रशासन द्वारा सफाई का काम एक प्राइवेट ठेकेदार को दिए जाने का निर्णय लिया है। मनपा प्रशासन के इस निर्णय के खिलाफ सफाई कर्मियों ने हड़ताल पर जाने की चेतावनी दी थी। गुरुवार को सफाई कर्मचारियों के मोर्चे में गिरिश महाजन खुद आकर सफाई कर्मियों से मुलाकात की और उनके एक शिष्ट मंडल को मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के साथ बैठक कराई। बैठक में मुख्यमंत्री ने सफाई कर्मचारियों की मांग का मनपा आयुक्त के साथ बैठक कर उनके मांग का अनुबंध किया जाएगा कर्मचारियों के किसी भी कर्मचारी पद की कटौती नहीं करने का आश्वासन दिया। सफाई कर्मचारियों ने मनपा के निविदा प्रक्रिया पर किसी तरह की रोक न लगाने का निर्णय लेते हुए 23 जुलाई तक किसी तरह की हड़ताल पर नहीं जाने का निर्णय लिया है। बता दें कि सफाई कर्मचारियों ने मनपा द्वारा सफाई कार्य निजी कंपनी को देने का लिए गए निर्णय का विरोध किया है। सफाई कर्मचारियों का कहना है कि मनपा सफाई कार्य ठेके पर दिए तो कर्मचारियों की नौकरी खत्म हो जाएगी। सफाई कर्मचारियों ने दो दिन पूर्व कर्मचारियों का मतदान लेकर हड़ताल करने का निर्णय लिया था,जिसमें 97 प्रतिशत कर्मचारियों ने मनपा के खिलाफ हड़ताल पर जाने की अनुमति दी थी। गुरुवार को सफाई कर्मचारी आजाद मैदान पर आंदोलन किया।

नाना पटोले ने विधानसभा में दिखाई पेन ड्राइव

महाराष्ट्र के मंत्री, अधिकारी हनी ट्रैप में फंसे

मुंबई। गुरुवार को विधानसभा में पैन ड्राइव दिखाते हुए कांग्रेस के वरिष्ठ सदस्य नाना पटोले ने कहा कि महाराष्ट्र के मंत्री और बड़े अधिकारी हनी ट्रैप में फंसे हुए हैं। बुधवार को भी उन्होंने यह मुद्दा उठाते हुए सरकार की तरफ से निवेदन पेश करने की मांग की थी। पटोले ने पेन ड्राइव दिखाते हुए कहा कि ठाणे, नाशिक और मुंबई हनी ट्रैप का केंद्र बन गए हैं। मेरे पास पेन ड्राइव है, यदि सरकार चाहती है तो हम इसे दिखा सकते हैं। उन्होंने कहा कि हनी ट्रैप के माध्यम से राज्य के महत्वपूर्ण कागजात एंटी सोशल मूवमेंट के हाथ लग गए हैं। हम किसी का चरित्र हनन नहीं करना है, लेकिन

सरकार इस मामले पर गंभीर नहीं है। सरकार निवेदन देने को तैयार नहीं है। ऐसे में अध्यक्ष को निर्देश देने चाहिए। पटोले ने कहा कि राज्य के 72 से अधिक अधिकारी और मंत्री हनी ट्रैप के जाल में फंसे हुए हैं। हनी ट्रैप के जरिए, गोपनीय जानकारी एकत्रित की जाती है। साथ ही कई अधिकारियों को ब्लैकमेल किया गया। इस पर सरकार कुछ भी बोलने को तैयार नहीं है। बाद में विधान भवन परिसर में बातचीत करते हुए नाना पटोले ने कहा कि इस मामले में सरकार की तरफ से शुक्रवार को निवेदन पेश करने की संभावना है।

ऑनलाइन रमी से बच्चे कर रहे सुसाइड

नाना पटोले ने विधानसभा में ऑनलाइन रमी का मुद्दा उठाते हुए कहा कि इस वजह से दो बच्चों ने खुदकुशी कर ली है। यह महत्वपूर्ण विषय है। मोबाइल के जरिए ऑनलाइन रमी खेलकर युवा बर्बाद हो रहे हैं। शासन को इस पर तत्काल कार्रवाई करनी चाहिए।

शहर के विकास के लिए मुख्यमंत्री की सौगात

भायंदर। मीरा - भायंदर शहर की कई समस्याओं को लेकर विधायक नरेंद्र मेहता ने मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस को ज्ञापन दिया था। इसी ज्ञापन के अनुसरण में मुख्यमंत्री ने अपने कार्यालय में सभी संबंधित विभागों के प्रधान सचिवों की बैठक आयोजित की थी। इस बैठक की जानकारी विधायक नरेंद्र मेहता ने प्रेसवार्ता के जरिए दी। नरेंद्र मेहता ने बताया की शहर की धोखादायक इमारतों के स्वतंत्र रूप से पुनर्निर्माण के लिए UDCPR कानून के तहत स्वतंत्र रूप से पुनर्निर्माण की मंजूरी के लिए नगर विकास सचिव एवं मनपा आयुक्त को निदेश दिया गया। शहर के मुख्य सड़कों को कंक्रीटीकरण करने के आदेश दिए गए हैं,जिसमें काशिमीरा रोड़ से भायंदर फाटक, भायंदर (पश्चिम) स्थित नेताजी सुभाष चन्द्र बोस मैदान से उत्तन एवं जैसल पार्क से घोडबंदर रोड़ तक का समावेश हैं । इसके अलावा मीरारोड पूर्व - पश्चिम फ्लाईओवर के लिए सभी विभागों की अनुमति लेकर काम शुरू करने के निर्देश दिया गया । शहर में नए उप - निबंधक कार्यालय शुरू करने के लिए आवश्यक कर्मचारी उपलब्ध कराकर प्रस्ताव को मंत्रिमंडल बैठक में मंजूरी के लिए प्रस्तुत करने के निर्देश दिया गया । शहर की सोसायटियों के कन्वेनस एवं डीम्ड कन्वेनस के लिए जिला उप - निबंधक को सप्ताह में एक दिन उपस्थित रहने का विशेष आदेश दिया गया है । इसके अलावा सूर्या परियोजना के तहत इसी साल नवंबर तक शहर को पानी देना , एमआईडीसी एवं स्टेम द्वारा स्वीकृत कोटे के अनुसार मनपा को जल आपूर्ति के निर्देश अधिकारियों को दिया गया। इस बैठक में भायंदर (पश्चिम) रेलवे स्टेशन के पास एसटी डिपो की जगह पर एसटी के अलावा अन्य मनपा की बसों के लिए डिपो का विकास करने के भी निर्देश दिये गए । इसके अलावा मेट्रो के काम , पेट्रोल पंप से भायंदर फाटक ब्रिज, पुरानी इमारतों के पुनर्निर्माण में यूएलसी बाधाओं को दूर करने के निर्देश भी इस बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिया गया।

कांग्रेस ने मनपा पर लगाया घोटाले का एक और आरोप

वर्ली के एमटीएल प्रोजेक्ट रद्द करने की उठाई मांग

मुंबई। कांग्रेस मुंबई अध्यक्ष एवं सांसद वर्षा गायकवाड़ मुंबई मनपा पर और एक घोटाले का आरोप लगाया है। वर्ली अस्फाल्ट प्लांट प्रोजेक्ट का निर्माण में दिए गए ठेके बड़ा भ्रष्टाचार हुए उसे रद्द करने की मांग की है। कांग्रेस अध्यक्ष वर्षा गायकवाड़ ने आरोप लगाया कि देवनार प्रोजेक्ट में हुए घोटाले को पिछले सप्ताह ही उजागर किया। देवनार का घोटाला का एक झलक है,जबकि वर्ली एमटीएल प्रोजेक्ट घोटाला पूरी पिक्चर है। उन्होंने आरोप लगाया कि देवनार और वर्ली का प्रोजेक्ट एक ही कंपनी ट्रांसकान डेवलपर प्राइवेट लिमिटेड और एस्सा इंफ्रा को दिया गया है। गायकवाड़ ने आरोप लगाया की देवनार का प्रोजेक्ट देते समय निविदा प्रक्रिया का न्यायम नाहू उपयोग किया गया जिससे मनपा के अनुमानित अंदाज से 4 प्रतिशत अधिक दर पर ठेकेदार ने प्रोजेक्ट लिया,जबकि वर्ली के प्रोजेक्ट में निविदा प्रक्रिया अपनाई गई जिससे मनपा के निश्चित दर से 30 प्रतिशत कम दर पर ठेका दिया गया। देवनार पीएपी प्रोजेक्ट में 1251 करोड़ का घोटाला होने का आरोप लगाया।

भिवंडी में "जल माफिया" का भंडाफोड़

सरकारी पानी का निजी धंधा, मनपा का लाखों का चूना

भिवंडी। भिवंडी-निजामपुर शहर महानगरपालिका की जल आपूर्ति विभाग ने पानी चोरी के एक बड़े रैकेट का पर्दाफाश करते हुए चौंकाने वाला खुलासा किया है। पिछले चार वर्षों से मनपा की मुख्य जल पाइपलाइन से पानी चुराकर उसे ग्राम पंचायत खोणी व मीट पाडा क्षेत्र में खुलेआम बेचा जा रहा था। इस अवैध कारोबार से मनपा को करीब 1 लाख 92 हजार रुपये का नुकसान हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पाणी पुरवठा विभाग द्वारा कासर अली, कोंबडपाडा भंडारी गोडाउन के पास क्षेत्र में निरीक्षण के दौरान पाया गया कि संगमपाडा जलकुंभ को जोड़ने

वाली मुख्य जलवाहिनी में बिना किसी अनुमति के छेद कर दो अवैध नल कनेक्शन लिए गए थे। जांच में सामने आया कि यह कनेक्शन नदी और नाले के जरिये नेहा पार्क, मीट पाडा व खोणी क्षेत्र की चाली में दिए जा रहे थे। पाइपलाइन से छेड़छाड़ कर यह अवैध कनेक्शन लेने का आरोप रवी गायकर सिंह पर लगा है। उन्होंने मनपा की अनुमति के बिना 1 इंच व्यास के दो घरेलू कनेक्शन लेकर चार सालों से पानी की चोरी और बिक्री की। प्रत्येक कनेक्शन से प्रतिवर्ष 12,000 रुपये के हिसाब से कुल 96,000 रुपये की जल चोरी और पाइपलाइन के नुकसान का आंकलन भी 96,000 रुपये किया गया है। कुल मिलाकर मनपा को 1,92,000 रुपये की क्षति हुई है। भिवंडी पालिका प्रशासक व आयुक्त अनमोल सागर के आदेशानुसार कार्यकारी अभियंता संदीप पटणावर के मार्गदर्शन में, उप अभियंता सरफराज अंसारी के निरीक्षण और पथक प्रमुख विराज भोईर की अगुवाई में की गई।

आर्थिक तंगी से परेशान ओला चालक ने की खुदकुशी

नालासोपारा। ओला और उबर जैसे एग्रीगेटर्स से जुड़े चालकों की बदहाल स्थिति एक बार फिर सामने आई है। नालासोपारा में आर्थिक तंगी से परेशान एक ओला चालक ने अपने घर में जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। इस घटना ने एक बार फिर इन कंपनियों द्वारा चालकों के कथित शोषण और कम किराये दरों के मुद्दे को गरमा दिया है। मृतक की पहचान नालासोपारा के विलालपाड़ा निवासी 48 वर्षीय सनोज सक्सेना के रूप में हुई है। सनोज अपनी पत्नी ललिता सक्सेना, दो बेटियों और एक बेटे के साथ रहते थे और ओला-उबर से जुड़कर अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहे थे। पेल्हार पुलिस स्टेशन क्षेत्र में हुई इस घटना की जानकारी उनके साथी चालक रोहित शुक्ला ने दी, जिन्होंने बताया कि सनोज लंबे समय से मानसिक तनाव में थे और अक्सर अपने खर्च पूरे न होने की बात करते थे। चालकों का आरोप है कि वे रोजाना 12-14 घंटे कड़ी मेहनत करते हैं, इसके बावजूद परिवार का पेट भरना मुश्किल हो गया है। उनका कहना है कि ओला और उबर ग्राहकों से प्रति किलोमीटर 10 से 12 रुपए तक चार्ज करती है,लेकिन चालकों को सिर्फ 4 से 5 रुपये प्रति किलोमीटर का भुगतान किया जाता है। यह किराया इतना कम है कि अब यह काम घाटे का सौदा बन गया है। चालक लंबे समय से अपनी मांग कर रहे हैं कि उन्हें प्रति किलोमीटर 22 से 25 रुपए का किराया दिया जाए।

स्वच्छता सर्वेक्षण में मुंबई 33वें स्थान पर

पिछले वर्ष की तुलना में थोड़ा हुआ सुधार, हजारों करोड़ खर्च कर भी मुंबई जैसे के तैसे

मुंबई। स्वच्छ भारत मिशन-शहरी के अंतर्गत आयोजित स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में मुंबई की राष्ट्रीय रैंकिंग में सुधार हुआ है। इस बार मुंबई को देशभर में 33वां स्थान प्राप्त हुआ है। यह रैंकिंग नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की उपस्थिति में घोषित की गई। पिछले वर्ष मुंबई की रैंकिंग 37 थी। यह रैंकिंग शहरों की जनसंख्या के आधार पर दी जाती है। स्वच्छ सर्वेक्षण के वार्षिक पुरस्कारों की शुरुआत 2016 में की गई थी। उल्लेखनीय है कि मुंबई जिसे अंतर्राष्ट्रीय शहर का दर्जा दिया जाता है। इस मुंबई को स्वच्छता में शीर्ष 10 स्थान पाने के लिए लंबा रास्ता तय करना होगा। खास बात यह है कि 'कचरा मुक्त शहर' की श्रेणी में मुंबई को इस बार शून्य अंक मिले हैं

जो चिंताजनक है। देश की सबसे संपन्न महानगरपालिका मानी जाने वाली मुंबई को अभी तक स्वच्छता रैंकिंग में कभी भी पहले दस शहरों में स्थान नहीं मिल पाया है।, बीते कुछ वर्षों में इसमें थोड़ी-बहुत प्रगति देखी गई है। यह रैंक नागरिकों के फीडबैक और प्रत्यक्ष निरीक्षण पर आधारित होती है।

मुंबई की स्वच्छ सर्वेक्षण में पिछली रैंकिंग इस प्रकार रही है:

वर्ष 2024-25	33वां स्थान
वर्ष 2023-24	37वां स्थान
वर्ष 2022-23	31वां स्थान
वर्ष 2021-22	29वां स्थान

मुंबई की अंतर्राष्ट्रीय शहर के रूप में पहचान

अंतरराष्ट्रीय शहर के रूप में पहचान रखने वाली मुंबई को इस बार भी स्वच्छता के मापदंडों में अपेक्षित अंक नहीं मिले हैं। घर-घर कचरा संग्रहण और कचरे के पृथक्करण में भी अंक कम मिले हैं। मुंबई का अधिकांश कचरा देवनार और कांजूरमार्ग की कचरा भूमियों पर डाला जाता है। पुराने कचरे के निपटान में असफलता, डंपिंग ग्राउंड को बंद करने में देरी, और कचरे की वैज्ञानिक पद्धति से प्रक्रिया न करना — इन सबके कारण मुंबई की रैंकिंग गिरी है।कचरा शुल्क वसूलने में असफलता, दूषित पानी का समुद्र में सीधे प्रवाह जैसी खामियों ने भी अंक घटाए हैं। **मनपा कचरा निपटान पर खर्च कर रही 6064 करोड़** : मनपा कचरे का निपटान करने पर 6064 करोड़ रुपए का बजट निर्धारित किया है, जो किसी छोटे शहर के संपूर्ण बजट के बराबर है। मुंबई महानगरपालिका रोजाना औसतन 6100 मीट्रिक टन कचरे का निपटान करती है। मुंबई का कुल क्षेत्रफल लगभग 475 वर्ग किलोमीटर है और यहां डेढ़ करोड़ से अधिक की आबादी निवास करती है। इसके अलावा लाखों लोग रोज़गार और व्यापार के लिए आसपास के शहरों से मुंबई में आते-जाते हैं, जिससे कचरा प्रबंधन एक बड़ी चुनौती बनती है।

ठाणे मनपा के 155 सफाई कर्मचारी अब स्थायी सेवा में शामिल

ठाणे। ठाणे महानगरपालिका में वारस हक्क के आधार पर नियुक्त किए गए 155 सफाई कर्मचारियों को अब स्थायी सेवा में शामिल कर लिया गया है। इस संबंध में नियुक्ति आदेश जारी कर दिए गए हैं, जिससे मनपा कर्मचारियों में खुशी का माहौल है। लाड-पागे समिति की सिफारिशों के आधार पर सेवानिवृत्त या स्वेच्छानिवृत्त सफाई कर्मचारियों के वारसों को मनपा में नियुक्त किया जाता है। नियुक्ति के बाद तीन वर्ष की सेवा पूर्ण करने पर उन्हें स्थायी किया जाता है। इसी के तहत आयुक्त सौरभ राव के निर्देशानुसार आस्थापना विभाग ने विशेष मोहिम चलाई। आवश्यक दस्तावेजों की जांच के बाद 155 सफाई कर्मचारियों को चरणबद्ध तरीके से स्थायी सेवा में लिया गया। साथ ही, आयुक्त राव ने सभी कर्मचारियों को देय लाभ तत्काल देने के निर्देश भी दिए हैं। स्थायीत्व के इस निर्णय से सफाई कर्मचारियों में संतोष जताया है और पूरे विभाग में आनंद का वातावरण बना हुआ है।

GOVERNMENT OF CHHATTISGARH, WATER RESOURCES DEPARTMENT
OFFICE OF THE CHIEF ENGINEER
MAHANADI PROJECT, RAIPUR
(CHHATTISGARH)

e-PROCUREMENT TENDER NOTICE
eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in
(First Call)

System Tender No. 172095/NIT No.: 08/SAC/25-26 **Dated: 16.07.2025**
Online Tenders are invited for the following work up to 06.08.2025 at 17.30 Hours.
Name of work Construction of Puspal Stopdam in Block Kondagaon, District Kondagaon (Installation of Solar Pump and Pipeline System).
Probable Amount of Contract: **Rs. 290.26 Lakhs**
(As per S.O.R dated 01.08.2010 and amended upto dated 22.08.2022).

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh Integrated **e-Procurement Portal (https://eproc.cgstate.gov.in) from Date 23.07.2025, at 17.31 Hours. (IST) onwards.**

NOTE:- All eligible/intrested contractors/bidders are mandated to get enrolled on the Integrated e-procurement portal (**https://eproc.cgstate.gov.in**) and get approval on specific vendor class from PWD under Centralized Contractor/ Supplier Registration in order to download the tender documents and participate in the subsequent bidding process.

Sd/-
Executive Engineer
Water Resources Division, Kondagaon
For, Chief Engineer, Mahanadi Project
Raipur (C.G.)

G-252602264/5

पनवेल नगर निगम ने 'अभय योजना' लागू की

पनवेल। पिछले कुछ वर्षों से पनवेल नगर निगम क्षेत्र में संपत्ति कर के जुर्माने में छूट की भारी मांग उठ रही थी। इसी के तहत, नगर निगम ने 18 जुलाई से 20 सितंबर तक विभिन्न चरणों में संपत्ति कर के जुर्माने में छूट के लिए 'अभय योजना' लागू की है। पनवेल नगर निगम आयुक्त एवं प्रशासक मंगेश चितले ने सभी संबंधित नागरिकों से इसका लाभ उठाने और अपना संपत्ति कर पूरा भुगतान करने की अपील की है। वे नगर निगम में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। इस अवसर पर परिवहन

प्रबंधक कैलाश गावडे और कर विभाग के उपायुक्त स्वरूप खड़गे भी उपस्थित थे। इस संबंध में आयुक्त कहा ने कहा की सांसद, विधानसभा सदस्य, विभिन्न जनप्रतिनिधि, पूर्व नगरसेवक, विभिन्न संगठनों, विभिन्न समाजों के प्रतिनिधि, मीडिया प्रतिनिधि और नागरिकों द्वारा जुर्माने में छूट की लगातार मांग की जा रही थी। साथ ही, जुर्माने से छूट वाली यह अभय योजना नगर निगम अधिनियम में दंड के संबंध में आयुक्तों के विवेकाधीन निर्णय के अनुसार लागू की गई है।

अभय योजना में दंड से छूट

अभय योजना में बकाया संपत्ति कर पर दंड से छूट के संबंध में चार महत्वपूर्ण चरण हैं। श्रृंखला: यदि 18 जुलाई से 15 अगस्त के बीच संपूर्ण संपत्ति कर का एकमुश्त भुगतान किया जाता है, तो दंड से 90 प्रतिशत छूट मिलेगी। साथ ही, यदि 16 अगस्त से 31 अगस्त के बीच संपूर्ण संपत्ति कर का एकमुश्त भुगतान किया जाता है, तो दंड से 75 प्रतिशत छूट मिलेगी। साथ ही, यदि 1 सितंबर से 10 सितंबर के बीच संपूर्ण संपत्ति कर का एकमुश्त भुगतान किया जाता है, तो दंड से 50 प्रतिशत छूट मिलेगी। और 11 सितंबर से 20 सितंबर के बीच संपूर्ण संपत्ति कर का एकमुश्त भुगतान करने पर दंड में 25 प्रतिशत की छूट मिलेगी। इस अभय योजना की घोषणा केवल एकमुश्त विशेष और अंतिम उपाय के रूप में की गई है।

ऑनलाइन भुगतान पर 2 प्रतिशत की छूट : अगर नागरिक पनवेल नगर निगम की वेबसाइट, पीएमसी टैक्स ऐप या पनवेल कनेक्ट ऐप के जरिए अपना संपत्ति कर ऑनलाइन जमा करते हैं, तो उन्हें 2 प्रतिशत की छूट मिलेगी। अगर वे चालू वर्ष यानी 2025-26 का कर 31 जुलाई तक जमा कर देते हैं, तो उन्हें इस कर पर 5 प्रतिशत की छूट मिलेगी। संपत्ति कर उपायुक्त स्वरूप खड़गे ने नागरिकों से अपील की है कि वे जल्द से जल्द अपना कर जमा करें और इसका लाभ उठाएं।

पनवेल महानगरपालिका

मालमत्ता कर विभाग

पनवेल महानगरपालिका
स्थापना - २०१६

अभय योजना

केवळ एक वेळची विशेष व अंतिम बाब, करदात्यांसाठी सुवर्णसंधी !!!

अभय योजने अंतर्गत

मालमत्ता कर एकरकमी भरा व शास्तीवर सवलत घ्या !

१८ जुलै ते १५ ऑगस्ट २०२५ पर्यंत
९०% शास्ती मध्ये सवलत.

१६ ते ३१ ऑगस्ट २०२५ पर्यंत
७५% शास्ती मध्ये सवलत.

१ ते १० सप्टेंबर २०२५ पर्यंत
५०% शास्ती मध्ये सवलत.

११ ते २० सप्टेंबर २०२५ पर्यंत
२५% शास्ती मध्ये सवलत.

चालू वर्ष २०२५-२६ करिता ३१ जुलै २०२५ पर्यंत कराचा संपूर्ण भरणा करा, ५% सूट हमखास मिळवा.

E-Bill स्वीकारा, डिजिटल भरणा करा वेळ वाचवा, २% सूट घेऊन बचत वाढवा!

ऊर्जा बचत करा सौर शक्तीने, आणि करामध्ये घ्या २% सूट!

जल पुनःभरणाचा अवलंब करा, २% सूट सहज मिळवा!

घनकचरा शास्त्रोक्त पद्धतीने हाताळा, सवलतीचं दार उघडा आणि करात २% सूट मिळवा!

कचऱ्याची शिस्तबद्ध विल्हेवाट करा, मिळवा २% करामध्ये सवलत हमखास!

डिजिटल युगात स्मार्ट निर्णय
पारंपरिक रांगा सोडा,
PMC Tax App &
Panvel Connect App
वरून घरबसल्या कर भरा!

वेळ वाचवा, panvelmc.org वरून कर ऑनलाईन भरा आणि मालमत्ता करामध्ये सवलती मिळावा.

मंगेश चितळे
आयुक्त तथा प्रशासक,
पनवेल महानगरपालिका
स्वामी नित्यानंद रोड, गोखले हॉल जवळ पनवेल - 410206

धर्म परिवर्तन का जाल

उत्तर प्रदेश के आतंकवाद रोधी दस्ते (एटीएस) ने कुछ समय पूर्व बलरामपुर में जलालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा द्वारा चलाए जा रहे 100 करोड़ रुपये के इस्लामिक धर्मांतरण रैकेट का पर्दाफाश किया था और उसकी आगे की जाँच में देश में उसके कई गुर्गे धरे जा रहे हैं। गैर-मुस्लिमों, विशेष रूप से हिंदू लड़कियों को रोमांटिक रिश्तों, बल या प्रलोभन के माध्यम से धर्मांतरण के लिए लुभाने वाला जिहादी रैकेट का यह पहला ऐसा मामला नहीं है। बल्कि, ऐसे और भी खिलाड़ी हैं जो प्रेम जाल, यौन जबरदस्ती, ब्लैकमेल, और विदेशी फंडिंग की एक भयावह प्लेबुक को अंजाम दे रहे हैं, हिंदुओं को निशाना बना रहा है और इस्लाम में परिवर्तित कर रहा है। यहां तक कि इस्लामो-वामपंथी पारिस्थितिकी तंत्र इस कथा को स्थापित करने पर तुला हुआ है कि लव जिहाद एक भाजपा-नियोजित षड्यंत्र सिद्धांत है, धोखा और 'इस्लामोफोबिया' का एक और रूप है, विभिन्न इस्लामी संगठनों द्वारा प्रेम, हेरफेर, जबरदस्ती और वित्तीय प्रोत्साहनों के माध्यम से धर्मांतरण के लिए हिंदू महिलाओं को लक्षित करने का एक व्यवस्थित ऑपरेशन किया जा रहा है। जहां एक मुस्लिम युवक को युवा लड़कियों को परेशान करने के लिए, हिंदू मंदिर के अंदर थप्पड़ मारा जाना बड़े भारतीय और विदेशी अखबारों में सुर्खियां बटोरता है, वहीं हिंदू नाबालिग लड़कियों को निशाना बनाने वाले जिहाद और इस्लामिक धर्मांतरण रैकेट के मामले में खबर के लायक नहीं हैं। हालांकि, इस्लामी प्रभुत्व का दावा करने के अलावा जनसांख्यिकीय परिवर्तन लाने के आवर्ती पैटर्न और इस्लामवादी चाल को उजागर करने के लिए इस जिहादी विरोधी हिंदू साजिश के गंदे पानी में तल्लीन करना उचित है। बताया जाता है कि जलालुद्दीन उर्फ़ छांगुर बाबा हिंदू महिलाओं को लुभाने और उन्हें इस्लाम में परिवर्तित करने के लिए मुस्लिम पुरुषों को पैसे प्रदान करता था। मुस्लिम पुरुष अपनी पहचान नकली बनाते थे और हिंदू महिलाओं को निशाना बनाने के लिए हिंदू नामों का सहारा लेते थे। जलालुद्दीन इन मुस्लिम पुरुषों की हिंदू महिलाओं के साथ मुस्लिम विवाह (निकाह) करता था, जिन्हें वे बहला-फुसलाकर धर्म परिवर्तन के लिए मजबूर करते थे। उसने और उसके गिरोह के कई सदस्यों ने कथित तौर पर लगभग 40 बार इस्लामी देशों की यात्रा की। जलालुद्दीन के गैंग के रडार पर हिंदू लड़कियां ही नहीं, हिंदू पुरुष भी रहे हैं। संचित नाम का एक हिंदू व्यक्ति, जो छांगुर बाबा के आवास पर स्वीपर के रूप में काम करता था, ने खुलासा किया कि जलालुद्दीन ने उसे और उसके परिवार को इस्लाम में परिवर्तित होने से इनकार करने के लिए प्रताड़ित किया। धमकियों और यातना के अलावा, जमालुद्दीन ने इस्लाम में धर्मांतरण के लिए अपने लक्ष्यों को वित्तीय प्रलोभन भी दिए। छांगुर बाबा से जुड़े एक अन्य मामले में, हरियाणा के फरीदाबाद में एक 15 वर्षीय हिंदू लड़की को उसके मुस्लिम पड़ोसियों आमिर हुसैन और उसकी बहन नेहा खान और बाद में छांगुर पीर के गिरोह के नियंत्रण वाले अन्य लोगों द्वारा बहला-फुसलाकर फंसाया गया और उसका यौन शोषण किया गया। उसकी हिंदू पहचान को व्यवस्थित रूप से मिटा दिया गया था, उसे नमाज अदा करने, मांस खाने, बुर्का पहनने के लिए मजबूर किया गया था, और उसके दुर्व्यवहार को उसके कैदियों द्वारा ब्लैकमेल के रूप में इस्तेमाल करने के लिए फिल्माया गया था। लखनऊ में, मानवी शर्मा नाम की एक हिंदू महिला को एक मुस्लिम व्यक्ति, मेराज अंसारी ने बहला-फुसलाकर 'रुद्र शर्मा' के रूप में पेश किया। उसे कानपुर ले जाया गया, जबरन इस्लाम में परिवर्तित किया गया और जमालुद्दीन उर्फ छांगुर पीर की देखरेख में शादी कर दी गई। बाद में, उसे अश्लील वीडियो के साथ प्रताड़ित किया गया और ब्लैकमेल किया गया।बलरामपुर में, एक हिंदू व्यक्ति, हरजीत को छांगुर पीर और उसके सहयोगी अब्दुल मबदूद द्वारा परेशान किया गया, ब्लैकमेल किया गया और अंततः इस्लाम में परिवर्तित होने के लिए मजबूर किया गया। नौकरी का लालच देकर फिर झूठे केस करने की धमकी देकर बाद में हिंदू धर्म में लौट आए। 2021 में वापस, उत्तर प्रदेश आतंकवाद रोधी दस्ते (एटीएस) ने एक सामूहिक धर्मांतरण रैकेट का पर्दाफाश किया और मौलाना मोहम्मद उमर गौतम और उसके साथी मुफ्ती काजी जहांगीर को दिल्ली से गिरफ्तार किया, कथित तौर पर 1,000 से अधिक लोगों को इस्लाम अपनाने के लिए मजबूर किया। इस्लामिक दावा सेंटर (आईडीसी) नाम का संगठन चलाने वाले दोनों और उनके अन्य सहयोगियों पर शादी, नौकरी और पैसे और मानसिक दबाव जैसे प्रलोभनों के माध्यम से लोगों को इस्लाम में सामूहिक धर्मांतरण का आरोप लगाया गया था। अपराधियों ने अलग-अलग विकलांग बच्चों को गैर-मुसलमानों से नफरत करने, इस्लाम स्वीकार करने के लिए ब्रेनवॉश किया और उन्हें आत्मघाती हमलावरों के रूप में इस्तेमाल करने की योजना बना रहे थे, क्योंकि ऐसे बच्चों से प्रतिशोध की गुंजाइश सीमित है। एटीएस ने 31 गैर-मुस्लिम लड़कियों के नाम के साथ एक सूची बरामद की, जो उनके धर्मांतरण के जाल में फंस गईं, और इनमें से ज्यादातर लड़कियां ग्रामीण इलाकों की थीं। पूछताछ में आरोपियों ने कथित तौर पर एटीएस अधिकारियों को बताया कि गांवों में रहने वाली लड़कियों का ब्रेनवॉश करके इस्लाम कबूल करना आसान है। वे ज्यादातर अशिक्षित हैं और कम विशेषाधिकार प्राप्त परिवारों से संबंधित हैं। इसलिए उन्हें नौकरियों और वित्तीय सहायता का लालच देना आसान हो जाता है, जो कि उमर गौतम ने इस्लाम को गले लगाने के लिए अपने लक्ष्य को लुभाने के लिए किया था। यह बताया गया था कि मुफ्ती काजी जहांगीर कासमी और मोहम्मद उमर गौतम द्वारा चलाए जा रहे धर्मांतरण रैकेट में भारत के सबसे वांछित आतंकवादी और जमात-उद-दावा प्रमुख हाफिज सईद से फंडिंग थी। धर्मांतरण का यह रैकेट 'मोटिवेशन कैंप' के तौर पर चलाया जा रहा था। इसके अलावा, इस्लामिक दावा सेंटर- उमर गौतम के संगठन के कुख्यात इस्लामी उपदेशक जाकिर नाइक के सहयोगी के साथ संबंधों का भी पता चला है।

कटाक्ष | सुरेश मिश्र

सावन बरसे झूमकर, हरसे कण-कण आज
मन मयूर दोउ नाचते, गरुण भरें परवाज
गरुण भरे परवाज, भरे नदियां, थल, नाले
वन-उपवन सब मस्त, त्रस्त हैं सब विषवाले
कह सुरेश कविराय विरहिणी घर में तरसे
हरषे सभी किसान, नैन घन सावन बरसे

भारत की प्रगति पर अमेरिकी खीझ के वैश्विक मायने

भारत के विश्वव्यापी कूटनीतिक प्रभावों से अमेरिका-यूरोप व अमेरिका-अरब देशों में जो रणनीतिक व कारोबारी खटास की नींव पड़ी है, अरब देशों में अमेरिकी चौधराहट को जो तगड़ा धक्का लगा है, उससे अमेरिका बौखलाया हुआ है। भारत की सूझबूझ और सैन्य रणनीतियों से जहां भारत-रूस के संबंधों को मजबूती मिली, वहीं अमेरिका और उसके कारोबारी पार्टनर चीन की आर्थिक गतिविधियों और सैन्य रणनीतियों को करारा जवाब मिला। इससे भी अमेरिका खीझा है।

आपने 'रस्सी जल गई, ऐंठन नहीं टूटी' वाली कहावत सुनी होगी। यही हालात आज दुनिया के थानेदार अमेरिका की है। एक ओर रूस के दृढ़ निश्चय से यूक्रेन में नाटो देश यानी अमेरिका-यूरोप की खुराफात बुरी तरह से पिट चुकी है। वहीं, दूसरी ओर पाकिस्तान पर भारत के दमदार पलटवार और इजरायल पर ईरान के अप्रत्याशित पलटवार से अमेरिकी वैश्विक बादशाहत को करारा तमाचा लगा है। इन घटनाओं से साफ है कि अमेरिकी और यूरोपीय पश्चिमी देश अब अपराजेय नहीं रहे, बल्कि उनकी फूट डालो और शासन करो की नीति को एशियाई और अफ्रीकी देश भांप चुके हैं। इधर पूर्वी देशों में चीनी जिद्द से रूस (सोवियत संघ के जनक) और भारत की अमेरिका विरोधी नीति सफल नहीं हो पा रही है क्योंकि भारत विरोधी पाकिस्तान से अमेरिका के अलावा अब चीन भी प्रेम करने लगा है। इससे उत्तर कोरिया भी भारत के साथ खुलकर मैदान में नहीं आ पा रहा है जबकि वह चीन और रूस का मित्र है। दो टूक शब्दों में कहा जाए तो रूस अब अमेरिकी और यूरोपीय देशों को करारा जवाब दे सकता है, भारत से दिलवा सकता है, लेकिन चीन के पाकिस्तान प्रेम और भारत से रणनीतिक शत्रुतापूर्ण प्रतिस्पर्धा से एशियाई देशों में अभी भी अमेरिकी-यूरोपीय दाल गल रही है। ऐसा इसलिए कि वैश्विक कूटनीति में सभी देश अपना-अपना हित देख रहे हैं। इधर भारत के विश्वव्यापी कूटनीतिक प्रभावों से अमेरिका-यूरोप व अमेरिका-अरब देशों में जो रणनीतिक व कारोबारी खटास की नींव पड़ी है, अरब देशों में अमेरिकी चौधराहट को जो तगड़ा धक्का लगा है, उससे अमेरिका बौखलाया हुआ है। कहाँ यह भारत को अपने पाले में करके पहले चीन को सबक सिखाता और फिर पाकिस्तान के कंधे पर बंदूक रखकर भारत को कमजोर करता लेकिन भारत के चतुर मोदी प्रशासन ने रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद रूस से पुरानी दोस्ती का हवाला देते हुए जो वफादारी दिखाई, उससे अमेरिकी शतरंज की चाल बिखर गई और उसके हथियार निर्माता कम्पनियों के तमाम अरमानों पर पानी फिर गया। ऐसा इसलिए कि भारत के प्रशासन ने सूझबूझ के साथ कदम बढ़ाते हुए अमेरिकी, रूसी, चीनी, यूरोपीय, अरब, अफ्रीकी, ऑस्ट्रेलियाई और दक्षिण अमेरिकी और दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों के साथ जो व्यवहारिक और गिव एंड टेक भरे कदम उठाए, उससे जहां एक ओर रूस-भारत के सम्बन्धों को मजबूती मिली, वहीं अमेरिका और उसके कारोबारी पार्टनर चीन (अब प्रतिस्पर्धी देश) की आर्थिक गतिविधियों और सैन्य रणनीतियों को करारा जवाब मिला। इसी के बदौलत जहां अफगानिस्तान से भारत के रिश्ते पटरी पर लौटे, वहीं इजरायल से मित्रता के बावजूद ईरान से सम्बन्ध खराब नहीं हुए। इन्हीं सब बातों को लेकर अमेरिका बौखलाया हुआ है। दरअसल, अमेरिका को गलतफहमी है कि अमेरिका-यूरोप का सहयोग लेकर भारत भी चीन की तरह आशातीत प्रगति कर चुका है और जब तक ये दोनों देश रूस के साथ मित्रता रखेंगे, तब तक नाटो देशों की वैश्विक बादशाहत को रूस, भारत, ईरान जैसे देशों से चुनौती मिलती रहेगी। यही वजह है कि रूस के साथ व्यापार को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप की हालिया चेतावनी भारत-अमेरिका के बीच ट्रेड डील पर चल रही बातचीत में अड़चन पैदा कर सकती है। ऐसा इसलिए कि यूक्रेन युद्ध रुकवाने में नाकाम रहे डॉनल्ड ट्रंप अब दूसरे जरियों से मॉस्को पर दबाव बनाना चाहते हैं। हालांकि इसमें सफलता की गारंटी लेशमात्र भी नहीं है और इससे दुनिया में नया तनाव पैदा हो सकता है। 50 दिनों की मोहलत दी है और यही डेडलाइन उन्होंने उन देशों के लिए रखी है, जो रूस से तेल समेत दूसरे सामान खरीदते हैं। यानी भारत और चीन, जिनके मतलबी सम्बन्ध रूस और अमेरिका दोनों से हैं। यही वजह है कि अमेरिका की नई धमकी है कि इसके बाद इन देशों पर शत (100) प्रतिशत टैरिफ लगाया जाएगा। उधर, यही बात नैटो महासचिव मार्क रूट भी दोहरा रहे हैं। उन्होंने तो सीधे-सीधे भारत, चीन और ब्राजील का नाम लिया कि इन देशों को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से शांति के लिए बात करनी चाहिए क्योंकि ये देश ही रूस से तेल खरीदते हैं। बताया जाता है कि कुछ वक्त पहले तक ट्रंप इस बात पर डटे थे कि किसी भी सूरत में यूक्रेन युद्ध रुकना चाहिए लेकिन जब उनका दबाव रूस पर कारगर नहीं हुआ, तो उन्होंने अपनी चुगलखोर रणनीति बदल दी। अब वह यूक्रेन को हथियार सप्लाई करने के लिए तैयार हैं और पूछ भी रहे हैं कि क्या रूस पर हमला कर लोगे? ऐसा इसलिए कि अमेरिकी और दूसरे पश्चिमी देश चाहते हैं कि रूस को झुकाने में बाकी दुनिया भी उसका साथ दे- खासकर भारत और चीन। उल्लेखनीय है कि साल 2022 में, जब से रूस-यूक्रेन युद्ध शुरू हुआ है, तब से अमेरिका की यही कोशिश है। पहले भी उसने रूस से तेल खरीदने को लेकर भारत पर सवाल उठाए थे और यहां से उसे इसका माकूल जवाब भी मिला था कि दुनिया के हर हिस्से के अपने-अपने हित होते हैं और इस पर यदि अपनी अपनी न चलाई जाए, तो यही सबके हित में बेहतर है। अमेरिका-यूरोप जो काम खुद करते हैं, वही करने के लिए पूरब के देशों को रोकते हैं, ताकि उनकी वैश्विक बादशाहत को रूसी-चीनी-भारतीय चुनौती कभी नहीं मिले। इसके लिये पाकिस्तान, अरब देश और ताइवान, दक्षिण कोरिया, जापान आदि उनके मोहरे हैं। जहां तक तेल का व्यापार का सवाल है तो साल 2024-25 में भारत और रूस के बीच 68.7 अरब डॉलर का व्यापार हुआ था। इसमें सबसे ज्यादा फोकस में रहा तेल जबकि यूक्रेन युद्ध शुरू होने के पहले तक देश की ज्यादातर तेल जरूरत मिडल ईस्ट से पूरी होती थी और तब रूस से केवल एक फीसदी क्रूड ऑयल ही आता था। लेकिन आज यह हिस्सा एक तिहाई से ज्यादा है। मई 2025 में भारत ने रूस से हर दिन करीब 20 लाख बैरल तेल मंगाया था। इस व्यापार के पीछे साधारण-सा लॉजिक है, बचत। इसलिए भारत अमेरिका के समक्ष अपनी बात मजबूती से रखता है। कहना न होगा कि हर द्विपक्षीय वैश्विक रिश्ते को मुनाफे में तौलने वाले कारोबारी अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप भारत-रूस संबंधों को बहुत अच्छी तरह से जानते हैं। वाकई उनके दबाव बनाने के पीछे एक वजह ब्रिक्स (BRICS) नामक वैश्विक संगठन भी है, जिसकी सक्रियता उन्हें पसंद नहीं आ रही। क्योंकि इससे जी-7 देशों को चुनौती मिलती है। इसलिए भारत को इस मामले में अमेरिका के सामने अपना पक्ष मजबूती से रखना चाहिए, जिसे पिछली बाइडन सरकार ने समझा भी था।

-कमलेश पांडेय

भारत का आध्यात्मिक इतिहास प्रेरणास्त्रोत

कथावाचन कौन कर सकता है और कौन नहीं कह सकता है, आजकल इस संबंध में चारों ओर से बड़ा ज्ञान सुनने को मिल रहा है। इस संदर्भ में अमूमन दो वर्ग सामने आए हैं – एक वर्ग कहता है कि कोई भी कथा कह सकता है, और दूसरा वर्ग कहता है कि कथा कहने का अधिकार केवल और केवल ब्राह्मणों का है। पहला वर्ग थोड़ा उदार है, लिबरल है, और कथा कहने को सबकी आज़ादी मानता है। दूसरा वर्ग दकियानूसी, जातिवादी, परंपरावादी, लकीर का फ़कीर है, वह कथा वाचन को केवल ब्राह्मणों की जागीर समझता है। इन दोनों वर्गों में कोई मेल नहीं है।साथ ही एक तीसरी बात भी निरंतर सामने आ रही है जो 'मनुस्मृति' की गई बीती बातों को सही सिद्ध करने में लगी हुई है। आश्चर्य है कि ऐसी बातों का जिस त्वरा के साथ प्रतिकार होना चाहिए, नहीं किया जा रहा है। वे बातें ऐसी हैं जो, जिन परम्पराओं की संवैधानिक स्तर पर तिलांजलि दी जा चुकी है जिनके कारण समाज गर्त में चला गया था, उनके ही पुनर्स्थापना की बात करती है और संविधान से संचालित इस देश में जिसे खुले तौर पर निर्लज्जता के साथ बेरोक बेटोक प्रस्तुत भी किया जा रहा है। भारत ऋषियों का देश रहा है जिस पर प्रत्येक भारतीय को गर्व है। भारत का आध्यात्मिक इतिहास पूरी दुनिया के लिए प्रेरणा का स्रोत है। भारत की यही आध्यात्मिक दृष्टि ही उसे विश्व गुरु बनाती है – एक ऐसी भूमि जो सृष्टि के प्रत्येक जीव का कल्याण चाहती है। इतनी ही गौरवशाली इस देश की सांस्कृतिक विरासत भी है जो भिन्न-भिन्न तरह से प्रकट हुई है मगर इसी मिट्टी में ऐसे तत्त्व भी मौजूद हैं जो उस विरासत को न तो समझते हैं और न ही उनका अनुकरण करने की ज़रा भी मंशा रखते हैं। वर्तमान में जो कुछ भी भारतीय समाज में चारों ओर घटित हो रहा है, उसका अगर बारीकी से अध्ययन किया जाए तो यह कहने में कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी कि दिन-ब-दिन लोगों के बीच की खाइयाँ लगातार बढ़ती चली जा रही हैं। सौहार्द मिटता जा रहा है। ऐसा इसलिए है क्योंकि इस जैसे किसी भी मसले पर दृढ़ता के साथ जो बातें रखी जानी चाहिए, या तो वे रखी नहीं जाती हैं या उसे रखने वाले लोग मौजूद नहीं हैं। इस संबंध में यह भी हमेशा याद

रखना चाहिए कि किसी को भी छोटा समझना बहुत ही घातक सिद्ध होता है क्योंकि उसका प्रतिकार या प्रतिफलन केवल इसी रूप में प्रायः फलित होगा कि जब अमुक व्यक्ति या वर्ग अवसर प्राप्त करता है तो वह उनको (जिन्होंने उसे छोटा बनाया गया या जाताया गया) छोटा सिद्ध करके ही दम लेगा। प्रतिशोध या प्रतिकार से प्रेम कभी फलित नहीं होता है। आजकल कथावाचकों के संबंध में जो चर्चा चल रही है वह बड़ी हास्यास्पद है और यह लोगों के पास भारत के विरासत की सांस्कृतिक समझ कितनी है, इसका भी परिचय देती है। भारत की ऋषि परम्परा ने अज्ञात को अनुभव से जाना। अज्ञात इतना विराट है, इतना आलोकित है कि उसमें जीवन की सारी पीड़ा भस्मीभूत हो जाती है। सारे दंश, सारे कष्ट, अज्ञान सब मिटे जाते हैं। अज्ञात से प्राप्त उस परम अनुभव को ऋषियों ने कहानियों में पिरोया। प्रतीकों में गढ़ा। उसे मूर्तियों में ढाला। तीर्थों में तराशा। उसे महाकाव्यों में गुथा। उसे वाणी के माध्यम से सबमें बाँटा मगर प्रश्न यह है कि ऋषियों ने जब परम का अनुभव किया तो उसे दूसरों को बताने की फ़िज़ूल ज़हमत में क्यूँ पड़ गए? क्योंकि इसी बताने में ही तो सारे फ़साद की जड़ मौजूद है। इस विराट का अनुभव इतना आनन्ददायी होता है कि यह हमें समझ लेना चाहिए कि बिना बताए रहा नहीं जा सकता है। सूली पर लटका जा सकता है; ज़हर पिया जा सकता है; गला स्वयं का कटवाया जा सकता है; बस चुप भर नहीं रहा जा सकता है। इसी अनुभव को तो उपनिषदों ने – सत्-चिद-आनन्द कहा है। इसे ही तो गीता में भगवान कृष्ण ने श्रेष्टता का शिखर बताया है – जीवन के हर आयाम में श्रेष्टतम की अनुभूति। क्या यह समझने में किसी को कोई भी कठिनाई हो सकती है कि जब भी किसी के जीवन में अच्छे अनुभव आते हैं तो वह सबके साथ बाँटना चाहता है, और अगर कटु अनुभव आते हैं, तो उन्हें छुपा लेना चाहता है। ओशो ने कहा है – "सुख फैलता है; दुख सिकोड़ता है।" इसलिए दुख में निरंतर जीने वाला व्यक्ति एक दिन जीवन से मुक्त होना चाहता है। सुख की राह पर चलने वाला फैलता जाएगा और एक दिन ब्रह्म को उपलब्ध होगा। क्योंकि भौतिक सुख की चाह भी अंततः आध्यात्मिक सुख की चाह में परिवर्तित होगी ही यदि वह चाह ठीक-ठीक मार्ग पर आरूढ़ रह जाए। हम जानते हैं कि आदमी सामान्यतः अपने अच्छे अनुभवों को संरक्षित रखता है; बुरे अनुभवों को छोड़ता चला जाता है। तभी तो वह ज़िंदगी को जीने लायक बना पाता है। दुख में बहुत देर तक रहा नहीं जा सकता है। दुख को बदलना ही पड़ता है। बुद्ध ने भी जब दुख का समग्रीभूत अनुभव किया तो उसे परिश्रम, साधना और तप से बदल लिया। और फिर उन्हें जो विराट का अनुभव हुआ उसे बाँटना शुरू किया। क्या हमें याद नहीं कि उन्होंने चार आर्य सत्यों के उपरांत किन सूत्रों को प्रतिपादित किया था? उनका अंतिम सूत्र था – "संघम शरणं गच्छामि।" संघ क्या है? संघ में होता क्या है? संघ एक धारा के लोगों का समूह होता है – एक ऐसी धारा जो इस परम की खोज करती है; जो भौतिक से तृप्त नहीं होती है; जो दैहिक के पार देखने में लगी रहती है। संघ में लोगों का ध्यान मन से अमन की ओर निर्दिष्ट रहता है। इस पूरी भाव-भूमि को जो अनुभव के तल पर समझता है, जीता है, और कहना जानता है वह इस विराट की कथा कह सकता है। क्योंकि अनुभव कर लेने मात्र से कहने की कला विकसित हो जाती है, ऐसा नहीं है। पढ़ लेने मात्र से पढ़ा लेना नहीं आ जाता है। क्या हमने अपनी कक्षाओं में अच्छे और खराब टीचर नहीं देखे हैं? अच्छा टीचर वह होता है जो अपने ज्ञान को बच्चों तक पहुँचाने की कला जानता है। और खराब टीचर वह होता है जो यह काम बखूबी नहीं कर पाता है। इसलिए पढ़ तो सभी सकते हैं, पर पढ़ा सभी नहीं सकते। विराट का अनुभव भी कर तो सभी सकते हैं, मगर करा भी पाएं, यह बिलकुल भी ज़रूरी नहीं है।

-डॉ.नर्मदेश्वर प्रसाद चौधरी

दुनिया बदलने वाली खोज

हर सुबह जब सूरज उगता है, तो उसके साथ इंसानी जिज्ञासा भी एक नई दिशा में निकल पड़ती है। आज विज्ञान सिर्फ प्रयोगशालाओं की बात नहीं, बल्कि हमारे रोज़मर्रा के जीवन, करियर और भविष्य से जुड़ा हुआ सच है। हाल में विज्ञान की दुनिया में कई रोमांचक, क्रांतिकारी और उम्मीदों से भरी खोजें सामने आई हैं। ये खोजें सिर्फ तकनीक नहीं ला रहीं, बल्कि इंसानी ज़िंदगी को नए मायनों में परिभाषित कर रही हैं। इसलिए इनके बारे में हर किसी को जानना चाहिए। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सिर्फ वर्चुअल असिस्टेंट या चैटबॉट तक सीमित नहीं रह गई है। एआई अब शोधकर्ता, शिक्षक और डॉक्टर के रूप में उभर रही है। बड़े भाषा मॉडल्स (जैसे जीपीटी) अब संदर्भ समझते हैं, विश्लेषण करते हैं और ऐसे क्षेत्रों में योगदान दे रहे हैं जो पहले इंसानी सोच की परिधि में ही आते थे। मेडिकल डायग्नोसिस, न्यायिक विश्लेषण और यहां तक कि कला रचना में भी एआई की भूमिका उल्लेखनीय हो चुकी है। एआई आने वाले समय की सबसे बड़ी शक्ति है। इससे जुड़ी समझ रखना किसी को भी तकनीकी रूप से सक्षम और नैतिक दृष्टिकोण से सतर्क बनाएगा। क्वांटम कंप्यूटर अब विज्ञान गल्प नहीं रह गए हैं। कई स्टार्टअप्स और शोध संस्थान ऐसे क्वांटम सिस्टम पर काम कर रहे हैं जो दवा विकास, जटिल गणनाओं और एनक्रिप्शन तोड़ने जैसे कार्यों को चुटकियों में कर सकते हैं। इनमें स्थिर क्यूबिट्स, कम त्रुटि दर और बेहतर क्वांटम एल्गोरिदम विकसित किए जा चुके हैं। कंप्यूटर साइंस और फिजिक्स में रुचि रखने वालों के लिए यह एक रोमांचक क्रांति है, जो करियर और शोध की नई राहें खोलती है। आज हम तकनीक की मदद से वैज्ञानिक डीएनए में गड़बड़ियों को ऐसे ठीक कर पा रहे हैं जैसे कंप्यूटर कोड में बग हटाते हैं। 2025 में सिकल सेल, थैलेसीमिया और कुछ कैंसर जैसे रोगों के इलाज में जीन एडिटिंग की भूमिका निर्णायक हो रही है। यह सिर्फ चिकित्सा नहीं, बल्कि जीवन की गुणवत्ता को पुनर्परिभाषित करने का युग है। इसलिए जैव प्रौद्योगिकी और नैतिक विज्ञान की इस जटिलता को समझना चाहिए। अंतरिक्ष विज्ञान हमारी जिज्ञासा जगाता है। यह भविष्य की तकनीक, संचार और ऊर्जा प्रणालियों के लिए नई ज़मीन तैयार करता है। नासा का आर्टेमिस मिशन, यूरोपीय और भारतीय स्पेस एजेंसियों के रोवर और जेम्स वेब टेलीस्कोप मिलकर ब्रह्मांड के रहस्यों को उजागर कर रहे हैं। मंगल की सतह, चंद्रमा के ध्रुव और दूरस्थ गैलेक्सियाँ अब मानव समझ के दायरे में आ रही हैं। जलवायु परिवर्तन के युग में सस्टेनेबल ऊर्जा ही एकमात्र रास्ता है। इसका तकनीकी और पर्यावरणीय पक्ष समझना बेहद जरूरी है। ऊर्जा क्रांति अपने चरम पर है। सॉलिड-स्टेट बैटरियाँ अब सिर्फ प्रयोग नहीं, बल्कि व्यावसायिक रूप ले चुकी हैं। ये बैटरियाँ जल्दी चार्ज होती हैं, ज्यादा सुरक्षित हैं और लंबी चलती हैं। साथ ही, सोलर और विंड पैनल्स पहले से ज्यादा कुशल हो गए हैं। अब कंप्यूटर सिर्फ हाथों से नहीं, दिमाग से भी चल रहा है। न्यूरोटेक्नोलॉजी ने ऐसे इंटरफेस बनाए हैं जो लकवे से पीड़ित व्यक्ति को फिर से चलना, बोलना और संवाद करना सिखा सकते हैं। न्यूरोलॉजिकल डिसऑर्डर्स के इलाज में ये एक नई आशा की किरण हैं।

-राजेश जैन

आज का कार्टून

साभार

हिन्दू स्वयं में ही धर्मनिरपेक्ष

भारत में जितने भी धर्म हैं उन सबमें केवल हिन्दू धर्म ही ऐसा धर्म है जिसमें विशाल विविधता समाई हुई है। एक तरफ जहां यह विश्व बंधुत्व को मानता है और समूची सृष्टि के कल्याण की बात करता है तो वहीं दूसरी तरफ अन्य धर्मों का भी बराबर सम्मान करता है। हिन्दुओं में सनातन धर्मावलम्बी साकार ब्रह्म की उपासना करते हैं तो दूसरे निराकार ब्रह्म के उपासक भी पाये जाते हैं। इनमें भी अलग-अलग पूजा पद्धतियां होती हैं मगर सबमें एक सिद्धान्त साझा है कि सभी भारत भूमि को पूजनीय मानते हैं। इसका मूल कारण यह है कि हिन्दू धर्म के प्रतीक व देव स्थल केवल भारतीय उप महाद्वीप के भीतर ही हैं। लगभग यही स्थिति भारत में जन्म लेने वाले अन्य धर्मों जैसे सिख, बौद्ध, जैन आदि की भी है। अपनी जन्मभूमि भारत को ही इन सभी धर्मों के निवासी स्वर्ग के समान मानते हैं। विशेषकर हिन्दू धर्म तो कहता है कि ''जननी जन्म भूमिश्च, स्वर्गादपि गरीयसी।'' हिन्दुओं के सभी तीर्थ और वेद-पुराणों से जुड़ें पूजनीय स्थल भारतीय उपमहाद्वीप में ही हैं। हिन्दू धर्म में समय को बहुत महत्वपूर्ण समझा जाता है। भारतीय संस्कृति के अनुसार साल के सभी 12 महीने कोई न कोई विशेष सन्देश देते हैं जिनका वर्णन हमें लोकोक्तियों में मिलता है और हर महीने में पड़ने वाले त्यौहारों से इसका पता चलता है। इनमें सावन के महीने की महत्ता अलग से व्याख्यायित है। हिन्दू धर्म प्रकृति के साथ किस प्रकार का सामंजस्य बैठाता है, इसका अन्दाज भी हमें सावन महीने में होने वाले उत्सवों से आसानी से होता है। सावन के महीने में ही भगवान शंकर की पूजा-अर्चना करना बहुत पुण्य कमाने का काम समझा जाता है। इस महीने में पड़ने वाले त्यौहारों का वर्षा से सीधा सम्बन्ध रहता है। इस दौरान हिन्दू मतावलम्बियों का न केवल पूजा-पाठ से विशेष तारतम्य रहता है बल्कि इसका असर उनके खान-पान व पहनावे पर भी रहता है। यहां तक कि उनके काम करने के तरीके पर भी । सावन मास पूरी तरह भगवान शंकर को समर्पित रहता है। शंकर या शिव समूचे ब्रह्मांड के संहारकर्ता माने गये हैं और प्रकृति के सन्तुलक भी कहे जाते हैं। प्रकृति को जश्न के रूप में लेने का सावन मास एक उदाहरण है। इस महीने में पड़ने वाले सारे सोमवार शंकर जी को ही समर्पित रहते हैं। इसमें वैज्ञानिकता का पुट यह है कि सावन मास मनुष्य को केवल सात्विक भोजन करने की व्यवस्था देता है। अतः इस महीने में तामसी भोजन जैसे मांस, मच्छी खाने की मनाही होती है। शाकाहारी लोगों के लिए प्रकृति अमृतफल आम जैसी वस्तुएं प्रदान करती है। सावन मास में पवित्र गंगाजल शिव जी को चढ़ाने की प्रथा हिन्दुओं में है। वर्तमान समय में हिन्दू श्रद्धालु हरिद्वार से कांवड़ भरते हैं और गंगाजल लेकर आते हैं। जिसे वह अपने-अपने स्थान के शिव मन्दिरों में चढ़ाते हैं। जाहिर है कि कांवड़िये कहे जाने वाले शिवभक्त अपनी यात्रा के मार्ग में पूर्ण रूप से सात्विक या शाकाहारी भोजन ही लेना पसन्द करेंगे। अतः मार्ग में यदि कोई मांस-मच्छी की दुकान पड़ती है तो उसे थोड़े समय के लिए स्वयं ही बन्द रहना चाहिए। यहीं पर भारत की मूल विश्व बन्धुत्व की संस्कृति को जागृत किया जाना चाहिए। भारत का संविधान कहता है कि इसके लोगों के बीच बंधुत्व बढ़ाना सरकारों का लक्ष्य होना चाहिए। मगर बन्धुत्व केवल हिन्दुओं के त्यौहारों पर ही नहीं दिखना चाहिए, बल्कि अन्य धर्मावलम्बियों विशेषकर इस्लाम को मानने वाले मुसलमान नागरिकों के बीच भी दिखना चाहिए। बेशक भारत एक धर्म या पंथ निरपेक्ष राष्ट्र है मगर इसका मतलब यह कतई नहीं है कि हिन्दुओं के त्यौहारों को हम साम्प्रदायिक कहने लगे और मुसलमानों के त्यौहारों को धर्म निरपेक्ष। हिन्दू धर्म किसी भी स्तर पर संकीर्णता का परिचय नहीं देता है बल्कि वह दूसरे धर्मों के साथ सहयोग करके चलने की हिदायत देता है। इसके लिए इतना कहना ही काफी है कि जब 1947 में भारत का बंटवारा हुआ और मुसलमानों के लिए अलग से पाकिस्तान का निर्माण हुआ तो भारत ने स्वयं को धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र घोषित किया जबकि भारत में हिन्दुओं की जनसंख्या 80 प्रतिशत से भी ज्यादा थी। इसका सीधा-सादा निष्कर्ष आसानी से निकाला जा सकता है कि हिन्दू स्वयं में ही धर्मनिरपेक्ष हैं। हिन्दू धर्म की धर्मनिरपेक्षता का असर इसके अनुयायियों पर न पड़े यह कैसे संभव है? सत्य तो यही रहेगा कि भारत एक धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र इसलिए है क्योंकि इसमें हिन्दुओं की बहुसंख्या है। मगर भारत संविधान से चलने वाला देश है और संविधान कहता है कि प्रत्येक व्यक्ति या नागरिक को अपनी आस्था और धर्म के अनुसार जीने का हक है। चुंकि भारत का समाज बहुधर्मी है अतः सभी लोगों को आपस में बंधुता या भाईचारा बढ़ाने के सद्प्रयास करने चाहिए।

PM मोदी फिर करेंगे बिहार का दौरा

■ मिलेंगी कई सौगातें, NDA की ऐसे पकड़ होगी मजबूत

महानगर संवाददाता
पटना

बिहार में अक्टूबर-नवंबर में होने वाले चुनाव से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बिहार के कुछ इलाकों का दौरा कर चुके हैं। मिली जानकारी के मुताबिक आने वाले दिनों में और भी कुछ इलाकों में वह दौरा करने वाले हैं,जिसमें सरहरसा, बक्सर, मुंगेर, गया और भागलपुर संभावित है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पूर्वी चंपारण में लोकहित की कई परियोजनाओं को जनता को समर्पित करेंगे. दौरा भले ही पूर्वी चंपारण के मोतिहारी में हो लेकिन इसका असर पूर्वी और पश्चिमी चंपारण दोनों पर पड़ेगा. इन दोनों इलाकों में विधानसभा की सीटों की बात करें तो पूर्वी चंपारण में 12 विधानसभा की सीटे हैं, जबकि पश्चिम चंपारण में 9 विधानसभा सीटें हैं।

आईटी और स्टार्टअप को मिलेगा बढ़ावा

दरभंगा में नया Software Technology Parks of India (STPI) सेंटर और पटना में Sate-of-the-art इनक्यूबेशन फैसिलिटी का उद्घाटन किया जाएगा। ये सुविधाएं स्टार्टअप्स,आईटी/ITES कंपनियों और स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाएंगी।
मत्स्य पालन और ग्रामीण विकास को नई दिशा पीएम मोदी प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना (PMMSY) के तहत बिहार में नए फिश हैचरी, बायोफ्लॉक यूनिट्स, एक्वाकल्चर यूनिट्स और फिश फीड मिल्स का उद्घाटन करेंगे।

महिलाओं और ग्रामीण परिवारों को आर्थिक सहयोग

प्रधानमंत्री करीब 61,500 स्वयं सहायता समूहों को 400 करोड़ रुपए जारी करेंगे। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत 12,000 परिवारों को गृह प्रवेश की चाबियां दी जाएंगी और 40,000 लाभार्थियों को 160 करोड़ रुपये की राशि दी जाएगी।

अपने किले को और मजबूत करने की तैयारी

प्रधानमंत्री जिस इलाके में जा रहे हैं वहां 21 में 17 विधानसभा सीटों पर एनडीए का कब्जा पिछले चुनाव में रहा है. इस इलाके में अपनी राजनीतिक पैठ और मजबूत करने के लिए प्रधानमंत्री का दौरा रखा गया है. इसके साथ ही यह इलाका नेपाल के बार्डर के भी पास है।

बीजेपी-जेडीयू के साथ विजय संभव

साल 2015 में भारतीय जनता पार्टी ने जब बिना नीतीश कुमार के इस इलाके में चुनाव लड़ा था तो बीजेपी को इसका सियासी नुकसान हुआ था. 2015 में पूर्वी चंपारण की 12 विधानसभा सीटों में से एनडीए के खाते में 5 सीटें मिली थी, जबकि 7 सीटों पर महागठबंधन ने कब्जा जमाया था।

नीतीश के एनडीए में आने से हुआ फायदा

2015 में जब नीतीश कुमार बीजेपी के साथ एनडीए में नहीं थे, तब बीजेपी को 23.5% वोट मिले थे. जबकि महागठबंधन में शामिल जेडीयू को 18.2%, आरजेडी को 20.5% और कांग्रेस को 3.6% प्रतिशत वोट मिले थे. जब नीतीश फिर से बीजेपी के साथ 2020 विधानसभा चुनाव में आ गए तो बीजेपी जेडीयू का वोट प्रतिशत भी बढ़ा और सीटें भी बढ़ गई. बीजेपी को 25.8% और जेडीयू को 20.1% वोट शेयर मिला. आरजेडी को 23.1%, कांग्रेस को 9.2% और सीपीआई((ML) को 7.5% वोट मिले. विधानसभा की सीट भी बढ़कर 5 से 9 पर पहुंच गई।

किसानों को काम नहीं रहता तो मई-जून में ज्यादा मर्डर

बढ़ते क्राइम पर एडीजी कृष्णन यह क्या बोल गए

महानगर संवाददाता
पटना

पटना के पारस अस्पताल में घुसकर इलाजरत गैंगस्टर चंदन मिश्रा की हत्या के बाद एडीजी कुंदन कृष्णन का एक बयान आया है जो हैरत में डालने वाला है। अपराध के सवाल को उन्होंने किसानों से जोड़ दिया है। बिहार में बढ़ते क्राइम ग्राफ पर उन्होंने कहा है कि अप्रैल, मई, जून में किसानों के पास काम नहीं होता उस समय ज्यादा मर्डर होते हैं। चार जुलाई को गोपाल खेमका हत्या कांड के बाद पटना में एक के बाद एक मर्डर से बिहार पुलिस की नींद उड़ी है। एडीजी के बयान पर सियासत शुरू हो गई है। राजद प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव ने कहा है कि उनका यह बयान बिहार के आम आवाम को निराश करने वाला है। कुंदन कृष्णन ने कहा है कि राज्य में हाल के दिनों हत्या कांडों को अंजाम दिया गया है। वर्षों से मई और जून में ज्यादा हत्याएं होती आई हैं। अप्रैल, मई और जून में जबतक बरसात नहीं होती है तबतक यह सिलसिला जारी रहता है क्योंकि ज्यादातर किसानों को कोई काम नहीं रहता। बरसात होने के बाद कृषक समाज के लोग लोग व्यस्त हो जाते हैं तो घटनाएं कम हो जाती हैं। उन्होंने कहा है कि चुनावी साल में हो रही हत्या की घटनाएं ज्यादा चर्चा में हैं ।

एडीजी के वक्तव्य को नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने लपक लिया

एडीजी के इस अजूबे वक्तव्य को नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने लपक लिया है। उन्होंने कहा कि क्राइम बढ़ने पर पुलिस मौसम को जिम्मेदार ठहरा रही है। अगर अपराध को लेकर पहले से जानकारी है तो सचेत कर देते ताकि लोग बिहार छोड़कर कहीं और निकल जाते। जान तो बच जाती। यह क्या बयान है कि मॉनसून में हत्या की घटना बढ़ गईं हैं। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार उनकी योजनाओं का नकल कर रही है। इसी बहाने लोगों का भला तो हो रहा है। सरकार श्रेय ले रही है तो लेने दीजिए। उन्होंने चुनाव आयोग पर बीजेपी और अमित शाह के प्रभाव में काम करने का आरोप लगाया। जो पहले से तय कर दिया गया वही काम आयोग कर रही है।

सांप को खिलौने की तरह गले और हाथ में लटकाकर लोगों ने निकाली शोभा यात्रा

समस्तीपुर। समस्तीपुर जिले के विभूतिपुर प्रखंड में सिंघिया घाट पर नागपंचमी मेले में आस्था का अद्भुत रंग देखने को मिल रहा है। सिंघिया घाट पर सैकड़ों श्रद्धालु नाग पंचमी मेले में शामिल होने के लिए एकत्रित हुए। यह एक पारंपरिक आयोजन है जहां लोग धार्मिक अनुष्ठानों के तहत सांपों को अपने साथ ले जाते हैं। यह वार्षिक मेला सिंघिया बाज़ार स्थित मां भगवती मंदिर में पूजा-अर्चना के साथ शुरू हुआ। इसके बाद श्रद्धालु बूढ़ी गंडक नदी के तट पर पहुंचे। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक, लगभग हर श्रद्धालु अपने गले में, बांहों में, सिर पर या हाथों में सांप को लपेटे दिखाई दिए। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में दिख रहा है कि शरीर पर सांपों को लपेटे हुए चलते हुए दिखाई दे रहे हैं। कुछ वीडियो में लोग सांपों से लिपटी लकड़ी की छड़ियां लिए हुए थे। हालांकि इंडिया टीवी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो की पुष्टि नहीं करता। इस अनुष्ठान के दौरान, श्रद्धालुओं ने स्थानीय सांप देवी, माता विषहरी का जाप किया और प्रार्थना की। कुछ श्रद्धालुओं ने कथित तौर पर सांपों को मुंह में पकड़ने जैसे करतब भी दिखाए। पूजा के बाद, सांपों को पास के जंगलों में छोड़ दिया गया।

मधेपुरा में खेत में गिरी बिजली, 11 मजदूर झुलसे

जहानाबाद में घरों में घुसा फल्गु का पानी, बांका-बक्सर समेत 4 जिलों में बारिश

पटना। बिहार में मानसून एक्टिव हो गया है। मौसम विभाग ने आज यानी गुरुवार को राज्य के 18 जिलों में बारिश को लेकर यलो अलर्ट जारी किया है।
बांका-बक्सर में सुबह-सुबह बारिश भी हुई। सीवान में तेज बारिश हो रही है। इधर, मधेपुरा में गुरुवार को खेत मे बिजली गिरी, जिससे वहां काम कर रहे 11 मजदूर इसकी चपेट में आ गए। हालांकि, सभी को इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई।
विभाग के अनुसार, गुरुवार को बंगाल की खाड़ी से उठा निम्न दबाव का क्षेत्र बिहार के कई हिस्सों को प्रभावित कर रहा है। अब यह धीरे-धीरे पूर्वी उत्तर प्रदेश की ओर शिफ्ट हो जाएगा। इसके असर से राज्य के विभिन्न हिस्सों में भारी वर्षा के साथ-साथ तेज हवाएं चलने की संभावना जताई गई है।

मौसम विभाग के मुताबिक, इस सिस्टम के कारण अगले 24 घंटों के दौरान पश्चिम चंपारण, पटना सहित 18 जिलों बारिश हो सकती। इन जिलों में 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा भी चलेगी।

इन जिलों में बारिश से बिगड़े हालात रू जहानाबाद में कई जगह फल्गु नदी का तटबंध टूटने से घोसी प्रखंड और मोदनगंज प्रखंड इलाके में भारथू नंदना बाजितपुर मेटरा ओकरी तुलसीपुर के 24 गांव में बाढ़ का पानी घुस गया है। 50 हजार से ज्यादा लोग इसकी चपेट में हैं। नालंदा के पूरब से होकर बहने वाली जिरायन नदी के जलस्तर में तेजी से बढ़ोतरी हो रही है। इसके कारण अस्थावां प्रखण्ड के सदरपुर में तटबंध टूटने से खेतों में पानी भर गया है। कई गांव इसकी चपेट में हैं। बिन्द प्रखण्ड के बरहोग गांव के छा छु बिगहा का खंधा जिरायन नदी के पानी से जलमग्न हो गया है। सारण के सोनपुर प्रखंड के सबलपुर दियारा महुआ बाग में गंगा उफान पर है। कटाव रोधी कार्य के बावजूद भी गंगा में तेजी से कटाव शुरू हो गया है। स्थानीय लोग डरे हुए हैं।

मोतिहारी में तालाब में डूबने से भाई-बहन की मौत

मोतिहारी। मोतिहारी में केसरिया थाना क्षेत्र के रघुनाथपुर गांव में बुधवार की शाम पानी भरे गड्ढे में गिरने से मौत हो गई है। मिली जानकारी के अनुसार दोनों बच्चे घर के पास तालाब के किनारे खेल रहे थे। खेलते समय वे फिसलकर गहरे पानी में चले गए। इससे मौके पर ही दोनों की मौत हो गई।
मृतक बच्चों की पहचान रघुनाथपुर पंचायत के वार्ड नंबर 8 निवासी राकेश राय के बेटे आलोक कुमार और बेटी अन्या कुमारी के रूप में हुई है। ग्रामीणों के अनुसार, तीन भाई-बहनों में ये दोनों सबसे छोटे थे।घटना की सूचना पर केसरिया थाना की पुलिस मौके पर पहुंची।
ग्रामीणों की मदद से शवों को तालाब से निकाला गया। ग्रामीणों ने प्रशासन से गांव के सभी सार्वजनिक तालाबों की घेराबंदी की मांग की है। उनका कहना है कि इससे भविष्य में ऐसी घटनाएं नहीं होंगी।

जांच में जुटी पुलिस

थानाध्यक्ष उदय कुमार ने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। अंचलाधिकारी ने कहा कि सरकारी नियम के अनुसार मृतक बच्चों के परिवार को चार-चार लाख रुपए की सहायता राशि दी जाएगी। उन्होंने पीड़ित परिवार को हर संभव मदद का आश्वासन दिया।

125 यूनिट फ्री बिजली की घोषणा पर जीतन राम मांझी की पहली प्रतिक्रिया

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने ऐलान किया है कि बिहार के लोगों को 125 यूनिट तक मुफ्त बिजली दी जाएगी. इस घोषणा के बाद एनडीए के नेताओं की प्रतिक्रिया आने लगी है. केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने गुरुवार (17 जुलाई, 2025) को पटना में पत्रकारों से कहा कि नीतीश कुमार ने 125 यूनिट बिजली माफ कर दिया है यह स्वागत योग्य बात है. उन्होंने कहा, "मैं समझता हूं कि इससे राजस्व की कोई कमी नहीं होगी।"

तेजस्वी को बताया चार दिन का आदमी

राजस्व नहीं घटने के पीछे का कारण बताते हुए जीतन राम मांझी ने कहा, "बिजली विभाग के जो कर्मचारी हैं वो ध्यान नहीं देते हैं और लोग अपना काम कर ही लेते हैं तो उससे अच्छा है कि फ्री कर दिया जाए।" इस सवाल पर कि तेजस्वी यादव इस योजना के बाद नकलची सरकार कह रहे हैं। कहा जा रहा है कि उनको कॉपी किया जा रहा है, इस पर जीतन राम मांझी ने कहा कि अब उनके (तेजस्वी यादव) मन में जो बात आती है वो बोलते रहते हैं। वो चार दिन के आदमी हैं. ये (नीतीश कुमार) 20 साल से सरकार चला रहे हैं. अनुभवी हैं. अच्छा काम कर रहे हैं।
जीतन राम मांझी ने कहा कि विरोधी का काम है अपना बोलते रहें, लेकिन नीतीश कुमार समय-समय पर देश के लिए, राज्य के लिए जो काम होता है वो कर रहे हैं. हर तरह का उचित निर्णय ले रहे हैं।

बोधगया में आपस में भिड़े वियतनाम के यूट्यूबर

पुलिस ने सभी को किया गिरफ्तार

बोधगया। बोधगया एक बार फिर चर्चा में है। इस बार वजह बेहद चौंकाने वाली है। यहां घूमने आए वियतनाम के चार यूट्यूबरों को अपने ही देश के एक साथी यूट्यूबर पर जानलेवा हमला करने के आरोप में पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।घटना के संबंध में बोधगया थाने में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने 16 जुलाई 2025 को त्वरित कार्रवाई करते हुए चारों आरोपित यूट्यूबरों को हिरासत में ले लिया। गिरफ्तार युवकों की पहचान बुई वान सांग, वान कान सेनह, तरान हाई और वान तवान के रूप में हुई है।वियतनाम के नागरिक ले अन्ह तुआन, पे। ले जुआन तूओंग और सा। क्वांग चि अपने मित्र के साथ बोधगया घूमने आए थे। इसी दौरान आरोपित यूट्यूबर बुई वान सांग अपने अन्य साथियों के साथ वहां पहुंचा और कथित रूप से गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर हमलावरों ने मारपीट शुरू कर दी। पीड़ित पक्ष के अनुसार, हमले की मंशा जान लेने की थी, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए।

'कल मारूंगा...' ऐलान करके हत्या करता था चंदन

दोस्त ने अस्पताल में मरवा दिया

पटना। राजधानी पटना के मशहूर पारस अस्पताल में पांच लोग बेखौफ होकर घुसते हैं। दूसरी मंजिल पर बने कमरा नंबर 209 के सामने पहुंचकर पिस्टल में गोलियां लोड करते हैं और फिर कमरे में मौजूद मरीज को मारकर बड़े इत्मिनान से फरार हो जाते हैं. पता चलता है कि जिसे गोलियां मारी गईं हैं वो भी कोई सामान्य आदमी नहीं है बल्कि बक्सर का खूंखार अपराधी चंदन मिश्रा है, जिस पर दर्जनों हत्याओं के आरोप हैं और उसे हत्या के जुर्म में उम्रकैद तक की सजा हो चुकी है. तब ये भी पता चलता है कि ये हत्या चंदन के ही पुराने साथी शेरू ने करवाई है जो एक वक्त में उसके जुर्म का साझीदार था और पिछले दिनों दोनों के रास्ते इस कदर अलग हुए थे कि दोनों एक दूसरे के खून के प्यासे हो गए थे. तो क्या है कहानी बक्सर के शेरू-चंदन की, कैसे हुई दोस्ती, किन बड़ी वारदात में शामिल थे ये दोनों शातिर अपराधी, कैसे इनकी दोस्ती दुश्मनी में बदल गई और अब आखिर ऐसा क्या हुआ कि शेरू ने चंदन की जान ले ली, सब बताएंगे विस्तार से. बिहार के बक्सर जिले का एक गांव है सेमरी बड़ा गांव है।

व्यापार

रिटायरमेंट से पहले ही निकाल सकेंगे PF का सारा पैसा

नई दिल्ली। सैलरीड कर्मचारी जल्द ही रिटायरमेंट से पहले अपने PF रिटायरमेंट फंड से पूरा पैसा या उसका बड़ा हिस्सा निकाल सकेंगे। केंद्र सरकार PF निकासी के नियमों में बड़ा बदलाव करने की प्लानिंग कर रही है। मनी कंट्रोल की रिपोर्ट के मुताबिक नए नियम लागू होने के बाद हर 10 साल में कर्मचारी अपने PF का एक बड़ा हिस्सा निकाल सकेंगे। वर्तमान नियमों में EPF का पूरा पैसा सिर्फ रिटायरमेंट या 2 महीने तक बेरोजगार रहने के बाद ही निकाला जा सकता है। अगर नया प्रस्ताव लागू हुआ तो आप हर 10 साल में एक बार अपने PF रिटायरमेंट फंड का बड़ा हिस्सा (संभावित 60% या इससे ज्यादा) निकाल सकते हैं।इससे लोग अपनी मर्जी से 30, 40 वर्ष या नौकरी के मध्यवर्ती पड़ावों में भी PF फंड का इस्तेमाल बड़ी जरूरतों के लिए कर पाएंगे। सरकार पूरा पैसा निकालने का नयम या एक लिमिट लगाने पर मंथन कर रही है। मसलन, हर 10 साल में 60% तक निकासी की अनुमति दी जा सकती है।

SBI ने फिर FD की ब्याज दरों में कटौती की

नई दिल्ली। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (SBI) ने फिक्स्ड डिपॉजिट (FD) की ब्याज दरों में 0.15% तक की कटौती की है। SBI में FD कराने पर अब सामान्य नागरिकों को 3.05% से 6.45% तक का ब्याज मिलेगा। नई ब्याज दरें 15 जुलाई से लागू हो गई हैं। इससे पहले बैंक ने जून और मई में भी ब्याज दरों में कटौती की थी। स्पेशल फिक्स्ड डिपॉजिट स्कीम 'अमृत वृष्टि' की ब्याज दर में कटौती नहीं SBI ने अपनी स्पेशल फिक्स्ड डिपॉजिट स्कीम 'अमृत वृष्टि की ब्याज दरों में कटौती नहीं की गई है। अब SBI 'अमृत वृष्टि' के तहत 444 दिनों के लिए FD कराने पर 6.60% सालाना ब्याज मिलता रहेगा। वहीं सीनियर सिटिजन को सालाना 7.10% के हिसाब से ब्याज मिलेगा। BI ने एक अन्य स्पेशल टर्म डिपॉजिट (FD) स्कीम 'वीकेयर' भी चला रहा है। SBI की इस स्कीम में सीनियर सिटीजन को 5 साल या उससे ज्यादा की अवधि के डिपॉजिट (FD) पर 50 बेसिस पॉइंट्स का एक्स्ट्रा ब्याज मिलेगा। सीनियर सिटिजन को 5 साल से कम के रिटेल टर्म डिपॉजिट पर आम पब्लिक के मुकाबले 0.50% ज्यादा ब्याज मिलता है। ऐसे मे 'वीकेयर डिपॉजिट' स्कीम के तहत 5 साल या इससे ज्यादा की FD पर सामान्य नागरिकों की तुलना में 1% ज्यादा ब्याज मिलेगा।

शेयर बाजार में गिरावट

मुंबई। दो दिन की बढ़त के बाद भारतीय शेयर बाजार में आज एक बार फिर गिरावट देखने को मिली। गुरुवार को बीएसई सेंसेक्स 375.24 अंकों की मामूली बढ़त के साथ 82,259.24 अंकों पर बंद हुआ। इसी तरह, आज एनएसई का निफ्टी 50 इंडेक्स भी 100.60 अंकों के नुकसान के साथ 25,111.45 अंकों पर बंद हुआ। आज स्टॉक मार्केट के दोनों प्रमुख एक्सचेंजों के ज्यादातर शेयर लाल निशान में ही बंद हुए। बताते चलें कि बुधवार को सेंसेक्स 63.57 अंकों की मामूली बढ़त के साथ 82,634.48 अंकों पर और निफ्टी 50 इंडेक्स 16.25 अंकों की बढ़त के साथ 25,212.05 अंकों पर बंद हुआ था।

डीएसपी एएम ने की साझेदारी की घोषणा

मुंबई। डीएसपी एसेट मैनेजर्स (डीएसपी एएम) ने ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स (ओएनडीसी) ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर निवेशकों के लिए उपलब्ध रहने हेतु साइब्रिला के साथ साझेदारी की घोषणा की है। डीएसपी एसेट मैनेजर्स, ओएनडीसी प्लेटफॉर्म पर 24/7 उपलब्ध रहने वाली पहली म्यूचुअल फंड कंपनियों में से एक है। ओएनडीसी, भारत सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की एक विशेष पहल है। इस पहल ने एक सुविधाजनक प्लेटफॉर्म तैयार किया है जो डिजिटल कॉमर्स में क्रांति ला रहा है और भारत में रिटेल ई-कॉमर्स के और विस्तार को गति दे रहा है। ओएनडीसी फोरम की वित्तीय सेवा पहल मुख्य रूप से उन व्यक्तियों की सहायता करने पर केंद्रित है जो पारंपरिक वित्तीय प्रणाली में वंचित हैं या जिन्हें सेवा प्रावधान के मामले में वित्तीय संस्थानों द्वारा उपेक्षित किया गया है। यह प्लेटफ़ॉर्म, विशेष रूप से सीमित बैंकिंग सेवाओं वाले क्षेत्रों में व्यक्तियों और छोटे व्यवसायों के लिए, ऋण तक आसान पहुंच प्रदान करता है। यह पहली बार निवेश करने वालों लोगों, जिनका मकसद छोटी राशि का निवेश करके समय के साथ अपनी बचत बढ़ाना चाहते हैं।

संवृद्धि का सशक्तिकरण: भारत की एमएसएमई क्रांति के लिए रोडमैप

मुंबई। भारत का आर्थिक भविष्य उसके एमएसएमई क्षेत्र के सतत वृद्धि और सशक्तिकरण पर निर्भर करता है। अतः, इस क्षेत्र पर ध्यान केंद्रित करना अनिवार्य है, जो देश की उद्यमशीलता की भावना और आर्थिक लचीलापन को बढ़ावा देता है। सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 30%, निर्यात में लगभग 46% का योगदान करने और कारोबारी क्षेत्र में श्रमशक्ति को 62% रोजगार प्रदान करने वाला एमएसएमई भारत की आर्थिक रीढ़ हैं।

एडलवाइस फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड द्वारा 300 करोड के एनसीडी का इश्यू

मुंबई। एडलवाइस फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड ("ईएफएसएल" / "कंपनी") ने 1000 रुपए के अंकित मूल्य के साथ सुरक्षित रिडीमेबल अपरिवर्तनीय डिबेंचर ("एनसीडी") बेचने की योजना की घोषणा की है। इन डिबेंचर की बिक्री से 150 करोड़ रुपए तक की धनराशि जुटाई जाएगी ("बेस इश्यू साइज") और ग्रीन शू विकल्प के तहत 150 करोड़ रुपए तक की अतिरिक्त राशि जुटाई जाएगी। इस प्रकार, कंपनी इन डिबेंचर की बिक्री के माध्यम से सामूहिक रूप से 300 करोड़ रुपये ("इश्यू सीमा") तक की धनराशि जुटाएगी । इस इश्यू में बारह एनसीडी श्रृंखलाएं हैं। इनमें निश्चित ब्याज दर वाले कूपन शामिल हैं और इनकी अवधि 24 महीने, 36 महीने, 60 महीने और 120 महीने की है। इस कूपन के लिए वार्षिक, मासिक और संचयी ब्याज विकल्प हैं। एनसीडी पर प्रभावी वार्षिक ब्याज दर 9 प्रतिशत से 10.49 प्रतिशत प्रति वर्ष है। यह योजना 8 जुलाई को बिक्री के लिए खुली हुई है और 21 जुलाई को बंद हो जाएगी। इस योजना के माध्यम से जुटाई गई धनराशि का कम से कम 75 प्रतिशत हिस्सा कंपनी के मौजूदा विभिन्न ऋणों के ब्याज और मूलधन के पुनर्भुगतान/पूर्व भुगतान के लिए इस्तेमाल किया जाएगा ।

कल्पतरु लिमिटेड के मुनाफे में बढ़ोत्तरी

मुंबई। मुंबई मेट्रोपॉलिटन रीजन (MMR) की जानी-मानी डेवलपर कल्पतरु लिमिटेड ने 31 मार्च को खत्म हुए पूरे साल और तिमाही के नतीजे घोषित किए। कल्पतरु लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर, पराग मुनोत ने नतीजों पर बात करते हुए कहा "हमें वित्त वर्ष 2025 के लिए कल्पतरु लिमिटेड के परफॉरमेंस हाईलाइट्स पेश करते हुए खुशी हो रही है। यह साल जबरदस्त बिक्री, एसेट-लाइट ग्रोथ मॉडल पर फोकस, बेहतर काम और स्ट्रेटेजिक फैसलों की वजह से एक शानदार बदलाव वाला रहा। " "हमें यह बताते हुए गर्व है कि वित्त वर्ष 25 की चौथी तिमाही में हमारी प्री-सेल्स में पिछले साल के मुकाबले 79% की बढ़ोतरी हुई है, जो 1,724 करोड़ रही। इससे FY25 की हमारी प्री-सेल्स 4,531 करोड़ हो गई है। जो पिछले साल से 41% ज्यादा है। " कंपनी ने जून 2025 में IPO के जरिए 1,590 करोड़ रूपये की इक्विटी जुटाई थी। इसमें से 1,192.5 करोड़ रूपये का इस्तेमाल कर्ज चुकाने के लिए किया गया है।

आर्सेलरमित्तल निप्पॉन स्टील इंडिया ने CGL का शुभारंभ किया

मुंबई। आर्सेलरमित्तल निप्पॉन स्टील इंडिया ने गुजरात के हजीरा स्थित अपने प्रमुख संयंत्र में एक नई और अत्याधुनिक कंटीन्युअस गैल्वनाइजिंग लाइन (CGL) का शुभारंभ किया है। इसके साथ ही AM/NS India भारत की एकमात्र ऐसी कंपनी बन गई है जो 1180 मेगापास्कल (MPa) तक की मजबूती वाली एडवांस हाई-स्ट्रेंथ स्टील (AHSS) का उत्पादन कर रही है जो ऑटोमोबाइल उद्योग के लिए अत्यधिक सुरक्षित, टिकाऊ और ईंधन की बचत करने वाली है।
यह कमीशनिंग कंपनी के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है, जो अपस्ट्रीम, डाउनस्ट्रीम और अन्य सक्षम सुविधाओं को विकसित करने के लिए 60,000 करोड़ रुपये की महत्वाकांक्षी विस्तार परियोजना को रणनीतिक रूप से क्रियान्वित कर रही है। माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा 2022 में उद्घाटन किए गए इंटीग्रेटेड स्टील प्लांट की विस्तार परियोजना का उद्देश्य उभरती मांगों को पूरा करने के लिए स्टील ग्रेड के विविध पोर्टफोलियो में उत्पादन क्षमता को बढ़ाना है।

पीजीआईएम इंडिया एसेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड ने नए सीईओ की नियुक्ति की

मुंबई। पीजीआईएम इंडिया एसेट मैनेजमेंट ने अभिषेक तिवारी को अपना नया मुख्य कार्यकारी अधिकारी नियुक्त करने की घोषणा की है,जो एक सितंबर से प्रभावी होगा। अभिषेक, अजीत मेनन का स्थान लेंगे, जिन्होंने पिछले सात वर्षों से सीईओ के रूप में कार्य करते हुए एक मज़बूत ब्रांड बनाने में मदद की है। अजीत 1 सितंबर से कंपनी के वरिष्ठ सलाहकार के रूप में रणनीतिक मार्गदर्शन प्रदान करते रहेंगे। अभिषेक तिवारी सात वर्षों से अधिक समय से पीजीआईएम इंडिया एएमसी में कार्यरत हैं, और हाल ही में कंपनी के मुख्य व्यवसाय अधिकारी के रूप में कार्यरत हैं। अपने कार्यकाल के दौरान, उन्होंने पीजीआईएम इंडिया की विस्तार रणनीति को आकार देने, प्रमुख साझेदारियां बनाने और साल-दर-साल निरंतर वृद्धि को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

महानगर मीडिया नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अंतेश आर सिंह द्वारा, महानगर मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 501, ओमेगा हाउस, हीरानंदानी गार्डन्स, पवई, मुंबई-400076 से प्रकाशित एवं **डांगट मीडिया प्रा.लि.**, 22, दीघा एम आई डी सी, टी टी सी इंडस्ट्रियल एरिया, विष्णु नगर, दीघा, नवी मुंबई - 400708 में मुद्रित। ● फोन नंबरः 022-25705039 ईमेल : hmahanagar@gmail.com
● कार्यकारी संपादक : राघवेंद्र नाथ द्विवेदी* (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)

यूपी : 8 साल में 30 हजार से अधिक अपराधियों को पुलिस ने भेजा जेल

महानगर संवाददाता

लखनऊ

योगी सरकार की मजबूत कानून व्यवस्था देश ही नहीं विदेशों में भी सुर्खियों में है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में पिछले आठ वर्षों में यूपी पुलिस जीरो टॉलरेंस नीति के तहत अपराध और अपराधियों पर लगातार ताबड़तोड़ कार्रवाई कर रही है। यही वजह है कि यूपी पुलिस ने वर्ष 2017 से लेकर अब तक प्रदेश में कुल 30 हजार से अपराधियों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया गया, जबकि मुठभेड़ के दौरान 9 हजार से अपराधियों को पैर में गोली लगी। यूपी पुलिस ने अपराधियों की धरपकड़ के लिए अब तक 14 हजार से अधिक कार्रवाई की, जिससे प्रदेश में कानून का राज स्थापित हुआ।

डीजीपी राजीव कृष्ण ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर अपराधियों पर नकेल कसने के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है। पिछले आठ वर्षों में यूपी पुलिस द्वारा अपराधियों की धरपकड़ के लिए 14,973 कार्रवाई की गई। इस दौरान 30,694 अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। इस दौरान पुलिस पर हमला करने वाले 9,467 अपराधियों के पैर में गोली लगी जबकि 238 अपराधी मारे गए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश की सत्ता संभालते ही सबसे पहला लक्ष्य प्रदेश में कानून का राज स्थापित करना और अपराधियों को नेस्तनाबूद करना रखा।

मेरठ जोन में सबसे अधिक कार्रवाई

प्रदेश में सबसे अधिक पश्चिम के मेरठ जोन में कार्रवाई की गई। यहां पर पुलिस ने 7,969 अपराधी गिरफ्तार किए गए जबकि 2,911 घायल हुए। इसी तरह आगरा जोन में 5,529 अपराधी गिरफ्तार किए गये जबकि 741 घायल हुए। वहीं बरेली जोन में 4,383 अपराधी पकड़े गए और 921 घायल हुए। इसके अलावा वाराणसी जोन में 2029 अपराधी अरेस्ट किये गये और 620 घायल हुए। डीजीपी ने बताया कि कमिश्नरेट में सबसे अधिक गौतमबुद्धनगर में 1,983 गिरफ्तार किये गये और 1,180 घायल हुए। वहीं गाजियाबाद कमिश्नरेट में 1,133 गिरफ्तार किये गये और 686 घायल हुए। इसके अलावा आगरा कमिश्नरेट में 1,060 अपराधी गिरफ्तार किये गये और 271 घायल हुए।

पश्चिमी यूपी में सभी स्कूल 23 जुलाई तक बंद

लखनऊ। इस सप्ताह पूरे भारत में दो प्रमुख त्योहारों की धूम सबसे ज्यादा देखने को मिलेगी। एक महाशिवरात्रि तो दूसरा बोनालु फेस्टिवल जिसकी धूम खासकर तेलंगाना में देखने को मिलती है। इन दोनों प्रमुख त्योहारों की वजह से स्कूलों में छुट्टियां भी घोषित हो गई हैं। महाशिवरात्रि से पहले कांवड़ यात्रा का जोर भी देखने को मिल रहा है। कांवड़ यात्रा के चलते दिल्ली, यूपी, हरियाणा और राजस्थान में खास तैयारियां की जाती हैं। खासकर दिल्ली और यूपी में कांवड़ यात्रा की वजह से कई बदलाव होते हैं ताकि शिवभक्तों को कांवड़ लाने में कोई परेशानी न हो। इस बीच पश्चिमी यूपी के अधिकतर जिलों में 16 जुलाई से स्कूलों को बंद करने का ऐलान कर दिया गया।

छांगुर मामले में कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह की दो टूक

'न कोई सिफारिश चलेगी न कोई सोर्स'

महानगर संवाददाता

लखनऊ

उत्तर प्रदेश के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने मऊ दौरे के दौरान स्पष्ट कर दिया कि छांगुर मामले में कोई भी सिफारिश या राजनीतिक दबाव काम नहीं आएगा। उन्होंने कहा कि कानून के खिलाफ जाने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा "न कोई सिफारिश चलेगी, न सोर्स। जो दोषी होगा, उसे कानून की लपेट में आना ही होगा।" कैबिनेट मंत्री ने बाढ़ नियंत्रण को लेकर कहा कि 75 से 80 फीसदी परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं। घाघरा और सरयू जैसी पूर्वांचल की प्रमुख नदियों पर नियंत्रण को लेकर सरकार सतर्क है। गोरखपुर में भी बाढ़ से निपटने की संपूर्ण व्यवस्था की जा चुकी है। धर्मांतरण पर बोलते हुए उन्होंने कहा, "पिछले 8 वर्षों में योगी सरकार ने न सिर्फ धर्मांतरण पर नकेल कसी है, बल्कि किसी भी धार्मिक कार्यक्रम में कोई भेदभाव नहीं होता।"

सीएम ममता बनर्जी के बयान पर किया पलटवार

उन्होंने कहा कि सपा शासन में केवल एक धर्म विशेष के त्योहार पर ही बिजली दी जाती थी, लेकिन अब हर त्योहार पर 24 घंटे बिजली उपलब्ध कराई जाती है और शांति व्यवस्था को सर्वोपरि रखा गया है। वहीं बिहार में 30 लाख वोटर नाम हटाए जाने पर सीएम ममता बनर्जी द्वारा दिए गए बयान पर तीखा पलटवार करते हुए उन्होंने कहा "क्या पाकिस्तान-बांग्लादेश के लोगों को भारत का वोटर बना दिया जाए? कोई भी व्यक्ति तय कर ले कि उसे वोट कहां देना है, काशी में, मऊ में या बांग्लादेश में?" उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग स्वतंत्र संस्था है और अगर किसी को कोई आपत्ति है तो वह कोर्ट या आयोग के पास जाए। मंत्री ने कहा कि बीजेपी राजनीति को व्यापार नहीं, राष्ट्र सेवा का मिशन मानती है। हम घर बनाने या राजनीति करने नहीं आए, हम राष्ट्र निर्माण और गरीब कल्याण के लिए काम कर रहे हैं। बीजेपी जातिवाद, वंशवाद और क्षेत्रवाद से ऊपर उठकर काम करती है।

स्वच्छ सर्वेक्षण में लखनऊ 44वें से तीसरे स्थान पर

महानगर संवाददाता

लखनऊ

कचरा प्रबंधन में बेहतर सुधार करके लखनऊ ने स्वच्छता रैंकिंग में लंबी छलांग लगाई है। स्वच्छ सर्वेक्षण-2024 में देशभर में लखनऊ को तीसरा स्थान मिला है। बृहस्पतिवार को दिल्ली में इसकी घोषणा हुई। राष्ट्रपति ने सफाई में बेहतर कार्य करने के लिए महापौर सुषमा खर्कवाल को प्रेसीडेंशियल अवार्ड भी प्रदान किया। देश का कौन सा शहर सफाई में किस पायदान में है, इसे लेकर केंद्र सरकार की ओर से हर साल स्वच्छ सर्वेक्षण-2024 कराया जाता है। 2023 की लिस्ट में लखनऊ 17वें पायदान से फिसलकर 44वें पर

पहुंच गया था। लेकिन, एक साल में ही काम तेजी से सुधार करके नगर निगम ने इसे ठीक किया। यही कारण रहा कि इस बार लखनऊ को देश में तीसरा स्थान मिला है। अपर नगर आयुक्त डॉ. अरविंद राव ने बताया कि पहले स्थान पर अहमदाबाद और दूसरे पर भोपाल है। लखनऊ को तीसरा स्थान मिला है। उन्होंने इस उपलब्धि पर खुशी जाहिर की।

गोरखपुर में नशीली दवाइयों के धंधेबाजों पर शिकंजा

पहले कर्मचारी, अब ड्रग इंस्पेक्टर निलंबित

महानगर संवाददाता

गोरखपुर

नकली और नशीली दवाओं के धंधेबाजों पर मुख्यमंत्री की भृकुटी टेढ़ी हुई तो भालोटिया मार्केट में दो दिन से हंगामा मचा हुआ है। मंगलवार को औषधि प्रशासन विभाग के अनुसेवक मोहन तिवारी का निलंबन हुआ तो वहीं बुधवार को औषधि निरीक्षक (ड्रग इंस्पेक्टर) राहुल कुमार भी निलंबित कर दिया गया। ड्रग इंस्पेक्टर पर औषधि अनुसेवक के इशारे पर कार्य करने और संदिग्ध व नशीली दवाओं की जांच नहीं करने के साथ ही नए ड्रग लाइसेंस के आवेदनों की जांच में लापरवाही समेत कई गंभीर

आरोप हैं। पूरे मामले की जांच सहायक आयुक्त औषधि पूरन चंद को सौंपी गई है। पूर्वांचल में दवाओं की सबसे बड़ी मंडी भालोटिया में मरीजों की सहूलियत के लिए मंगाई गई मनोचिकित्सा और दर्द निवारक दवाइयों को धंधेबाज नशेड़ियों के लिए पंजाब और दिल्ली में बेच रहे हैं। इस तरह का मामला पकड़े जाने के बाद दिल्ली पुलिस की स्पेशल टीम ने यहां छापा मारा तो कई बड़े चौंकाने वाले खुलासे हुए। यहां तक कि एक दुकान ऐसी मिली, जिसका पंजीकरण तो है लेकिन वहां दूसरी दुकान चल रही थी। मामला मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तक पहुंचा तो उन्होंने इस मामले में जांच और कार्रवाई के निर्देश दिए। सीएम की सख्ती के बाद मंगलवार को औषधि प्रशासन विभाग के औषधि अनुसेवक मोहन तिवारी को निलंबित करते हुए वाराणसी कार्यालय से संबद्ध कर दिया गया। इसके बाद बुधवार को ड्रग इंस्पेक्टर राहुल कुमार को निलंबित करते हुए आयुक्त कार्यालय लखनऊ से संबद्ध किया गया है। ड्रग इंस्पेक्टर पर लगे आरोपों की जांच सहायक आयुक्त औषधि पूरन चंद को सौंपी गई है। औषधि निरीक्षक राहुल पर आरोप है कि वह अपने अधीनस्थ औषधि अनुसेवक मोहन तिवारी के इशारे पर काम करते थे। नए ड्रग लाइसेंस के लिए आए आवेदनों पर रिपोर्ट लगाने में मनमानी करते थे। वहीं संदिग्ध और नशीली दवाओं का सैंपल भी नहीं लेते थे। उनके हर महीने का टारगेट तक पूरा नहीं हो रहा था। ड्रग इंस्पेक्टर पर कोर्ट में चल रहे मामलों में भी पैरवी नहीं करने का आरोप है। बता दें कि निलंबित औषधि अनुसेवक पर व्यापारियों को धमकाकर पैसा वसूलने समेत कई अन्य गंभीर आरोप हैं।

मुख्तार अंसारी के शूटर को ढेर करने के बाद STF की रडार पर पूर्व विधायक

महानगर संवाददाता

मेरठ

संजीव जीवा और मुख्तार अंसारी गैंग के मुजफ्फरनगर खालापार निवासी शूटर शाहरुख पठान को एक पूर्व विधायक का संरक्षण था। विधायक ने पिछले कुछ साल में शाहरुख और उसके गुर्गों के साथ मिलकर काफी जमीनों की खरीद की थी। इस दौरान शाहरुख को भी हिस्सेदारी मिली थी। इसी इनपुट पर पूर्व विधायक पर एसटीएफ ने शिकंजा कसा है। आरोपी पूर्व विधायक के खिलाफ शासन को चिट्ठी भेजी गई है और संपत्ति की जांच के लिए लिखा गया है। ऐसे में पूर्व विधायक की संपत्ति की जांच हो सकती है। एसटीएफ की मेरठ यूनिट ने शाहरुख पठान को तीन दिन पहले ही मुजफ्फरनगर के छपार में मुठभेड़ में ढेर किया था। शाहरुख को लेकर एसटीएफ काफी समय से रेकी कर रही थी। इस दौरान एक पूर्व विधायक के संरक्षण का खुलासा हुआ। एनकाउंटर के बाद शाहरुख के मोबाइल की जांच में यह बात पुख्ता हो गई कि मुजफ्फरनगर का पूर्व विधायक उसे संरक्षण और साझेदारी में काम कर रहा था। जमीनों पर कब्जा कराने और धमकी दिलाने के लिए शाहरुख को भेजा जाता था। पिछले साल भर में कुछ जमीनों के सौदे के बारे में भी एसटीएफ के पास इनपुट है। इसी को लेकर एक पत्र शासन को भेजा गया है, जिसमें संबंधित पूर्व विधायक, उसके रिश्तेदारों

और शाहरुख के कुछ रिश्तेदारों की संपत्ति की जांच कराने के लिए लिखा गया है। बुधवार को पूरा दिन एसटीएफ की टीम मुजफ्फरनगर में ही डेरा डाले रही। विधायक और शाहरुख पठान के कनेक्शन को लेकर जांच शुरू की गई है। दूसरी ओर, शाहरुख पठान के साथ उसके आठ अन्य लोग भी गैंग में काम कर रहे थे, जिनका इनपुट एसटीएफ को पास है। एनकाउंटर के पास से सभी अंडरग्राउंड हैं। इनकी भी तलाश में टीम को लगाया गया है। पुलिस सूत्रों की मानें तो सभी प्रदेश छोड़कर हरियाणा फरार हो गए हैं। एसटीएफ अधिकारियों की मानें तो शाहरुख ने कुछ माह पूर्व खालापार निवासी एक कारोबारी को धमकी दी थी और उसकी जमीन को औने-पौने दाम में खरीदने के लिए दबाव बनाया था। दरअसल, जिस जगह कारोबारी की जमीन है, उसके पीछे ही विधायक की जमीन भी है। इसी जमीन की कीमत बढ़ाने के लिए कारोबारी की जमीन पर कब्जे का प्रयास किया गया। पहले पूर्व विधायक ने दबाव बनाया, लेकिन बात नहीं मानने पर शाहरुख को धमकी देने के लिए भेजा गया।

प्रयागराज में गंगा-यमुना उफान पर सैकड़ों नावें डूबने से नाविक परेशान

कई परिवारों की आजीविका सिर्फ नावों पर निर्भर

महानगर संवाददाता

प्रयागराज

जिले में बुधवार को देर रात से जारी मूसलाधार बारिश और तूफानी हवाओं ने गंगा और यमुना किनारे बसे क्षेत्रों में भारी तबाही मचाई। लगातार बारिश और तेज हवाओं के चलते गंगा और यमुना नदी में सैकड़ों नावों के डूबने और बह जाने की खबर है, जिससे नाविकों की आजीविका पर बड़ा संकट खड़ा हो गया है। संगम तट, दारागंज, नैनी और झूंसी घाट जैसे इलाकों में हालात सबसे ज्यादा खराब हैं। नाविकों का कहना है कि पिछले 25 वर्षों में उन्होंने ऐसा तूफान और बारिश नहीं देखी, जिसमें इस तरह का नुकसान हुआ हो। तेज

हवाओं की वजह से नदी की लहरें भयानक हो गईं और तटों पर बंधी नावें एक-एक कर बहती चली गईं। कई नावें लहरों की चपेट में आकर पलट गईं, तो कुछ का अब तक कोई पता नहीं चल सका है। स्थानीय लोगों और नाविकों द्वारा बनाए गए वीडियो में देखा जा सकता है कि गंगा में समुद्र जैसी ऊंची लहरें उठ रही थीं और नावें पानी में डगमगाती नजर आ रही थीं। कुछ नाविक अपनी नावों को बचाने की कोशिश में जुटे रहे, लेकिन लहरों की रफ्तार और तूफानी हवाओं के आगे उनकी मेहनत बेकार साबित हुई। इस घटना ने नाविक समुदाय को गहरे आर्थिक संकट में डाल दिया है। कई परिवारों की आजीविका सिर्फ नावों पर निर्भर है और उनका सारा सहारा एक ही रात में खत्म हो गया। नाविकों ने प्रशासन से तत्काल राहत, मुआवजा और मदद की मांग की है। प्रशासन की ओर से नुकसान का सर्वे कराया जा रहा है। वहीं मौसम विभाग ने अगले 48 घंटों तक और बारिश की चेतावनी जारी की है।

41 सेकेंड के वीडियो ने खोली नगर निगम की पोल, नाले में गिरा छात्र

महानगर संवाददाता

अलीगढ़

जिले के खैर रोड पर गोंडा मोड़ के निकट नगर निगम की लापरवाही के चलते एक स्कूली छात्र की जान जोखिम में पड़ गई। सड़क किनारे बनाई गई पुलिया के बाद खुला गड्ढा छोड़ दिया गया। गहरा गड्ढा एक बड़े हादसे का कारण बनते-बनते बच गया। इस गड्ढे में एक साइकिल सवार स्कूली छात्र गिर गया। जिसका 41 सेकेंड का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। घटना थाना रोरावर क्षेत्र की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, खैर रोड पर सड़क किनारे नाले के ऊपर पुलिया

निर्माण के बाद नगर निगम ने गड्ढे को ढकने की कोई व्यवस्था नहीं की। इस खुले गड्ढे के पास से गुजर रहा एक स्कूली छात्र अपनी साइकिल रोकने का प्रयास कर रहा था, तभी वह असंतुलित होकर गहरे नाले में जा गिरा। गनीमत रही कि आसपास के लोगों ने तुरंत उसे बाहर निकाला, जिससे उसकी जान बच पाई।

रक्षाबंधन से पहले बहनों पर टूटा दुखों का पहाड़, भाइयों की मौत से कोहराम

महानगर संवाददाता

वाराणसी

जिले में दीवार गिरने से दो भाइयों की मौत ने पूरे परिवार को झकझोर कर रख दिया। बुधवार की घटना को लेकर गुरुवार को भी घर में मातम पसरा रहा। घरवालों का रो- रोकर बुरा हाल है। आदित्य और अंकित की चार चचेरी और एक सगी बहन राखी की तैयारियां कर रही थीं। चाचा का कोई लड़का नहीं था, इसलिए चारों इन्हीं दोनों भाइयों को राखी बांधती थीं। इस बार घर में राखी तो नहीं मनाई जाएगी, लेकिन अब से हर साल घर में 10 राखियां कम खरीदी जाएंगी, क्योंकि दो भाई अब साथ नहीं होंगे। पिछले साल 20

राखियां खरीदी गई थीं। बुधवार को चोलापुर के भैठौली गांव में कच्ची दीवार गिरने से मलबे में दबकर आदित्य और अंकित की मौत हो गई। बड़ा बेटा आदित्य पोस्टमैन था। साथ ही एसएससी की तैयारी भी कर रहा था। अंकित 11वीं का छात्र था। डाक विभाग में पोस्ट मास्टर पिता संतोष कुमार ने बताया कि दोपहर में दोनों के शवों के पोस्टमार्टम के बाद सरायमोहना में अंत्येष्टि की।

बुजुर्ग को हाथ-पैर बांधकर कार में छोड़ा

ताजमहल देखने गया पूरा परिवार, गाइडों ने लॉक तोड़कर निकाला बाहर

महानगर संवाददाता

आगरा

जिले में संवेदनहीनता और अमानवीयता की हदें पार करने वाला मामला सामने आया है। ताजमहल देखने आया एक परिवार बुजुर्ग को कार में ही हाथ-पैर बांधकर छोड़ गया था। जब कुछ लोगों की नजर कार में बंधे बुजुर्ग पर पड़ी तो हैरान रह गए। गाइडों की मौके पर भीड़ जुट गई। पुलिस को भी मामले की सूचना दी गई। जब तक पुलिस पहुंचती गाइडों ने ही कार का लॉक तोड़कर बुजुर्ग को बाहर निकाल लिया। उनकी हालत भी काफी खराब थी। पुलिस ने एंबुलेंस बुलाकर उन्हें अस्पताल के लिए रवाना किया गया। इसी बीच

परिवार भी पहुंच गया। परिवार बुजुर्ग को अपने साथ लेकर चला गया। गुरुवार ताजमहल की पश्चिमी गेट पार्किंग में कुछ गाइडों ने कार के अंदर एक बुजुर्ग को बंद देखा। उनके हाथ पैर बंधे हुए थे। कार बंद होने के कारण उनकी हालत खराब हो रही थी। इस पर गाइडों ने वहां के पार्किंग कर्मचारियों को जानकारी दी। इसके साथ ही सभी ने मिलकर कार का लॉक तोड़ा और उन्हें बाहर निकाला। बुजुर्ग कुछ बोलने की स्थिति में नहीं थे। सूचना पर्यटन पुलिस को दी गई। पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से बुजुर्ग को इलाज के लिए भेजा। उनके परिवार की तलाश भी शुरू की गई। बताया जा रहा है कि अगर थोड़ी देर और बुजुर्ग कार में रहते तो शायद उनका दम घुट जाता और मौत हो जाती। उनको एंबुलेंस से रवाना होते ही परिवार भी पहुंच गया। बुजुर्ग के किले तक पहुंचने तक बुजुर्ग के परिवार वाले आ गए।

फर्जी IAS का VIP ड्रामा!

'भारत सरकार' की स्कॉर्पियो से की लूट

महानगर संवाददाता

इटावा

यूपी के इटावा से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। जहां, सैफई पुलिस ने एक फर्जी आईएएस अधिकारी समेत दो को गिरफ्तार किया है। साथ ही अवैध असलहा और भारत सरकार लिखी एक स्कॉर्पियो को कब्जे में ले लिया है। वहीं, गिरफ्तार युवकों को जेल भेजने की कार्रवाई की गई है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने गुरुवार को बताया कि 10 और 11 जुलाई की रात करीब ढाई बजे सैफई थाने की गश्ती पुलिस को आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे पर आजमगढ़ के रहने वाले रामप्रवेश यादव परेशान हालत में मिले। जिन्होंने सैफई पुलिस

को उनके साथ लूट की वारदात की जानकारी दी। पुलिस ने लुटेरों की तलाश में अंजाम देने वाली कार सवार लुटेरों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी के प्रयास शुरू किए गए। तभी इस मामले में शामली जिले में तैनात ऊन तहसील में तैनात एसडीएम अमर पांडे का फोन आया शुरू हो गया। जिसमें उनकी ओर से ऐसी जानकारी दी जाती है कि पुलिस ने जिस स्कॉर्पियो गाड़ी को पकड़ा है वह उनकी है।

बाघ के ताबड़तोड़ हमलों से दहशत

पीलीभीत। जिले में कई दिनों से न्यूरिया थाना क्षेत्र में घूम रहे बाघ ने बृहस्पतिवार सुबह दो घंटे के अंतराल में पांच किलोमीटर दायरे में दो महिलाओं और एक किशोर पर हमला किया। इसमें खेत में घास काट रही गांव मंडरिया निवासी कृष्णा देवी (50) पत्नी कालीचरण को बाघ करीब 20 मीटर दूर गन्ने के खेत में खींच ले गया और मार डाला। घायल किशोर और एक अन्य महिला को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बाघ के हमले की घटनाओं से आक्रोशित ग्रामीणों ने करीब दो घंटे तक हंगामा किया। महिला का शव नहीं उठने दिया। डीएम और एसपी मौके पर पहुंचे।

बाइक देने से मना करने पर दी जान

कानपुर। गोविंदनगर थानाक्षेत्र में बुधवार की सुबह पिता के बाइक देने से मना करने पर स्पेयर पार्ट्स व्यापारी बेटा घर से कहीं चला गया। शाम तक घर न लौटने पर परिजनों ने उसे फोन किया लेकिन उसने कॉल रिसीव नहीं की। गुरुवार की सुबह कानपुर-झांसी रेलवे लाइन किनारे पड़ा मिला। पुलिस ने युवक के ट्रेन के आगे आत्महत्या की सूचना परिजनों को दी तो कोहराम मच गया। दबौली वेस्ट निवासी राधाकृष्ण राजपूत का इकलौता बेटा कुलदीप राजपूत (27) पिता के साथ स्पेयर पार्ट्स का व्यापार कर रहा था। गोविंद नगर इंस्पेक्टर प्रदीप सिंह ने बताया कि कुलदीप को बुधवार की सुबह कचहरी में कोई काम था। उसने पिता से बाइक की चाबी मांगी।

यूपी में अब मोटापे के खिलाफ सरकारी अभियान

महानगर संवाददाता

लखनऊ

मोटापा ही मधुमेह, उच्च रक्तचाप, हृदय रोग और कई प्रकार के कैंसर जैसी बीमारियों का कारण है। भारत सरकार ने इस संबंध में निर्देश जारी किए हैं। इसी आधार पर राज्य सरकार ने मोटापा और अधिक वजन की रोकथाम को लेकर सभी जिलों में सामुदायिक स्तर पर विशेष जागरूकता गतिविधियां शुरू करने का निर्णय लिया है। इस संबंध में प्रमुख सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग की ओर से जारी आदेश में जिलाधिकारियों व मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को कहा गया है कि यह अभियान राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत आयुष्मान आरोग्य मंदिरों, स्वास्थ्य संस्थानों और समुदाय स्तर पर संचालित होगा। केंद्र सरकार के निर्देशानुसार

स्क्रीनिंग शुरू

मोटापा अब मधुमेह उच्च रक्तचाप, हृदय रोग सहित कई बड़ी बीमारियों का बड़ा कारण माना गया है। एनपी-एनसीडी कार्यक्रम के तहत 30 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों की आशा कार्यकर्ता जांच करेंगी, जिसमें कमर की परिधि की नाप प्रमुख संकेतक होगी। सभी पीएचसी, सीएचसी, जिला अस्पताल, मेडिकल कॉलेजों की ओपीडी, वार्ड, कैंटीन, पुस्तकालय, सभागार और छात्रावासों जैसे सभी सार्वजनिक स्थलों पर ऑयल एंड शुगर बोर्ड लगाए जाएंगे। इन बोर्डों के जरिए लोगों को कम वसा और कम चीनी वाले आहार के प्रति जागरूक किया जाएगा। सरकारी कार्यालयों की सभी लेखन सामग्रियों जैसे लेटरहेड, लिफाफा, नोटपैड व फोल्डर पर भी स्टॉप ओबेसिटी, संदेश प्रदर्शित करना अनिवार्य होगा। जिन व्यक्तियों को अधिक वजन या मोटापे के रूप में चिन्हित किया जाएगा, उन्हें एनसीडी ई-कवच पोर्टल पर दर्ज कर आयुष्मान आरोग्य मंदिरों के माध्यम से निगरानी में रखा जाएगा। प्रत्येक सप्ताह दो कार्य दिवस मोटापा, उच्च रक्तचाप और मधुमेह की जांच के लिए निर्धारित किए जाएंगे। इससे प्रभावित जनसंख्या की समय पर पहचान और इलाज सुनिश्चित हो सकेगा।

कैंसर पीड़ितों में प्रभावी सेल को नष्ट करेगी लीनियर मशीन

महानगर संवाददाता

वाराणसी

आईएमएस बीएचयू में 32 करोड़ रुपये से लीनियर एक्सीलेरेटर मशीन खरीदी जाएगी। इसके लिए धन की स्वीकृति होने के बाद अब बाकी औपचारिकताएं शुरू कर दी गई है। रेडियोथेरेपी विभाग में बहुत जल्द ही यह मशीन आ जाएगी। इसके प्रयोग से कैंसर ग्रस्त मरीजों की सेकाई के दौरान शरीर में प्रभावी होने वाले सेल को आसानी से नष्ट किया जा सकेगा। इससे सेकाई के दौरान शरीर के अन्य सामान्य सेल पर बहुत कम प्रभाव पड़ता है। आईएमएस बीएचयू में एम्स जैसी सुविधा के लिए एमओयू और पिछले महीने स्टैंडिंग फाइनेंस कमेटी में 100 करोड़ रुपये से नई मशीनों के खरीदे जाने का फैसला हुआ था।

अब विभागवार मशीनों के खरीदे जाने की प्रक्रिया भी शुरू हो गई है। आईएमएस बीएचयू के रेडियोथेरेपी विभाग में औसतन हर दिन 200 से अधिक मरीजों की रेडियोथेरेपी की जरूरत होती है। इस समय एक लीनियर एक्सीलेरेटर मशीन और एक कोबाल्ट मशीन है, वो बहुत पुरानी हो गई है। इन दो मशीनों के चलने के बाद भी किसी तरह 125 मरीजों की सेकाई हो पाती है। ऐसे में हर दिन 75 से अधिक मरीजों को सेकाई की डेट देकर बाद में आने को कहना पड़ता है। 32 करोड़ रुपये से जो लीनियर एक्सीलेरेटर मशीन खरीदी जाएगी, वो हाईटेक है। रेडियोथेरेपी विभाग के अध्यक्ष डॉ. सुनील चौधरी का कहना है कि लीनियर एक्सीलेरेटर की खासियत है कि इससे जिस मरीज की रेडियोथेरेपी की जाती है, उसके उस भाग में जहां ट्यूमर रहता है, उसमें रेडिएशन के दौरान मशीन के प्रयोग से कैंसर वाले सेल को खत्म करने में सहायता मिलती है। इसमें अन्य मशीनों के माध्यम से ज्यादा रेडिएशन निकलता है, जिससे कि मरीजों को समय रहते राहत मिलता है।

> लीनियर एक्सीलेरेटर मशीन खरीदे जाने के लिए कागजी कार्यवाही पूरी करवाई जा रही है। इसके आने के बाद कैंसर वाले मरीजों को ज्यादा राहत होगी।
>
> -प्रो. एसएन संखवार, निदेशक आईएमएस बीएचयू

'पेपर लीक पर SIT का गठन कर अच्छा काम किया'

जयपुर में बोले केंद्रीय मंत्री गृह अमित शाह

महानगर नेटवर्क
नई दिल्ली

केंद्रीय गृह व सहकारिता मंत्री अमित शाह गुरुवार को जयपुर पहुंचे। दोपहर करीब 12:15 बजे जयपुर एयरपोर्ट पर उतरने के बाद वे सभास्थल दादिया के लिए रवाना होने वाले थे। खराब मौसम के कारण हेलिकॉप्टर से यात्रा संभव न होने पर शाह सड़क मार्ग से दादिया पहुंचे। इस दौरान उन्होंने सहकारिता और युवा सशक्तिकरण से जुड़ी कई योजनाओं को शुभारंभ किया। दादिया में आयोजित कार्यक्रम में अमित शाह ने राजस्थान पुलिस के 100 नए वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसके बाद उन्होंने सहकारी उत्पादों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया। शाह ने सरकारी नौकरी पाने वाले 8,000 युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए। इसके लिए प्रशासन सुधार विभाग ने सभास्थल पर दो स्टॉल लगाए थे। इस अवसर पर उन्होंने 500 मीट्रिक टन क्षमता वाले 24 अनाज गोदामों और 64 मिलेट्स केंद्रों का वर्चुअल उद्घाटन भी किया। साथ ही, गोपाल क्रेडिट कार्ड योजना के तहत 1,400 गोपालकों को 12 करोड़ रुपये के ऋण वितरित किए गए। बता दें, अमित शाह ने अपने संबोधन की शुरुआत भारत माता की जय के उद्घोष के साथ की। साथ ही राजस्थान की धरती को प्रणाम किया। शाह ने कहा कि सहकारिता ने पिछले 100 वर्षों में देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है और अगले 100 साल सहकारिता के विकास के लिए समर्पित होंगे। इस दौरान शाह ने कहा कि सहकारिता के माध्यम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने और किसानों को सशक्त बनाने का प्रयास किया जा रहा है। अमित शाह ने राजस्थान की कृषि उपलब्धियों की सराहना की और कहा कि राज्य मूंगफली, ज्वार, चना और तिलहन उत्पादन में अग्रणी भूमिका निभा रहा है।

ऑपरेशन सिंदूर पर दिया बड़ा बयान

ऑपरेशन सिंदूर का किया जिक्र

अमित शाह ने कांग्रेस शासनकाल पर निशाना साधते हुए कहा कि उस दौरान देश आतंकवादी हमलों से जूझता था। इसके विपरीत, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने न केवल अपनी सुरक्षा को मजबूत किया, बल्कि समृद्ध और विकसित राष्ट्र के सपने को भी साकार किया है। उन्होंने हाल के ऑपरेशन सिंदूर का उदाहरण देते हुए कहा कि पीएम मोदी ने समय-समय पर पाकिस्तान को करारा जवाब दिया और दुनिया को भारत की ताकत का संदेश दिया।

CM भजनलाल की तारीफों के बांधे पुल

शाह ने राजस्थान में सहकारिता के क्षेत्र में किए गए कार्यों के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की सराहना की। उन्होंने 'राइजिंग राजस्थान' पहल, पेट्रोल-डीजल पर वैट में कटौती, और रसोई गैस सिलेंडर की कीमतों में कमी जैसे कार्यों का जिक्र किया। शाह ने विशेष रूप से सहकारिता के क्षेत्र में राजस्थान के योगदान को रेखांकित किया और कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कम समय में सहकारिता को मजबूत करने का सराहनीय कार्य किया है। शाह ने विश्वास जताया कि केंद्र और राजस्थान सरकार मिलकर राज्य के सहकारिता आंदोलन को और सशक्त करेंगे। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि 2047 तक राजस्थान सहकारिता के क्षेत्र में देश में नंबर-1 बने। इसके लिए भारत सरकार और राजस्थान सरकार संयुक्त रूप से काम करेंगी। अमित शाह ने कहा कि भजनलाल सरकार ने पेपरलीक पर एसआईटी का गठन करके बड़ा काम किया। उन्होंने कहा कि एसआईटी के गठन से पेपर लीक माफिया को कड़ा संदेश दिया गया। इससे युवाओं को बड़ा फायदा मिलेगा।

यह तो SC समुदाय की गरिमा का अपमान है, जाति तो इंसानों ने बनाई

HC ने दी मंदिर में प्रवेश की इजाजत

महानगर नेटवर्क
चेन्नई

मद्रास हाई कोर्ट ने हाल ही में अपने एक अहम फैसले में कहा है कि जाति तो इंसानों ने बनाई है। ईश्वर तो तटस्थ हैं और उनके सामने सभी बराबर हैं। हाई कोर्ट ने यह भी कहा कि अनुसूचित जाति (SC) के लोगों को मंदिरों में पूजा-अर्चना करने के अधिकार से वंचित करना उनकी गरिमा का अपमान है। इसके साथ ही अदालत ने SC समुदाय के श्रद्धालुओं को मंदिर में प्रवेश करने की इजाजत दे दी। दरअसल, हाई कोर्ट अनुसूचित जाति समुदाय के सदस्यों की उस अर्जी पर सुनवाई कर रहा था, जिसमें अरुलमिगु पुथुकुडी अय्यनार मंदिर में प्रवेश करने और 16 से 31 जुलाई तक चलने वाले रथ उत्सव में भाग लेने की अनुमति मांगी गई थी। जस्टिस एन आनंद वेंकटेश ने कहा कि अगर कोई मंदिर जनता के लिए खुला है, तो उसे जाति की परवाह किए बिना और भेदभाव किए बिना सभी को वहां प्रवेश की अनुमति दी जानी चाहिए।

जाति और समुदाय इंसानों ने बनाई हैं बार एंड बेंच की रिपोर्ट के मुताबिक, जस्टिस एन आनंद वेंकटेश ने अपने फैसले में कहा, "जाति और समुदाय इंसानों ने बनाई हैं। ईश्वर को हमेशा तटस्थ माना जाता है। इसके अलावा, अनुसूचित जाति समुदाय से संबंधित होने के आधार पर लोगों को पूजा-अर्चना करने से रोकना, उन लोगों की गरिमा का अपमान है, जिनके साथ उनकी जाति के आधार पर भेदभाव किया जाता है। ऐसे देश में, जहाँ कानून का शासन है, इसकी अनुमति कभी नहीं दी जा सकती।"

अपने फैसले में पीठ ने कहा कि जाति के आधार पर किसी को भी मंदिरों में प्रवेश करने से रोकना उसकी गरिमा और कानूनी अधिकारों का उल्लंघन है। पीठ ने अपने फैसले में तमिलनाडु मंदिर प्रवेश प्राधिकरण अधिनियम, 1947 का भी हवाला दिया, जो सभी हिंदुओं को मंदिरों में प्रवेश और पूजा करने का अधिकार सुनिश्चित करता है। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा,?यह अधिनियम कई नेताओं के लंबे संघर्ष के बाद लागू हुआ, जो यह सुनिश्चित करना चाहते थे कि लोगों को उनकी जाति के आधार पर मंदिरों में प्रवेश करने से न रोका जाए।

तबलीगी जमात से जुड़े 70 लोगों को बड़ी राहत

HC ने खारिज किए कोविड महामारी के दौरान दर्ज 16 मामले

नई दिल्ली। दिल्ली हाई कोर्ट ने गुरुवार को कोविड-19 महामारी के दौरान मार्च 2020 में तबलीगी जमात से जुड़े 70 भारतीय नागरिकों के खिलाफ दर्ज 16 मामलों को खारिज कर दिया है। इन लोगों पर ये मामले वहां आयोजित कार्यक्रम में शामिल विदेशी लोगों की गुपचुप मेजबानी करने के आरोप में दर्ज किए गए थे। इस मामले में फैसला सुनाते हुए जस्टिस नीना बंसल कृष्णा ने कहा, 'सभी आरोपपत्र खारिज किए जाते हैं।' इन 70 भारतीय लोगों के खिलाफ कुल 16 FIR दर्ज की गई थीं, जिन्हें उच्च न्यायालय में चुनौती देते हुए रद्द करने की मांग की गई थी। इस मामले में अधिवक्ता आशिमा मंडला और मंदाकिनी सिंह ने अदालत में याचिकाकर्ताओं का पक्ष रखा। इन 70 लोगों पर आरोप था कि कोविड-19 महामारी की पहली लहर के दौरान तबलीगी जमात से जुड़े इन लोगों ने 190 से ज्यादा विदेशियों को निजामुद्दीन मरकज में पनाह दी थी। इस मामले में आरोपियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी), महामारी रोग अधिनियम, आपदा प्रबंधन अधिनियम और विदेशी अधिनियम के प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया था। दिल्ली पुलिस ने तर्क दिया कि आरोपियों ने विदेशी नागरिकों को पनाह देकर देशव्यापी लॉकडाउन और अन्य निषेधाज्ञाओं का उल्लंघन किया था।

हम करेंगे नेतृत्व और मैं बनूंगा मुख्यमंत्री

महानगर नेटवर्क
नई दिल्ली

ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (AIADMK) प्रमुख एडप्पादी के पलानीस्वामी ने कहा कि तमिलनाडु में पार्टी नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) अटूट है और भाजपा समेत इसके घटक दलों के बीच फूट डालने की कोई भी कोशिश सफल नहीं होगी। उन्होंने यह भी कहा कि गठबंधन के संबंध में उनका निर्णय अंतिम होगा। विधानसभा में विपक्ष के नेता ने मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन के 'उंगलुदन स्टालिन' संपर्क कार्यक्रम की भी आलोचना की और इसे एक 'नाटक' बताया। उन्होंने आरोप लगाया कि इसका उद्देश्य 2026 के विधानसभा चुनावों से पहले तमिलनाडु के लोगों को 'गुमराह' करना है। पलानीस्वामी ने पूछा कि इस सरकार के बचे हुए आठ महीनों में लोग अपने मुद्दों के क्या ही समाधान की उम्मीद कर सकते हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा अगले साल राज्य में राजग के चुनाव जीतने पर गठबंधन सरकार बनाने संबंधी कथित टिप्पणी के बारे में पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए, पलानीस्वामी ने कहा कि भाजपा के वरिष्ठ नेता ने केवल इतना कहा कि गठबंधन सत्ता में आएगा। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, 'उनका कहना है कि हमारा गठबंधन सरकार बनाएगा। मैंने पहले ही स्पष्ट कर दिया है -- इस गठबंधन का नेतृत्व कौन कर रहा है? तो यह मेरा फैसला है, है ना? कौन मुख्यमंत्री बनेगा, कौन सरकार बनाएगा - हम दोनों (शाह और मैं) यह स्पष्ट कर चुके हैं।' यह स्पष्ट कर दिया गया है कि अन्नाद्रमुक राज्य में राजग का नेतृत्व करेगा और अगर गठबंधन विजयी होता है तो वह मुख्यमंत्री बनेंगे। उन्होंने कहा, 'गठबंधन में फूट डालने की कोई भी कोशिश सफल नहीं होगी। यह एक अटूट गठबंधन है।' पलानीस्वामी ने दावा किया कि द्रमुक को यह उम्मीद नहीं थी कि अन्नाद्रमुक गठबंधन करेगा और इसलिए वह 'डर के कारण' विपक्षी गठजोड़ की आलोचना कर रहा है।

BJP के साथी दल AIADMK ने कर दिया सीधा ऐलान

आप का खुद अवैध संबंध और लगा रहीं रेप के आरोप

SC ने महिला को ही सुनाया, आरोपी को बेल

महानगर नेटवर्क
नई दिल्ली

रेप के एक मामले में सुप्रीम कोर्ट ने आरोप लगाने वाली महिला को ही खूब सुनाया। इसके अलावा आरोपी की अग्रिम जमानत भी बरकरार रखी। गुरुवार को हुई सुनवाई में बेंच ने महिला से कहा कि आप शादीशुदा हैं और उसके बाद भी अवैध तौर पर संबंध बनाए। ऐसे में आप कैसे रेप का आरोप लगा रही हैं। बेंच ने कहा कि आप एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर रख रही थीं, जो अपने आप में एक अपराध है। यही नहीं बेंच ने कहा कि शादी से इतर किसी अन्य शख्स से आपका शारीरिक संबंध बनाना गलत था और आप पर खुद इस मामले में केस चलना चाहिए। जस्टिस एम.एम सुंदरेश और जस्टिस एन. कोटिश्वर सिंह की बेंच ने महिला की ओर से दायर याचिका के जवाब में यह बात कही, जिसमें उसने कहा था कि आरोपी की अग्रिम जमानत खारिज होनी चाहिए। महिला के वकील ने सुप्रीम कोर्ट में कहा कि आरोपी ने शादी का वादा किया था और फिर मुकर गया। इस पर बेंच ने कहा, 'आप एक शादीशुदा महिला हैं। आपके दो बच्चे हैं। आप परिपक्व थीं। आप जानती थीं कि शादी से इतर संबंध बनाना कैसे गलत है।' इस पर महिला के वकील ने कहा कि आरोपी ने कई बार होटल में बुलाया था और संबंध बनाए।

दिलचस्प केस में HC का बड़ा फैसला

अमेरिकी बच्चे को गोद लेना मौलिक अधिकार नहीं

महानगर नेटवर्क
मुंबई

बॉम्बे हाई कोर्ट ने एक अहम और दिलचस्प मामले में दंपति को उनके रिश्तेदार के बच्चे को गोद का अधिकार देने से इनकार कर दिया। अदालत ने कहा कि किसी भारतीय नागरिक को अमेरिकी नागरिकता वाले बच्चे को गोद लेने का मौलिक अधिकार नहीं है, भले ही वह बच्चा उनके रिश्तेदार का ही क्यों न हो। यह फैसला न्यायमूर्ति रेवती मोहिते डेरे और न्यायमूर्ति नीला गोखले की खंडपीठ ने लिया। अदालत ने स्पष्ट किया कि यह बच्चा न तो देखभाल और संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चे की श्रेणी में आता है और न ही कानून का उल्लंघन करने वाला बच्चा? है। इसलिए वह किशोर न्याय अधिनियम या दत्तक ग्रहण विनियमों के तहत गोद लेने योग्य नहीं है।

पीठ ने कहा, "ऐसा कोई प्रावधान नहीं है जो विदेशी नागरिकता वाले बच्चे को भारतीय दंपति द्वारा गोद लेने की अनुमति देता हो, जब तक कि वह बच्चा भारतीय कानून में परिभाषित 'विशेष श्रेणी' में न आता हो।" कोर्ट ने दंपति को सलाह दी कि अगर वे वास्तव में बच्चे को गोद लेना चाहते हैं, तो उन्हें अमेरिकी कानून और प्रक्रिया के अनुसार अमेरिका में गोद लेने की औपचारिकताएं पूरी करनी होंगी।

अमरनाथ रूट पर लैंडस्लाइड से महिला की मौत, यात्रा रुकी

जम्मू। जम्मू-कश्मीर के गंदेरबल जिले में अमरनाथ यात्रा के बालटाल मार्ग पर हुए भूस्खलन में एक महिला तीर्थयात्री की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य घायल हो गए। मौसम विभाग ने अगले 48 घंटों में और बारिश होने की भविष्यवाणी की है, जिसके बाद तीर्थ स्थल प्रशासन ने सुरक्षा चिंताओं के चलते यात्रा को अस्थायी रूप से स्थगित कर दिया है। अधिकारियों ने दुर्घटना पर टिप्पणी करते हुए कहा कि ऊपरी रेल पथरी के पास ज़ेड-मोड़ पर भूस्खलन हुआ, जिससे पवित्र गुफा की ओर जाने वाले बालटाल मार्ग पर मलबे के साथ कम से कम 10 तीर्थयात्री नीचे की ओर बह गए। स्थानीय लोगों, एसडीआरएफ और पुलिस व सेना की बचाव टीमों ने तुरंत कार्रवाई की और सभी तीर्थयात्रियों को बचाया और घायलों को बालटाल बेस कैंप अस्पताल ले जाया गया। बेस अस्पताल में भर्ती चार घायलों में से एक महिला तीर्थयात्री को मृत घोषित कर दिया गया। मृतक की पहचान राजस्थान निवासी सोना भाई पत्नी दारा राम के रूप में हुई है।

'निमिषा प्रिया की मदद के लिए सरकार कर रही सभी प्रयास'

नई दिल्ली। यमन में फांसी की सजा का सामना कर रहीं भारतीय नर्स निमिषा प्रिया के मामले में विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत सरकार उनकी मदद के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। उन्होंने बताया, 'हमने कानूनी मदद उपलब्ध कराई है और उनके परिवार की सहायता के लिए एक वकील भी नियुक्त किया है। हम स्थानीय अधिकारियों और उनके परिवार के संपर्क में हैं ताकि इस मामले का कोई समाधान निकल सकें।'

महावितरण

ई - निविदा सूचना

म. रा. वि. वि. कं. मर्या. मालेगाव विभागाअंतर्गत मटेरियल ट्रांसपोर्टेशनसाठी नोंदणीकृती फर्मकडून ई-निविदा स्वरूपात डिजिटल सीलबंद व स्वाक्षरीकृत निविदा T-02 या क्रमांकाने मागविण्यात येत आहे. कामाचे स्वरूप, नोंदणी तारखा, संख्या, निर्दिष्ट, क्षेत्र, निविदा शुल्क, अंदाजित किंमत, ईएमडी इत्यादी तपशील https://etender.mahadiscom.in/eatApp/ येथे उपलब्ध करण्यात येत आहे. निविदा **दि.17.07.2024 पासून दि. 26.07.2024** पर्यंत उपलब्ध असेल. निविदा शुल्क ऑनलाईन भरणा केले नंतर सदरील निविदा दि. **26.07.2024 रोजी 23.00** पर्यंत भरणेसाठी उपलब्ध असेल. संपर्क क्रमांक- **7875766124.**

पि.आर.ओ. क्र. 194

कार्यकारी अभियंता,
श.त.ग्रा. विभाग, मालेगांव

अतिक्रमण हटाने गये प्रशासन पर ग्रामीणों का हमला

पुलिस फायरिंग में एक की मौत

गोलपाड़ा। असम के गोलपाड़ा जिले में पिछले हफ़्ते अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। इसी अभियान के दौरान प्रदर्शनकारियों और अधिकारियों के बीच हिंसक झड़प हो गई। हिंसक झड़प के दौरान पुलिस को फायरिंग करनी पड़ी, जिसमे एक व्यक्ति की मौत हो गई और पुलिसकर्मियों समेत कई लोग घायल हो गए। ग्वालपाड़ा ज़िले के पैकन रिजर्व फ़ॉरेस्ट में 140 हेक्टेयर वन भूमि को खाली कराने के लिए 12 जुलाई को एक अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया गया था। यहां लगभग 1,080 परिवारों के घरों पर बुलडोज़र चला दिया गया था।

अतिक्रमण को हटाने का काम बिना किसी घटना के हुआ। अभियान खत्म होने के बाद भी कई प्रभावित परिवार तिरपाल टेंट जैसे अस्थायी इंतज़ामों में वहीं रह रहे हैं। उनका कहना है कि उनके पास और कहीं जाने की जगह नहीं है। गुरुवार सुबह जब अधिकारी इन टेंट्स को हटाने आए, तो इन प्रभावित परिवारों की पुलिस और सुरक्षाबलों के साथ हिंसक झड़प हुई। आईजीपी (कानून-व्यवस्था) अखिलेश सिंह ने कहा, "फॉरेस्ट टीम और पुलिस बेदखल किए गए इलाके में नियमित गश्त कर रहे थे, तभी स्थानीय लोगों ने आधिकारिक ड्यूटी पर तैनात लोगों पर हमला कर दिया। लगभग 10 कांस्टेबल घायल हो गए और संपत्ति को भी नुकसान पहुंचा है, जिसका हम जायजा ले रहे हैं। लोगों को तितर-बितर करने के लिए उन्हें बल प्रयोग करना पड़ा, जिसमें गोलीबारी भी की गई थी। इसमें तीन स्थानीय लोगों को गोली लगी। उनमें से एक की मौत हो गई, और दो अन्य का इलाज चल रहा है। मरने वाले व्यक्ति की पहचान शकवर अली के रूप में हुई है।"

डबल स्टैंडर्ड से दूर रहो

रूस से व्यापार पर धमकी देने वाले NATO को भारत की दो टूक

महानगर नेटवर्क
नई दिल्ली

भारत ने गुरुवार को NATO प्रमुख मार्क रूट्टे के उस बयान पर कड़ी आपत्ति जताई, जिसमें उन्होंने रूस के साथ व्यापारिक संबंध रखने वाले देशों, खासकर भारत, चीन और ब्राज़ील को सेकेंडरी सैंक्शंस की धमकी दी थी। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए भारत के विदेश मंत्रालय ने 'डबल स्टैंडर्ड' को लेकर सख्त चेतावनी दी है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने साप्ताहिक प्रेस ब्रीफिंग में कहा, हमने इस विषय पर रिपोर्ट्स देखी हैं और घटनाक्रम पर करीबी नजर रखे हुए हैं। मैं दोहराना चाहता हूं कि हमारे लोगों की ऊर्जा जरूरतों को सुरक्षित करना हमारे लिए सर्वोच्च प्राथमिकता है।

उन्होंने आगे कहा, हम यह फैसला बाजार में क्या उपलब्ध है और दुनिया में कैसी स्थिति है, इसे देखकर लेते हैं। ऐसे मामलों में हम खास तौर पर डबल स्टैंडर्ड्स से बचने की सलाह देंगे। NATO प्रमुख रूट्टे ने वॉशिंगटन में अमेरिकी सीनेटरों थॉम टिलिस और जीन शाहीन के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस में भारत, चीन और ब्राज़ील से रूस के साथ अपने आर्थिक रिश्तों पर पुनर्विचार करने को कहा था।

उन्होंने चेतावनी दी कि अगर रूस ने शांति वार्ता के लिए गंभीरता नहीं दिखाई, तो ये देश "100 प्रतिशत सेकेंडरी सैंक्शंस" के दायरे में आ सकते हैं। रूट्टे ने कहा था, "अगर आप बीजिंग, दिल्ली या ब्राजील में हैं, तो आपको इस बात को गंभीरता से लेना चाहिए, क्योंकि यह आप पर भारी पड़ सकता है... पुतिन को फोन करें और उसे कहें कि वह शांति वार्ता को लेकर गंभीर हो, वरना इसका सीधा असर भारत, चीन और ब्राज़ील पर पड़ेगा।"

एक ही छत के नीचे महिलाओं और बच्चों को मिलेंगी अत्याधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं

नई दिल्ली। मुलुंड में 'एलीट वुमन एंड चाइल्ड केयर हॉस्पिटल' का उद्घाटन किया गया है, जहां एक ही छत के नीचे महिलाओं और बच्चों के लिए अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। 8,500 वर्ग फुट क्षेत्र में फैले इस अस्पताल में स्त्री रोग, बाल रोग, नवजात शिशु चिकित्सा, आईसीयू, बाल अस्थि रोग एवं प्रजनन संबंधी उपचार जैसी विभिन्न सेवाएं प्रदान की जाएंगी। यह अस्पताल मुलुंड पश्चिम में एलबीएस रोड स्थित निर्मल लाइफस्टाइल मॉल के पास मैरेथॉन मिलेनियम की तीसरी मंजिल पर शुरू किया गया है। 'एलीट वुमन एंड चाइल्ड केयर हॉस्पिटल' 36 बेड वाला अस्पताल है, जिसमें 12 बेड नवजात शिशुओं के लिए एनआईसीयू (NICU), 5 बेड बच्चों के लिए पीआईसीयू (PICU) और 4 बेड वयस्कों के आईसीयू के उपलब्ध कराए गए हैं। प्रसूती एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ और लेप्रोस्कोपिक सर्जन डॉ. काव्या शेट्टी ने कहाँ की, "एलीट वुमन एंड चाइल्ड केयर हॉस्पिटल के शुभारंभ से मुलुंड और आसपास की महिलाओं को घर के पास ही बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिलेंगी।

पनवेल महानगरपालिका

ता. पनवेल, जि. रायगड - ४१०२०६

दुरध्वनी कार्यालय ०२२- २७४५८०४०/४१/४२ | फॅक्स नं.: ०२२-२७४५२२३३
आयुक्त कार्यालय : ०२२ - २७४५२३३९ | उपायुक्त कार्यालय : ०२२ - २७४५५७५१
ई-मेल: panvelcorportation@gmail.com | वेबसाईट:www.panvelcorporation.com

जा.क्र/प.महा/पर्या./३९२५/प्र.क्र.०५/२१८/२०२५ | दिनांक: १७/०७/२०२७५

जाहीर निविदा (दुसरी वेळ)

पनवेल महानगरपालिकेमार्फत Development and maintenance of garden and roadside plantation in the municipal Area for Miyawaki Plantation at Pisarve Village / Ove Village. (Retender) या कामाकरिता जाहीर ई-निविदा मागविण्यात येत आहेत.

अ. क्र.	कामाचा तपशील
१	Development and maintenance of garden and roadside plantation in the municipal Area for Miyawaki Plantation at Pisarve Village/Ove Village. (Retender)

सदर निविदा महाराष्ट्र शासनाच्या www.mahatenders.gov.in या संकेतस्थळावर दि.१७/०७/२०२५ रोजी प्रसिध्द करण्यात आलेली आहे. सदर निविदा संकेतस्थळावर दि. २४/०७/२०२५ पर्यंत उपलब्ध राहील. इच्छुक निविदाधारकांनी याची नोंद घ्यावी.

सही/-
उपायुक्त (पर्यावरण)
पनवेल महानगरपालिका

पुणे महानगरपालिका, पुणे

निविदा प्रकिया कक्ष विद्युत विभाग
निविदा जाहिरात - नविन कामे

जाहिरात क्र. 2/458
दि. 17/07/25

पुणे अद्वितीय & Unique

विक्री कालावधी दिनांक : 18-07-2025 ते 25-07-2025 14:30 दुपारी पर्यंत
स्वीकृती दिनांक:- 18-07-2025 ते 25-07-2025 14:30 दुपारी पर्यंत
तांत्रिक निविदा उघडणे प्रक्रिया दिनांक : 28-07-2025 15:00 दुपारी

निविदा क्रमांक	खात्याचे नाव	कामाचे नाव	निविदा संच किंमत ₹	अंदाजित पूर्व गणित रक्कम ₹	बयाणा रक्कम ₹	कामाची मुदत (महिने)	निविदा विषयक जबाबदार व्यक्तीचे नाव व दूरध्वनी क्रमांक
PMC/ELECTRICAL/2025/77	विद्युत	परिमंडळ क्रमांक 5 अंतर्गत असलेल्या श्री गणेश कला क्रीडारंगमंच, लोकशाहीर अण्णाभाऊ साठे सभागृह, ज्ञानज्योती सावित्रीबाई फुले स्मारक, हिंदुहृदय सम्राट शिवसेना प्रमुख बाळासाहेब ठाकरे व्यंगचित्रकार कलादालन येथे लाईट व साउंड यंत्रणेचे देखभाल दुरुस्ती व वार्षिक ऑपरेटिंगची कामे करणे.	₹ 1359/-	₹ 4051984/-	₹ 40520/-	12	Bhagyashree Uday Deshpande 9689936540
PMC/ELECTRICAL/2025/78	विद्युत	परिमंडळ क्रमांक 5 अंतर्गत असलेल्या श्री गणेश कला-क्रीडारंगमंच, लोकशाहीर अण्णाभाऊ साठे सभागृह, ज्ञानज्योती सावित्रीबाई फुले स्मारक, हिंदुहृदय सम्राट शिवसेना प्रमुख बाळासाहेब ठाकरे व्यंगचित्रकार कलादालन येथे वातानुकूलित यंत्रणेचे देखभाल दुरुस्ती व वार्षिक ऑपरेटिंगची कामे करणे.	₹ 1359/-	₹ 3874201/-	₹ 38742/-	12	Bhagyashree Uday Deshpande 9689936540

अ) सदर कामाबाबत निविदा अटी / शर्ती इ. बाबतचा सर्व तपशील निविदा संचामध्ये नमूद केला असून सदर कामाचे निविदा www.mahatenders.gov.in या वेबसाईटवर पाहण्यासाठी उपलब्ध आहे. निविदा संचाची विक्री व स्वीकृत सदर वेबसाईटवरुन फक्त ऑनलाईन पधतीने करण्यात येत असून सर्व निविदा दोन पाकीट पधतीने मागविण्यात येत आहेत.
ब) निविदा प्रक्रियाच्या शेवटच्या दिवशी संच प्राप्त न आल्यास व स्वीकृतीच्या शेवटच्या दिवशी ऑनलाईन सादरीकरण न झाल्यास याची सर्वस्व जबाबदारी टेंडरदाराची राहील.
क) ऑनलाईन निविदा प्रकिया बाबतची संपूर्ण माहिती टेंडर सेल विभाग पुणे म.न. पा. येथे मिळेल.
ड) कार्यालयीन आदेश क्र. अतिमआ (वि) / 32 दिनांक 22/04/2016 नुसार बयाना रक्कम इ.सी एस./आर.टी.जी. एस./ एन. एफ. टी सुविधेमार्फतच स्वीकारनेत येणार आहे.

सही/-
Bhagyashree M Deshpande
कार्यकारी अभियंता, विद्युत
पुणे महानगरपालिका

बृहन्मुंबई महानगरपालिका

विभाग : जल अभियंता का विभाग
क्र. : ईई(एम.) एम. डब्ल्यू./3014, मेंटे., दिनांक : 17.07.2025

ई-निविदा सूचना

बृहन्मुंबई महानगरपालिका के आयुक्त द्वारा पात्र बोलीकर्ताओं से निम्नलिखित कार्यों हेतु ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं. बोली आरंभ तिथि व समय तथा बोली समाप्ति तिथि व समय का विवरण मनपा की वेबसाइट के निविदा अनुभाग एवं महाटेंडर पोर्टल पर विस्तृत निविदा सूचना में दर्शाया गया है.

बोली क्रमांक : 2025_एमसीजीएम_1199957_1

कार्य का नाम
ए.ई.(मेंटे.) डब्ल्यू.डब्ल्यू.डब्ल्यू.एस. दक्षिण विभागांतर्गत एच और के वॉर्ड्स में बीएफवी के लिए इलेक्ट्रो-मैकेनिकल उपकरणों की व्यापक डिज़ाइन, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और क्रियान्वयन का कार्य. निविदा आरंभ तिथि : 18/07/2025 निविदा समाप्ति तिथि : 01/08/2025

इच्छुक निविदाकार निविदा की अधिक जानकारी हेतु मनपा की वेबसाइट http://portal.mcgm.gov.in एवं महाटेंडर पोर्टल वेबसाइट http://mahatenders.gov.in का अवलोकन करें.

हस्ता./- 17.07.2025
ईई(एम.) एम.डब्ल्यू.

पीआरओ/1040/विज्ञा. /2025-26

जहां तक संभव हो घर पर तैयार और ताजे खाद्य पदार्थों का सेवन करें

सावन के महीने में चांदी का नंदी खरीदने से क्या होता है?

सावन का महीना शिव भक्ति के लिए बेहद शुभ माना जाता है। इस माह में शिव कृपा के लिए भक्त व्रत, पूजन, भजन, मंत्र जप, कांवड़ यात्रा और ध्यान आदि करते हैं। साथ ही भगवान शिव से संबंधित कई चीजों को इस दौरान भक्तों के द्वारा घर में भी स्थापित किया जाता है। नंदी जी को भगवान शिव की सवारी माना गया है और सावन में कई लोग चांदी का नंदी घर में स्थापित करते भी हैं। ऐसे में आज हम आपको बताएंगे कि सावन के दौरान चांदी का नंदी घर में स्थापित करना सही होता है या गलत।

घर में चांदी का नंदी स्थापित करना सही या गलत?

धार्मिक और वास्तु से जुड़ी मान्यताओं के अनुसार घर में चांदी का नंदी स्थापित करना शुभ माना जाता है। सावन में अगर आप घर में नंदी महाराज को स्थापित करते हैं तो कई शुभ परिणाम आपको प्राप्त हो सकते हैं। हालांकि, कुछ बातों का आपको ख्याल रखना चाहिए। जैसे- नंदी जी को भगवान शिव की मूर्ति से थोड़ी दूरी पर रखना चाहिए। आपने देखा होगा कि शिव मंदिरों में भी नंदी महाराज मुख्य द्वार के बाहर विराजमान रहते हैं। इसी तरह घर के पूजा स्थल पर अगर आप नंदी जी की मूर्ति स्थापित करना चाहते हैं तो शिवजी की मूर्ति या तस्वीर से थोड़ी दूरी बनाकर आपको मूर्ति रखनी चाहिए। नंदी महाराज भगवान शिव के भक्त भी हैं और सवारी भी, ऐसे में अगर आप नंदी जी को शिव जी के समतुल्य स्थान देते हैं तो नंदी महाराज नाराज हो सकते हैं। इसलिए मंदिर के बाहर या मंदिर में ही शिव मूर्ति से थोड़ी दूरी पर आपको नंदी जी की मूर्ति को स्थापित करना चाहिए। अगर घर के मंदिर में नंदी जी की मूर्ति को स्थापित नहीं करना चाहते तो घर के ईशान कोण (उत्तर-पूर्व) दिशा में आप मूर्ति स्थापित कर सकते हैं। जहां पर नंदी महाराज की मूर्ति स्थापित हो उस स्थान को हमेशा स्वच्छ रखें और गंगाजल से उस स्थान को पवित्र करने के बाद ही मूर्ति को स्थापित करें।

बिगड़ा मूड बनाती है खुशबू

जिस तरह अच्छे भोजन से शरीर पुष्ट होता है उसी तरह अच्छी खुशबू मनमस्तिष्क को सेहतमंद बनाती है। अच्छी खुशबू से सोच बदलती है और सोच से जीवन बदल जाता है। यहां तक कि सुगंध हमारे विचारों और भावनाओं को बदलने की भी क्षमता रखती है। यह मनमस्तिष्क में शांति, उत्साह बढ़ा कर जीने का नजरिया बदलती है। यही वजह है कि हम सभी अच्छी खुशबू से महकना चाहते हैं। मगर यह खुशबू सिर्फ हमें ही नहीं हमारे घर को भी महकाए तभी फैस्टिवल्स का असली आनंद है। रिसर्च के मुताबिक फैस्टिवल की तैयारी में व्यस्तता से उपजा तनाव भी भीनीभीनी खुशबू से कम होने लगता है। आइए, जानते हैं कि अलगअलग फ्रैगरैंस हमारे मूड को किस तरह प्रभावित करती हैं:

लैवेंडर : इस की खुशबू हमारे दिमाग को शांत रखने में मदद करती है। भावनात्मक तनाव और अवसाद दूर कर राहत देती है। माइग्रेन और सिरदर्द के असर को कम करती है।

जैस्मिनः इस की खुशबू थकान दूर करने में मददगार है। यह न सिर्फ उत्साह बल्कि शरीर की ऊर्जा भी बढ़ाती है।

रोजमेरी : इस की खुशबू याद्दाश्त बढ़ाने, शारीरिक ऊर्जा वापस लाने, सिरदर्द और मानसिक थकान दूर करने में मददगार होती है।

पिपरमिंट : इस की खुशबू ऐनर्जी बूस्टर है। यह एकाग्रता बढ़ाती है और स्पष्ट सोचने की शक्ति देती है। यह मूड भी अपलिफ्ट करती है।

लैमन : लैमन की खुशबू एकाग्रता बढ़ाती है और मन को शांत करती है। यह सांसों में समा कर तरोताजा

ताजी कटी घास की खुशबू: आस्ट्रेलिया के शोधकर्ताओं के मुताबिक ताजा कटी घास से ऐसे कैमिकल रिलीज होते हैं जो व्यक्ति को रिलैक्स करते हैं। इस की खुशबू उम्र के साथ होने वाले मानसिक क्षय और बुढ़ापे की निशानियों को बढ़ने से रोकती है। तभी तो ऐसे ऐअर फ्रैशनर भी आने लगे हैं जो इस खुशबू का एहसास आप को कहीं भी करा सकें।

वनीला : एक अध्ययन के मुताबिक वनीला की खुशबू आप के मन को खुशी देती है। आप का मूड अच्छा हो जाता है और चिड़चिड़ापन गायब हो जाता है।

यों महकाएं आशियाना

★ घर के परदों, कालीनों व चादरों को धो कर धूप में सुखा लें।

★ डस्टबिन डिटर्जेंट से रगड़ कर साफ कर दें, क्योंकि डस्टबिन से आने वाली दुर्गंध मेहमानों का मिजाज खराब कर सकती है। मैटल के कूड़ेदान की दुर्गंध हटाने के लिए उस में

★ पुराने अखबार डाल कर आग लगा दें। दुर्गंध दूर हो जाएगी।

★ फ्रिज में बेकार पड़े सड़ रहे ऐक्सपायर सामान हटा दें।

★ बाथरूम और टौयलेट अच्छी तरफ साफ कर ऐअर फ्रैशनर से महकाएं।

★ नए पेंट से घर को नया लुक दें। नया पेंट घर में महकता एहसास पैदा करता है।

★ घर के कोनों और छोटी जगहों पर फ्रैगरैंट औइल स्प्रे करें। घर को महकाने के साथसाथ ये मच्छरों को भी भगाते हैं।

★ स्ट्राबैरी, लैवेंडर, लैमन, औरेंज जैसी तरहतरह की खुशबू और डिजाइन वाली मोमबत्तियां बाजार में उपलब्ध हैं। इन का प्रयोग रोशनी के साथ दिलअजीज खुशबू के लिए भी किया जाता है।

★ घर में चमेली, मोगरा, रात की रानी, लिली जैसे सुगंधित फूलों के पौधों को डिजाइनर गमलों में लगा कर घर में रौनक और महक दोनों ला सकते हैं। इन्हें आप बरामदे में डाइनिंग टेबल के पास या ड्राइंगरूम में भी रख सकते हैं।

★ दालचीनी को संतरे के छिलके के साथ धीमी आंच में हलका सा भून कर छोड़ दें। घर खुशबू से महक उठेगा।

★ रूम फ्रैशनर, कारपेट पाउडर से आप घर में बिछे कारपेट के जरीए पूरे कमरे को महका सकते हैं। आप लैवेंडर और रोजमैरी पाउडर का प्रयोग भी कर सकते हैं। इस के लिए बेकिंग सोडा, ड्राई रोजमैरी और लैवेंडर औयल की जरूरत पड़ेगी।

ब्रा से जुड़ी कॉमन गलतियां आपको दे सकतीं है ब्रेस्ट कॅन्सर

10 में 7 महिलाएं जब बात ब्रा की आती है तो लापरवाही बरत देती हैं। कपड़ों के मामले में लड़कियां चूजी मानी जाती हैं हर चीज देख परख कर लेती हैं। जबकि बाकी कपड़ों का चुनाव जितना जरूरी है उतना ही सही ब्रा का चुनाव भी जरूरी है। तो चलिए आपको बताते हैं उन कॉमन गलतियों के बारे में जो महिलाएं जाने-अनजाने में करती ही करती हैं।

जब भी ब्रा खरीदने जाएं, उसकी फिटिंग चेक करके ही लें। गलत साइज़ और खराब ब्रा टाइप खरीदने से सिर्फ आपकी ब्रेस्ट शेप तो खराब होगी साथ ही हैल्थ प्रॉब्लम्स भी होगी। वजन बढ़ने, प्रेग्नेंसी के दौरान उम्र के हिसाब से अक्सर ब्रेस्ट साइज चेंज होता है इसलिए साल में 2 बार अपना ब्रा साइज चेक करें।

बहुत सी महिला ब्रा को दो से तीन दिन लगातार पहनती हैं ये सोच कर की इसकी फिटिंग बेहतर हो जाती हैं जबकि ऐसा तो कुछ नहीं हैं बल्कि हाइजीन के लिहाज से भी रोज बदलना जरूरी है।

अब आप सोच रही होंगी कि ब्रा की भी क्या एक्सपायरी डेट होती है? तो बता दें कि हां, विशेषज्ञों के अनुसार 6 से 9 महीने रेगुलर इस्तेमाल के बाद ब्रा खराब होने लगती है। हुक में क्रैक, इलास्टिक में ढीलापन और वायर का हिल जाना, आदि संकेत दिखने लगें तो ब्रा बदल डालें। साल में दो बार बदलें।

अभी तक आप भी अगर वॉशिंग मशीन में ब्रा धो रही हैं तो इसे अब से हाथ से धोएं। ब्रा का कपड़ा अन्य कपड़ों की तुलना में अधिक नाजुक होता है इसलिए इसे हाथ से ही साफ करें।

रात को ब्रा पहनकर नहीं सोना चाहिए। खासतौर से teenagers को इस rule को follow करना ही चाहिए। टाइट ब्रा ब्लड सर्कुलैशन में बाधा डालती है।

इम्यूनिटी बढ़ाने के लिए जरूर पिएं लेमन टी

नींबू की चाय बनाना बहुत आसान है। यदि आप स्वस्थ रहना चाहते हैं, तो नींबू की चाय एक बेहतर विकल्प हो सकता है। इसमें नींबू होने के कारण शरीर को विटामिन सी मिलता है और विटामिन सी सेहत के लिए बेहद जरूरी है। नींबू की चाय पीने से शरीर के विषाक्त पदार्थ बाहर निकल जाते हैं। शरीर को एनर्जी मिलती है। रिफ्रेश होने के लिए नींबू की चाय पीनी चाहिए। नींबू की चाय पीने के फायदों के बारे में।

सर्दी-जुकाम से बचाता है

नींबू की चाय सर्दी-जुकाम में राहत देती है। यह चाय ठंड और फ्लू के लक्षणों को कम करती है। बेहतर परिणाम के लिए, आप चाय में अदरक डाल सकते हैं। इसके अलावा, यह गले में दर्द व गले में खराश में आराम देती है। नींबू की चाय रोग प्रतिरोधक क्षमता भी मजबूत करती है।

वजन घटाती है

ग्रीन टी की तरह ही नींबू की चाय या लेमन टी पीने से वजन कम होता है। अगर आप अपना वजन कम करने के लिए रोज सुबह नींबू पानी पीते हैं, तो अब नींबू वाली चाय भी पीना शुरू कर दें। लेमन टी भी वजन को नियंत्रित करता है। नींबू में कैलोरी न के बराबर होती है, इसलिए आप नींबू की चाय पीकर अपना वजन घटा सकते हैं।

नैचुरल एंटीसेप्टिक

नींबू एक नैचुरल एंटीसेप्टिक होता है। नींबू की चाय में एंटी-बैक्टीरियल और एंटी-वायरल गुण होते हैं। चाय को नियमित रूप से पीने से संक्रमण और बीमारियों के उपचार में मदद मिलती है।

डिटॉक्सीफायर करती है

नींबू की चाय प्रभावी रूप से शरीर से विषाक्त पदार्थों को बाहर निकाल देती है। शरीर से विषाक्त पदार्थों को हटाना जरूरी होता है क्योंकि वह इंफेक्शन और बीमारियों को बढ़ाते हैं। नींबू की चाय पीने से रोग और इंफेक्शन कम होते हैं।

स्किन पर लाए निखार

लेमन टी विटामिन सी का एक अच्छा स्रोत है। विटामिन सी स्किन के लिए काफी फायदेमंद होती है। इसके अलावा, इसमें एस्ट्रिंजेंट भी होते हैं जो पिंपल्स और त्वचा की अन्य समस्याओं को कम करने में मदद करते हैं।

वेट लॉस में हेल्प करेंगी ये पांच तरह की रोटियां

चोकर की रोटी

आप अगर रोटी का पूरा पोषण पाना चाहते हैं, तो आप आटे से चोकर को पूरी तरह अलग न करें। आपकी रोटी में आटे की जगह अगर चोकर की मात्रा ज्यादा होगी, तो आपको ज्यादा पोषण मिल पाएगा।गेहूं की रोटी में कार्ब्स, आयरन, नियासिन, विटामिन बी 6, थायमिन और कैल्शियम होता है जबकि चोकर फाइबर से भरपूर होता है।

मल्टीग्रेन रोटी

आप अगर अपनी रोटी का टेस्ट बढ़ाकर उसे हेल्दी बनाना चाहते हैं, तो आटे में एक मुट्ठी बेसन मिला दें।चने में कम ग्लाइसेमिक इंडेक्स होता है, जो शरीर में कैलोरी बर्न करने की प्रक्रिया को तेज करता है। अपने गेहूं के आटे में थोड़ा-सा बेसन मिला कर उसे मल्टीग्रेन आटा बनाया जा सकता है।

सत्तू की रोटी

आपने गर्मियों के मौसम में सत्तू घोलकर कई लोगों को पीते हुए देखा होगा, इसके साथ ही सत्तू की रोटी भी सेहत के लिए काफी अच्छी मानी जाती है। वजन कंट्रोल रखने के साथ यह आपके शरीर को एक्टिव भी बनाए रखती है।

सोया रोटी

शरीर पर जमा फैट कम करने के लिए आपको सोया रोटी को अपनी डाइट में जरूर शामिल करना चाहिए। ओमेगा-3 फैटी एसिड से भरपूर होने के अलावा सोया रोटी में विटामिन और खनिज की काफी मात्रा होती है।सोया रोटी बुर्जुगों के लिए बेहद सेहतमंद मानी जाती है।

जौ की रोटी

आपको अगर बार-बार भूख लगती है, तो आप जौ की रोटी खाना शुरू कर दें क्योंकि इसे खाने के बाद लम्बे समय तक आपका पेट भरा रहता है। जौ की रोटी में प्रोटीन और फाइबर की काफी मात्रा पाई जाती है।

इन होममेड टिप्स से दाग छुड़ाना हो जाएगा आसान

क्लब सोडा : जी हां, वही सोडा, जो हम पीते हैं। यह हर प्रकार के दाग हटाने में कारगर है, खासकर तब जब आप किसी रेस्टोरेंट में खाना खा रहे हों। आप की पार्टी ड्रैस पर किसी भी तरह का दाग लग जाए, उसे फौरन सोडा वाटर से धो लीजिए, कुछ देर बाद उस का नामोनिशान नहीं रहेगा। बरतन साफ करने वाला लिक्विड सोप : चौंकिए मत, बल्कि यकीन कीजिए। यह कपड़ों के लिए बेहतरीन स्टेन रिमूवर साबित हो सकता है, खासकर तेल, घी, मक्खन आदि के दागों के लिए।

अल्कोहल : चाहे मिथाइलेटिड स्प्रिट हो, या नेलपौलिश रिमूवर या हेयर स्प्रे इन के द्वारा आप घास या अन्य कई प्रकार के जिद्दी दाग हटा सकती हैं।

शैंपू : धूलमिट्टी, मेकअप, कालर रिंग्स आदि दाग हटाने में शैंपू बड़ा काम आ सकता है। जरूरी नहीं कि आप कोई महंगा शैंपू ही इस्तेमाल करें, कोई भी शैंपू आप की मदद करेगा।

शेविंग क्रीम : शेविंग क्रीम भी हर तरह के दाग हटाने में मददगार है। यह उस समय बड़ी मददगार साबित होती है, जब आप कहीं बाहर घूमने गए हैं। आखिर गौर से देखें तो आप को मालूम पड़ेगा कि शेविंग क्रीम सिर्फ एक प्रकार का फेंटा हुआ साबुन ही है।

नौलखा साबुन : नौलखा साबुन, टुकड़ा साबुन, देसी साबुन, घोड़े वाला साबुन जैसे नामों से मिलने वाला साबुन हम बेशक आउटडेटेड मान कर छोड़ चुके हैं, पर यह है बड़े काम की चीज। इस से आप के सफेद कपड़े तो चमकते ही हैं, ग्रीस, मैल, चिकनाई आदि दागों पर भी बड़ा कारगर साबित होता है।

नौन जैल टूथपेस्ट : आप के दांतों को चमकाने के साथसाथ आप का नौन जैल टूथपेस्ट कपड़ों पर से इंक के दाग बड़ी सफाई से हटा कर उन्हें भी चमकदार बनाता है।

नीबू का रस व नमक : कपड़ों पर से फफूंदी आदि के दाग हटाने में नीबू का रस बड़ी सहायता करेगा। इंक, हलदी, तेल आदि के दागों पर भी आप नीबू का रस मल सकती हैं। फफूंदी पर नीबू लगा कर उस पर नमक बुरक दें और फिर धूप में रख दें। इसी प्रकार कपड़ों पर से खून के धब्बे साफ करने के लिए उन्हें नमक मिले पानी में भिगो दें।

सिरका : सफेद सिरका भी कपड़े धोते समय आप का मददगार साथी साबित होगा। जिन कपड़ों से रंग निकलता हो, उन्हें सिरके में डुबो कर आप उन के रंग पक्के कर सकती हैं।

चेहरे पर जमी चर्बी को दूर करने के लिए फेस योग

योग एक ऐसी क्रिया है जिससे आप तन और मन दोनों को स्वस्थ रख सकते हैं। खासतौर पर वर्तमान समय में ज्यादतर लोग तनाव का सामना करने के साथ शारीरिक रूप से भी स्वस्थ महसूस नहीं कर रहे हैं। ऐसे में आपको योग को अपने जीवन का खास हिस्सा बनाना चाहिए। वहीं, बात करें आपके चेहरे की तो आपको अगर फेस डबल चिन की समस्या है, तो हम आपको ऐसे फेशियल योगा बताने जा रहे हैं, जिससे आप अपने चेहरे की चर्बी को कम कर सकते हैं।

- सेल्फी क्लिक करते समय जैसे आप पाउट बनाते हैं, यह योगा कुछ वैसा ही है। इसके लिए आपको बस अपने गालों को अंदर की ओर करना है और 30 सेकंड के लिए स्थिति में रहना है। अब अपने चेहरे को आराम दें और इसे 4-5 बार दोहराएं।
- आपको अगर तेजी से फेस पर जमा चर्बी हटानी है, तो इस तकनीक के लिए, बस अपनी ठोड़ी को ऊपर उठाएं और छत को देखें। अब अपने मुंह को 10-15 सेकंड के लिए लगातार खोलें और बंद करें। आराम करें और अपने चेहरे को नीचे लाएं। अपने चेहरे के फैट को जल्दी से बर्न करने के लिए इस प्रक्रिया को 3-4 बार दोहराएं।
- सबसे आसान योग आसन में आपको केवल पानी से नहीं बल्कि हवा से अपने मुंह को कुल्ला करना होगा। बस अपना मुंह हवा से भरें और कुल्ला करें। हवा को बाईं ओर, फिर दाईं और फिर मध्य की ओर ले जाएं। इसे कम से कम 20-30 सेकंड तक जारी रखें और फिर साँस छोड़ें। इसे 3-4 दोहराव करें।

इस तरीके से न सिर्फ आपके चेहरे की चर्बी कम होती है बल्कि इससे आपकी थकान भी दूर होती है। इस मुद्रा के लिए, पैरों को पीछे की ओर मोड़ें और अपनी हथेलियों को अपनी जांघों पर रखें। अपनी पीठ को सीधा रखें और अपनी जीभ बाहर निकालें। अपनी जीभ को जितना हो सके उतना फैलाएं। याद रखें कि आप मांसपेशियों पर दबाव नहीं डालें। अब एक गहरी सांस लें और जब आप साँस छोड़ते हैं, तो एक ध्वनि होती है। इस क्रिया को 6-7 बार दोहराएं।

बरसात में देखें बुंदेलखंड का सौंदर्य

अगर आप उत्तर प्रदेश के बुंदेलखंड के प्राकृतिक सौंदर्य और ऐतिहासिक धरोहर को करीब से देखना चाहती हैं तो बुंदेलखंड में पर्यटन का आनंद मॉनसून में लें। बरसात में बुंदेलखंड का सौंदर्य और भी निखर उठता है। बरसात में यहां की नदियां पानी से भर जाती हैं और नदीयों में उठती लहरें बहुत खूबसूरत लगती हैं। बरसात के दिनों में झांसी का किला, महोबा की वीर भूमि, चित्रकूट, कालिंजर किला, देवगढ़ और बरुवासागर घूमने के लिए अच्छी जगहें हैं।

झांसी का किला

मौनसून पर्यटन की शुरुआत झांसी से ही करें। रानी लक्ष्मीबाई का किला इस शहर की सब से खास घूमने वाली जगह है। 1857 में आजादी की लड़ाई में अंगरेजों ने जिस किले पर गोले बरसाए थे वह आज भी वैसा का वैसा खड़ा है। बंगरा कीपहाड़ियों पर बना यह किला 1610 में राजा वीर सिंह जूदेव द्वारा बनवाया गया था। 18वीं शताब्दी में झांसी और उस के किले पर मराठों का अधिकार हो गया था। मराठों के अंतिम शासक गंगाधर राव थे, जिनकी 1853 में मृत्यु हो गई थी। इस के बाद रानी लक्ष्मीबाई ने शासन की बागडोर संभाली। झांसी का किला अपनी अद्भुत कला के लिए जाना जाता है। इस किले में 'कड़क बिजली' और 'भवानी शंकर' नामक 2 तोपें आज भी रानी लक्ष्मीबाई की वीरता का बखान करती नजर आती हैं।

कालिंजर का किला

झांसी के बाद कालिंजर का किला इतिहास की झलक दिखाता है। यह उत्तर प्रदेश के बांदा जिले में बना है। चंदेल शासकों के द्वारा बनवाया गए इस किले मुगलों को हमेशा चुनौती दी। बड़ी मुश्किल से अकबर ने इसे जीतने में कामयाबी पाई थी। जीत के बाद अकबर ने इसे बीरबल को दे दिया था। उन के बाद यह किला राजा छत्रसाल के अधीन हो गया। यह किला चारों ओर से ऊंची दीवारों से घिरा था।

आज भी 3 द्वार कामता द्वार, पन्ना द्वार और रीवां द्वार यहां जस के तस खड़े हैं। विंध्य की पहाड़ियों पर 700 फुट की ऊंचाई पर बने इस किले के अंदर शानदार राजा महल और रानी महल बने हैं। किले में ही नीलकंठ मंदिर बना है। इस के अलावा यहां वनखंडेश्वर महादेव मंदिर भी बना है।

महोबा

महोबा की वीर भूमि आपको रोमांच से भर देगी। महोबा का नाम यहां के रहने वाले आल्हा उदल की वीरतापूर्ण कहानियों के लिए मशहूर है। यहां चंदेल राजाओं का शासन था। चंदेल राजाओं के बाद परिहार राजाओं ने यहां शासन किया। आल्हा उदल यहां के प्रमुख लड़ाके थे। बरसात के दिनों में आज भी गांव-गांव में आल्हा उदल की लड़ाइयों के प्रसंग सुने और गाए जाते हैं। आल्हा गाने वाले लोकगायकों को सरकार की तरफ से प्रोत्साहन मिलता है।

गोरखगिरी पर्वत

गोरखगिरी पर्वत एक खूबसूरत पिकनिक स्पौट है। यहां का सूर्य मंदिर भी आपको बहुत अच्छे एक्सपीरियंस देगा। यह राहिला सागर के पश्चिम दिशा में स्थित है।

आज की रेसिपी

ढोकला सैंडविच



सामग्री :

■ 1 कप सूजी, 1 कप दही, 1 हरी मिर्च, 1 नींबू का रस, 5-6 कढी पत्ता, 1/2 टी स्पून सरसों के बीज, एक चुटकी हींग, 1/2 टी स्पून हल्दी पाउडर स्वादानुसार नमक, 1/2 टमाटर, 1/2 कप पनीर, 1/2 शिमला मिर्च और प्याज

विधि :

- एक बाउल लें और उसमें सूजी, दही, हरी मिर्च, नमक, हल्दी पाउडर और नींबू का रस मिलाएं. इसे अच्छी तरह मिला लें और एक बैटर बना लें.
- फिर एक पैन को ग्रीस करके उसमें घोल डालें. ढोकला बनने तक भाप में पकाएं.
- एक बार जब यह हो जाए, तो इसके ऊपर करी पत्ते, राई और हींग का तड़का डालें.
- सैंडविच भरने के लिए टमाटर का एक टुकड़ा, कटा हुआ पनीर, शिमला मिर्च और प्याज लें.
- इसे अपनी पसंद के मसालों में टॉस करें.
- फिर ढोकला के 2 टुकड़े लें, एक तरफ हरी चटनी की एक परत डालें और दूसरी तरफ चटनी की चटनी डालें.
- बीच में फिलिंग डालें और भुजिया से सजाएं और मजा लें!

दीप्ति ने भारत को दिलाई जीत

इंग्लैंड के खिलाफ चार विकेट से जीता मैच

साउथम्पटन। ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा ने अपने बल्लेबाजी कौशल और धैर्य का शानदार परिचय देते हुए नाबाद अर्धशतक जड़ा जिससे भारत ने यहां इंग्लैंड के खिलाफ पहले महिला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच में चार विकेट से जीत दर्ज की। दीप्ति ने 64 गेंदों पर तीन चौकों और एक छक्के की मदद से नाबाद 62 रन बनाए जिससे भारत ने 259 रन का लक्ष्य 10 गेंद शेष रहते हुए हासिल कर दिया। इस तरह से भारत ने वनडे विश्व कप के लिए अपनी तैयारी की अच्छी शुरुआत भी की। दीप्ति ने अपनी पारी के दौरान जेमिमा रोड्रिग्स (54 गेंदों पर 48 रन) के साथ 14.2 ओवर में पांचवें विकेट के लिए 90 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी की। अंतिम ओवरों में ऑलराउंडर अमनजोत कौर (14 गेंदों पर 20 रन) ने भी अहम योगदान दिया।

भारत की तरफ से सलामी बल्लेबाज प्रतीका रावल (36), उप कप्तान स्मृति मंधाना (28), हरलीन देओल (27) और कप्तान हरमनप्रीत कौर (17) अपनी अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में नहीं बदल पाई जिससे भारत का स्कोर एक समय चार विकेट पर 124 रन हो गया था। इसके बाद दीप्ति और रोड्रिग्स ने बखूबी जिम्मेदारी संभाली। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत दीप्ति के प्रदर्शन से काफी खुश थीं और उन्होंने रोड्रिग्स की भी तारीफ की जो दो रन से अर्धशतक से चूक गईं। उन्होंने कहा, 'हमने जिस तरह की गेंदबाजी की, उससे मैं खुश हूं। हमने जिस तरह की बल्लेबाजी की, उससे भी बहुत खुश हूं, खासकर दीप्ति से। उसकी पारी अहम थी। हमें लगा कि हमने 20-30 रन ज़्यादा दे दिए। यह बल्लेबाज़ी के लिए अच्छा विकेट था। हम फ़ील्डिंग पर काम कर रहे हैं, हमने आज दो मौके गंवाए। हम बेहतर करने की कोशिश करेंगे। जेमी और दीप्ति ने जिस तरह से धैर्य पूर्ण बल्लेबाजी की उसका पूरा श्रेय उन्हें जाता है।' इससे पहले भारत की युवा तेज गेंदबाज क्रांति गौड़ ने दो विकेट झटककर प्रभावित किया लेकिन सोफिया डंकले की 92 गेंद में नाबाद 83 रन की पारी की मदद से इंग्लैंड ने छह विकेट पर 258 रन का सम्मानजनक स्कोर खड़ा किया। गौड़ (नौ ओवर में 55 रन देकर दो विकेट) और ऑफ स्पिनर स्नेह राणा (10 ओवर में 31 रन देकर दो विकेट) ने दो दो विकेट झटके। इंग्लैंड ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का फैसला किया जिसके बाद उसने 97 रन पर चार विकेट गंवा दिए थे लेकिन एलिस डेविडसन रिचर्ड्स ने 73 गेंद में 53 रन की अर्धशतकीय पारी खेली और डंकले के साथ मिलकर पांचवें विकेट के लिए 106 रन की भागीदारी निभाई। डंकले ने अपनी पारी में नौ चौके लगाए।

विराट कोहली ने रचा इतिहास

सभी फॉर्मेट में 900 रेटिंग अंक छूने वाले पहले बल्लेबाज बने

नई दिल्ली। भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली टी20आई और हाल ही में टेस्ट से संन्यास लेने के बावजूद लगातार रिकॉर्ड तोड़ रहे हैं। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (ICC) ने बुधवार को उनके अधिकतम टी20I रेटिंग अंक 909 अंक तक बढ़ा दिए हैं। इस तरह वह खेल के सभी प्रारूपों में ICC पुरुष क्रिकेट रैंकिंग में 900 अंकों का आंकड़ा पार करने वाले खेल इतिहास के एकमात्र बल्लेबाज बन गए हैं। पिछले साल ICC टी20 विश्व कप के फाइनल में 76 रन की शानदार पारी खेलकर खिताब अपने नाम करने वाले कोहली ने अपनी टी20आई रेटिंग में सुधार किया। विजडन के अनुसार ICC ने उनकी सर्वकालिक टी20आई रेटिंग को 897 से बढ़ाकर 909 कर दिया है। यह ICC पुरुष टी20आई रैंकिंग में किसी बल्लेबाज द्वारा हासिल किए गए तीसरे सबसे अधिक रेटिंग अंक हैं, जो सूर्यकुमार यादव (912) और इंग्लैंड के डेविड मलान (919) के बाद दूसरे स्थान पर हैं, जो रैंकिंग चार्ट में शीर्ष पर काबिज हैं।

ICC पुरुष टेस्ट रैंकिंग में विराट के सर्वोच्च रेटिंग अंक 937 हैं, जो किसी भारतीय बल्लेबाज के लिए सर्वाधिक और कुल मिलाकर 11वें सर्वाधिक हैं। उन्होंने 2018 में इंग्लैंड दौरे के दौरान यह उपलब्धि हासिल की थी, जहां उन्होंने 10 पारियों में दो शतकों और तीन अर्द्धशतकों की मदद से 593 रन बनाए थे और बल्लेबाजों के लिए एक खराब श्रृंखला में भारत के लिए अकेले योद्धा रहे थे।

वनडे में विराट के रेटिंग अंक 2018 में इंग्लैंड दौरे के दौरान 909 के शिखर पर पहुंच गए थे, जहां उन्होंने तीन वनडे मैचों में 191 रन बनाए थे, जिसमें दो अर्धशतक शामिल थे।

अपनी सफलता के चरम पर विराट को एक समय ICC पुरुष टेस्ट, वनडे और टी20आई रैंकिंग में एक साथ नंबर एक बल्लेबाज का दर्जा दिया गया था। इस नई उपलब्धि के साथ विराट ने एक और मजबूत बयान दिया है जो इस तर्क का समर्थन करता है कि वह सर्वकालिक सर्वश्रेष्ठ ऑल-फॉर्मेट बल्लेबाज हो सकते हैं। विराट ने 125 मैचों और पारियों में 48.69 की औसत से 4,188 रन बनाकर टी20आई से संन्यास लिया, जिसमें एक शतक और 25 अर्द्धशतक शामिल हैं।

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहेंगे आंद्रे रसेल

किंग्स्टन। वेस्टइंडीज के ऑलराउंडर आंद्रे रसेल 22 जुलाई को यहां ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच के बाद अपने 15 साल के अंतरराष्ट्रीय करियर को अलविदा कह देंगे। रसेल की सबसे बड़ी उपलब्धि 2012 और 2016 में टी20 विश्व कप जीतने वाली वेस्टइंडीज टीम का सदस्य होना है। वह 2019 से केवल टी20 प्रारूप में ही खेल रहे हैं। उन्होंने वेस्टइंडीज का 84 टी20 अंतरराष्ट्रीय, 56 वनडे और एक टेस्ट मैच में प्रतिनिधित्व किया है। जमैका के इस 37 वर्षीय खिलाड़ी को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच मैचों की श्रृंखला के लिए टीम में चुना गया था, लेकिन वह अपने अंतिम दो अंतरराष्ट्रीय मैच 20 और 22 जुलाई को अपने घरेलू मैदान सबीना पार्क में खेलेंगे। रसेल ने भारत और श्रीलंका में 2026 में होने वाले टी20 विश्व कप से सिर्फ सात महीने पहले अपने फैसले की घोषणा की। रसेल ने क्रिकेट वेस्टइंडीज द्वारा जारी बयान में कहा, 'मैं अपनी भावनाओं को शब्दों में व्यक्त नहीं कर सकता। वेस्टइंडीज का प्रतिनिधित्व करना मेरे जीवन की सबसे गौरवपूर्ण उपलब्धियों में से एक है।' इस आक्रामक ऑलराउंडर ने 84 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 61 विकेट लिए हैं और 1078 रन बनाए हैं। वेस्टइंडीज के पूर्व कप्तान निकोलस पूरन के 30 साल की उम्र से पहले अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से अचानक संन्यास लेने की घोषणा के एक महीने बाद वह संन्यास ले रहे हैं।

'मैंने यह ऋषभ पंत से सीखा है'

दीप्ति शर्मा ने एक हाथ से लगाए छक्के का श्रेय पंत को दिया

साउथेम्प्टन (यूके)। भारतीय ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा ने इंग्लैंड महिला टीम के खिलाफ पहले वनडे में अपनी शानदार पारी पर बात की, जहां वह जेमिमा के साथ साझेदारी बनाने की कोशिश कर रही थीं और ऐसे ही मौके का इंतजार कर रही थीं। दीप्ति शर्मा के शानदार अर्धशतक और ऑलराउंडर स्नेह राणा के शानदार स्पेल ने गुरुवार को साउथेम्प्टन में तीन मैचों की सीरीज के पहले वनडे में इंग्लैंड पर चार विकेट से जीत हासिल करने में भारत की अहम भूमिका निभाई। भारतीय महिला टीम ने अब अपने पिछले 12 वनडे में से 11 जीते हैं, और यह सिलसिला दिसंबर में वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू सीरीज से शुरू हुआ था। दीप्ति शर्मा ने मैच के बाद कहा, 'मैं ऐसे ही मौके का इंतजार कर रही थी। मैं जेमिमा के साथ साझेदारी बनाना चाहती थी, लगातार 5-6 रन प्रति ओवर बनाना चाहती थी। (उनके स्वीप शॉट्स पर) मैंने शुरुआती दिनों में इस पर काफी काम किया है, और इस तरह की पिच पर इससे मदद मिलती है। (एक हाथ से छक्का लगाने पर) मैं ये शॉट अभ्यास में खेलती हूं, मैंने ये ऋषभ पंत से सीखा है। हम पहले भी इंग्लैंड में खेल चुके हैं, हमें इन परिस्थितियों में मजा आता है।' दीप्ति शर्मा इस मैच में भारत की ओर से सबसे ज़्यादा रन बनाने वाली खिलाड़ी रहीं और उन्हें उनके शानदार प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ़ द मैच चुना गया। दीप्ति के नाबाद 62 रन भारतीय महिला टीम के लिए वनडे में छठे या उससे नीचे के क्रम पर रनों का पीछा करते हुए बनाया गया सर्वोच्च स्कोर है।

ऋषभ पंत को तकनीकी खामियों को दूर करने की जरूरत है : जैक रसेल

लंदन। लंदन के एक पॉश इलाके में पेंटिंग बनाने में व्यस्त इंग्लैंड के पूर्व विकेटकीपर-बल्लेबाज जैक रसेल का मानना है कि भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत अपने खेल से दर्शकों का मनोरंजन करते हैं लेकिन उन्हें विकेटकीपिंग की कुछ तकनीकी खामियों को दूर करने की जरूरत है। रसेल को क्रिकेट जगत की खबरों पर नजर रखना पसंद है। अगर वह मैदान पर नहीं होते तो वह लाइव स्कोर देखते हैं। वह रोज पेंटिंग करते है, फिर भी उन्होंने भारत और इंग्लैंड के बीच तीसरे टेस्ट के लिए लॉर्ड्स जाने का समय निकाला। खुद एक विकेटकीपर होने के नाते उनके पास जैमी स्मिथ और पंत जैसे खिलाड़ियों के लिए एक सलाह भी है। उन्होंने कहा, 'कई अच्छे विकेटकीपर रहे हैं। मैं कहूंगा कि मेरे समय में एलन नॉट और बॉब टेलर मेरे दो नायक थे।' रसेल ने कहा, 'लेकिन मुझे सैयद किरमानी को देखना पसंद था। जब मैं छोटा था, तब मैं उन्हें बहुत देखता था। मुझे लगता था कि वह एक अच्छे विकेटकीपर हैं।'

मौजूदा विकेटकीपरों के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, 'पंत की बात करूं तो आपको उन्हें खेलते हुए देखना पसंद आएगा ही। वह चाहे बल्लेबाजी कर रहे हों, या विकेटकीपिंग, आपको उन्हें देखना अच्छा लगेगा। इसलिए वह एक मनोरंजक खिलाड़ी हैं।' उन्होंने कहा, 'और यह देखकर बहुत अच्छा लग रहा है कि वह कार दुर्घटना के बाद भी क्रिकेट भी खेल रहे हैं। मुझे लगता है कि युवा खिलाड़ी जैमी स्मिथ इंग्लैंड के सर्वकालिक महानतम बल्लेबाज और विकेटकीपर बनेंगे क्योंकि उनमें बहुत हुनर है। आप उसे गिलक्रिस्ट की श्रेणी में रख सकते हैं।' पंत की विकेटकीपिंग में किसी कमी के बारे में पूछने पर रसेल ने कहा, 'वह गलतियां करेगा क्योंकि तकनीकी रूप से कुछ चीजें हैं जिन्हें दूर करने की जरूरत है। लेकिन वह शानदार प्रदर्शन करेगा और गलतियां भी करेगा। ज्यादातर विकेटकीपर गलतियां करते हैं। इंग्लैंड में विकेट लेना काफी मुश्किल है। इसलिए वह यहां परफेक्ट नहीं होगा, लेकिन उसकी बल्लेबाजी बहुत मजबूत है।' रसेल ने कहा, 'पर उसे विकेटकीपिंग में कुछ काम करने की जरूरत है, स्टंप तक खड़े होने में बस थोड़े-बहुत बदलाव करने होंगे। अगर वह मुझसे पूछेगा तो मैं उसे बता दूंगा। लेकिन ये छोटी चीजें हैं।'

यह 61 वर्षीय काउंटी क्रिकेट से संन्यास लेने के 20 साल से भी ज्यादा समय बाद अपनी चित्रकला के जरिए खेल से जुड़े हुए हैं। राइडर स्ट्रीट स्थित गैलरी की यात्रा किसी भी क्रिकेट प्रेमी को पुरानी यादों की सैर करा देगी। वह सोशल मीडिया पर अपनी पेंटिंग्स प्रोमोट करते हैं जिसमें उनके ज्यादातर फोलोअर्स भारतीय हैं। रसेल ने हाल में इंग्लैंड के लिए खेलने वाले पहले भारतीय रणजीतसिंहजी का चित्र बनाया। रसेल ने कहा, 'हर साल मैं इतिहास के पन्नों से किसी का चित्र बनाने की कोशिश करता हूं। पिछले साल मैंने इंग्लैंड के पूर्व कप्तान डगलस जार्डिन का चित्र बनाया था। इस साल मैंने रणजीतसिंहजी को चुना। अगर आप उनके बारे में पढ़े और उनके करियर पर नजर डालें तो वे एक 'स्ट्रोक प्लेयर' थे।

रविंद्र जडेजा इंग्लैंड में 1000 रन पूरे करने के करीब

तोड़ सकते हैं गैरी सोबर्स का बड़ा रिकॉर्ड

लंदन। दुनिया के नंबर एक आलराउंडर भारत के रवींद्र जडेजा इंग्लैंड में 1000 रन पूरा करने के करीब पहुंच गए हैं। जडेजा ने लॉर्ड्स में इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट में भारत की दूसरी पारी में नाबाद 61 रन बनाए लेकिन भारत यह मुकाबला 22 रन से हार गया। जडेजा का यह लगातार चौथा अर्धशतक था। उन्होंने बर्मिंघम और लॉर्ड्स दोनों में जुड़वां फिफ्टी लगाईं। उनसे पहले इंग्लैंड में लगातार चार 50+ स्कोर बनाने वाले केवल दो भारतीय बल्लेबाज सौरव गांगुली (2002) और ऋषभ पंत (2022 और 2025) हैं। लॉर्ड्स में आखिरी दिन उनकी नाबाद 61 रन की पारी टेस्ट की चौथी पारी में उनका पहला 50+ स्कोर था। इंग्लैंड में जडेजा ने टेस्ट में नंबर 6 या उससे नीचे बल्लेबाजी करते हुए 942 रन बनाए हैं। इस लिस्ट में मेहमान बल्लेबाजों में उनसे ज्यादा रन सिर्फ गैरी सोबर्स (1097) ने बनाए हैं। इंग्लैंड में उनके नाम एक शतक और सात अर्धशतक हैं और वह गैरी सोबर्स (9) के बाद दूसरे स्थान पर हैं। भारत ने सोमवार को सातवां विकेट गिरने के बाद जितनी गेंदें (301) खेलीं। यह टेस्ट की चौथी पारी में आखिरी तीन साझेदारियों में खेली गई सबसे अधिक गेंदें हैं। इससे पहले रिकॉर्ड 294 गेंदों का था, जो इंग्लैंड ने 2015 में दुबई में पाकिस्तान के खिलाफ बनाया था (नोटः गेंदों का डेटा 1998 से उपलब्ध है)।

'कुछ मैच जीत या हार से बढ़कर होते हैं'

लॉर्ड्स में करीबी हार के बाद केएल राहुल हुए भावुक

लंदन (यूके)। भारतीय सलामी बल्लेबाज केएल राहुल ने लॉर्ड्स में तीसरे टेस्ट में इंग्लैंड से मिली हार के बाद एक भावुक संदेश लिखा, जिसमें उन्होंने कहा कि 'कुछ मैच जीत या हार से बढ़कर होते हैं'। शोएब बशीर के हाथों मोहम्मद सिराज का दुर्भाग्यपूर्ण आउट होना जिसमें गेंद पिच पर लगने के बाद वापस स्टंप्स में जा लगी, लॉर्ड्स में भारत के अडिग प्रतिरोध का अंत हो गया और रवींद्र जडेजा 22 रनों की दिल तोड़ने वाली हार के बाद मैदान पर ही रह गए। भारत मैच के अधिकांश समय इंग्लैंड पर हावी रहने के बावजूद हार गया जिसमें सबसे बेहतरीन प्रदर्शन करने वालों में से एक राहुल थे, जो एक से ज्यादा मौकों पर लॉर्ड्स ऑनर्स बोर्ड पर अपना नाम दर्ज कराने वाले केवल दूसरे भारतीय बने।

बुधवार को इंस्टाग्राम पर राहुल ने कहा, 'कुछ मैच जीत या हार से बढ़कर होते हैं। वे आपके जज्बे और आपके चरित्र की परीक्षा लेते हैं। और सीख आपको और मजबूत बनाती है।' मौजूदा सीरीज में केएल ने तीन मैचों और छह पारियों में 62.50 की औसत से 375 रन बनाए हैं, जिसमें 137 का सर्वश्रेष्ठ स्कोर, दो शतक और एक अर्धशतक शामिल है। वह सीरीज में चौथे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। इस सीरीज ने इंग्लैंड में उनके बल्लेबाजी औसत में काफी सुधार किया है, जो इसे 30 के दशक से 40 के शुरुआती दशक में ले गया है।

इंग्लैंड में 12 टेस्ट मैचों में उन्होंने 24 पारियों में 41.20 की औसत से 989 रन बनाए हैं जिसमें चार शतक और दो अर्द्धशतक शामिल हैं। इंग्लैंड में उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 149 है। मैच की बात करें तो इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का विकल्प चुना।

इंग्लैंड का स्कोर 44/2 हो गया था, लेकिन ओली पोप और जो रूट के बीच 109 रनों की साझेदारी और ब्रायडन कार्स और जेमी स्मिथ के बीच आठवें विकेट के लिए 84 रनों की जवाबी साझेदारी ने इंग्लैंड को 387 रनों तक पहुंचाया।

इंडियन सुपरक्रॉस रेसिंग लीग के सीजन 2 का भव्य शुभारंभ

मुंबई। बॉलीवुड मेगास्टार सलमान खान ने आज इंडियन सुपरक्रॉस रेसिंग लीग (ISRL) के सीज़न 2 का उद्घाटन किया। सलमान अब केवल ब्रांड एंबेसडर नहीं, बल्कि एक सक्रिय निवेशक के रूप में भी इंडियन सुपरक्रॉस रेसिंग लीग से जुड़ने जा रहे हैं — जिससे लीग को एक नई ऊर्जा और पहचान मिलने जा रही है। उनकी लोकप्रियता, मोटरसाइकिल और फिटनेस के प्रति जुनून और हर आयु वर्ग में प्रभाव के चलते, इंडियन सुपरक्रॉस रेसिंग लीग अब सीमित खेल न रहकर एक व्यापक सांस्कृतिक आंदोलन बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। यह मंच न केवल मोटरस्पोर्ट प्रेमियों के लिए, बल्कि पूरे परिवार के लिए मनोरंजन और नवाचार का केंद्र बनने की ओर अग्रसर है। मुंबई में आयोजित सीज़न लॉन्च प्रेस कॉन्फ्रेंस में सलमान खान की भागीदारी और इंडियन सुपरक्रॉस रेसिंग लीग में उनके एक निवेशक के रूप में शामिल होने की योजना के बारे में जानकारी दी गई। उनके जुड़ने से ऑटोमोटिव और ग्राहक-केंद्रित ब्रांडों के साथ-साथ परिवार-केंद्रित मनोरंजन के लिए एक गंतव्य बनने की सुपरक्रॉस रेसिंग लीग की बढ़ती महत्वाकांक्षा को महत्वपूर्ण गति मिलेगी। इस तरह यह इवेंट ऑटोमोटिव और उपभोक्ता-केन्द्रित ब्रांड्स के लिए एक प्रमुख मंच बनेगा और साथ ही पारिवारिक मनोरंजन का विश्वसनीय केंद्र भी। यह लीग के उस दीर्घकालिक लक्ष्य के अनुरूप है, जिसके तहत भारत के लिए एक नई रेसिंग प्रतिभाओं की पीढ़ी को तैयार करना और उन्हें समर्थन देना है। भारत में सुपरक्रॉस को वैश्विक स्तर पर ले जाने के इसी मिशन के तहत सलमान खान ने 'इंडियन सुपरक्रॉस रेसिंग लीग प्रोविंग ग्राउंड्स' का भी शुभारंभ किया, जो देश में जमीनी स्तर पर मोटरस्पोर्ट के विकास को समर्पित है। पुणे के पास 7 एकड़ में बनने जा रही यह अत्याधुनिक सुविधा कई विशेष ट्रैक्स से सुसज्जित होगी — जिनमें शौकिया राइडर्स, बच्चों के लिए और मोटोकॉस, सुपरक्रॉस, एटीवी, इलेक्ट्रिक बाइक और ट्रेल राइडिंग जैसे वर्गों के लिए अलग-अलग ट्रैक शामिल होंगे। कार्यक्रम में बोलते हुए सलमान खान ने कहा, मुझे हमेशा से मोटरसाइकिल और ऑफ-रोडिंग का गहरा शौक रहा है। जब मैंने देखा कि इंडियन सुपरक्रॉस रेसिंग लीग क्या रोमांच रच रहा है।

'जब वह खेलते हैं तो टीम ज्यादा हारती है'

चौथे टेस्ट से पहले पूर्व इंग्लैंड स्टार का बुमराह पर बड़ा बयान

नई दिल्ली। जसप्रीत बुमराह का कार्यभार टीम के लिए सिरदर्द बना हुआ है क्योंकि यह तेज गेंदबाज इंग्लैंड के खिलाफ आखिरी दो टेस्ट मैचों में से एक से बाहर हो सकते हैं। वहीं इस चर्चा के बीच इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर डेविड लॉयड का मानना है कि जब बुमराह प्लेइंग 11 का हिस्सा होते हैं तो भारत ज़्यादा मैच हारता है। इंग्लैंड लॉर्ड्स में करीबी जीत के बाद पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में 2-1 से आगे है।

इंग्लैंड दौरे की शुरुआत से पहले भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने पुष्टि की थी कि बुमराह इंग्लैंड में 5 में से दो मैचों में नहीं खेल पाएंगे क्योंकि प्रबंधन और खिलाड़ी खुद जोखिम लेने के मूड में नहीं हैं। अब तक बुमराह ने तीन में से दो मैच खेले हैं, जिनमें से भारत हेडिंग्ले और लॉर्ड्स में खेले गए दोनों मुकाबलों में हार गया। उनकी अनुपस्थिति में आकाश दीप और मोहम्मद सिराज ने शानदार प्रदर्शन करते हुए भारत को एजबेस्टन में इंग्लैंड को हराने में मदद की। पिछले हफ़्ते लॉर्ड्स में इंग्लैंड के हाथों भारत की 22 रनों से हार के बाद ऐसी खबरें आ रही थीं कि बुमराह को 23 जुलाई से मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रैफर्ड में होने वाले मैच के लिए आराम दिया जा सकता है। हालांकि एक रिपोर्ट के मुताबिक बुमराह के मैनचेस्टर में खेलने की संभावना है, क्योंकि भारत ओवल में होने वाले अंतिम मैच से पहले सीरीज बराबर करने के लिए बेताब है।

लॉयड ने टॉकस्पोर्ट क्रिकेट को बताया, 'उन्होंने यही कहा है और कोच गौतम गंभीर ने भी यही कहा है कि वह 5 में से तीन टेस्ट मैच खेलेंगे। इसलिए उनके पास एक विकल्प है। अभी दो मैच बाकी हैं। वह दो मैच खेल चुके हैं। अगर वे अपनी बात पर खरे उतरते हैं, तो उन्हें ओल्ड ट्रैफर्ड में अगला मैच खेलना चाहिए। लेकिन फिर आप जानते हैं, वे इसे बदल सकते हैं, है ना? अगर वह ओल्ड ट्रैफर्ड में अगला मैच खेलते हैं और वे 2-2 से बराबरी कर लेते हैं, तो आप सोचेंगे कि वह ओवल में भी खेलेंगे। मैं अभी कुछ और अनुमान लगा रहा हूं, लेकिन मुझे लगता है कि वह अगला मैच खेलेंगे और देखेंगे कि वे कहां हैं। अगर इंग्लैंड 3-1 से हार जाता है, तो वह नहीं खेलेंगे। लेकिन अगर 2-2 का स्कोर होता है, तो वह ओवल में खेलेंगे।'

बांग्लादेशी स्पिनर महेदी हसन की शानदार गेंदबाजी

हरभजन सिंह का 13 साल पुराना रिकॉर्ड टूटा

नई दिल्ली। स्पिनर महेदी हसन ने बांग्लादेश और श्रीलंका के बीच निर्णायक टी20आई मैच में 4-1-11-4 के औसत से शुरुआत की जिससे टाइगर्स ने आर प्रेमदासा स्टेडियम में मैच और सीरीज दोनों जीतते हुए इतिहास रच दिया। एक छोर से गेंदबाजी की शुरुआत करते हुए महेदी ने हरभजन सिंह का 13 साल पुराना रिकॉर्ड भी तोड़ दिया। महेदी ने पावरप्ले में दो ओवर फेंकते हुए किफायती चार विकेट लिए जिससे उन्होंने श्रीलंका के शीर्ष 5 बल्लेबाजों में से चार को आउट कर दिया, जिससे श्रीलंकाई टीम कोलंबो में निर्णायक मैच में सिर्फ 132/7 पर सिमट गई। महेदी ने अपने शानदार स्पेल के जरिए आर प्रेमदासा स्टेडियम में टी20आई मैच में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले मेहमान गेंदबाज होने का हरभजन का रिकॉर्ड तोड़ दिया। हरभजन ने 2012 के टी20 विश्व कप में इंग्लैंड के खिलाफ जबरदस्त प्रदर्शन किया था और केवल 12 रन देकर 4 विकेट लिए थे जबकि महेदी ने 4 विकेट के लिए 11 रन दिए।

दीपिका के 8 घंटे शिफ्ट डिमांड पर राम कपूर बोले

1 बार सक्सेस मिल जाती...

दीपिका पादुकोण के 8 घंटे काम की डिमांड काफी चर्चा में है। इस डिमांड की वजह से दीपिका ने संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म स्पिरिट छोड़ दी। कई सेलेब्स ने दीपिका की इस डिमांड का सपोर्ट किया है। अब दीपिका की डिमांड पर राम कपूर का रिएक्शन आया है। राम खुद कई साल से काम कर रहे हैं एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में। राम का मानना है कि वह खुद भी इस पोजिशन पर हैं कि वह भी वर्क शिफ्ट की डिमांड कर सकें। फर्स्टपोस्ट से बात करते हुए राम ने कहा, 'जब आपको शोबिज में सक्सेस मिल जाती है, चाहे आप स्टार हो, या एक्टर और लोग आपके साथ काम करना चाहते हैं, तो हां फिर आप उस पोजिशन पर हैं कि आप चुन सकते हैं कि आपको कितने घंटे काम करना है।'

राम ने आगे कहा, 'मैं भी इतने साल से काम करने के बाद इस पोजिशन पर हूं, यहां तक की जब मैं टीवी कर रहा था, मैं डिसाइड करता था कि कितने घंटे मुझे काम करना है तो मैं खुद को खुशनसीब मानता हूं।'राम का मानना है कि जो भी हाई लेवल पर हैं इंडस्ट्री में और जिन्हें काम ढूंढने की जरूरत नहीं वे अपने लिए वर्किंग घंटे का फैसला ले सकते हैं।

राम ने आगे बताया कि क्यों वर्किंग टाइम को लेकर उनकी डिमांड थी। राम ने कहा, 'टीवी नॉनस्टॉप होता था। कोई सीजन नहीं होते। आपको 3-4 या 5 साल तक हर दिन काम करना होता है। हालांकि शो मिस्त्री में मैंने 14-16 घंटे काम किया एक दिन में, लेकिन शो की शूटिंग सिर्फ 4 महीने की थी। मैं बहुत खुशनसीब हूं कि मैं वो कर सकता हूं जो करता हूं। मेरी कोई शिकायत नहीं है।' राम ने फिर आखिर में कहा कि इंडस्ट्री काफी चैलेंजिग है और यहां कई घंटे काम होता है। दीपिका के बारे में बता दें कि रिपोर्ट्स के मुताबिक एक्ट्रेस ने संदीप से 8 घंटे की वर्क शिफ्ट और प्रॉफिट में अपने हिस्से को लेकर कुछ डिमांड की थी जिससे संदीप खुश नहीं थे इसलिए उन्होंने फिल्म से दीपिका को बाहर कर दिया। दीपिका के शो से बाहर होने के बाद तृप्ति डिमरी को फिल्म में लिया गया। अब स्पिरिट के लीड एक्टर्स हैं प्रभास और तृप्ति डिमरी।

सोनाक्षी की फिल्म लुटेरा देख भाई कुश की आंखों में थे आंसू

साल 2013 में सोनाक्षी सिन्हा की फिल्म लुटेरा रिलीज हुई थी। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर भले ही फ्लॉप हुई हो, लेकिन इस फिल्म में सोनाक्षी की एक्टिंग को खूब पसंद किया गया था। अब सोनाक्षी सिन्हा के भाई कुश सिन्हा ने लुटेरा के बारे में बात की है। उन्होंने बताया कि लुटेरा देखने के बाद उनकी आंखों में आंसू थे। उन्होंने कहा कि उनकी परफॉर्मेंस देखकर उन्हें लगा था कि सोनाक्षी सिन्हा बहुत ज्यादा टैलेंटेड हैं।

जूम से खास बातचीत में कुश सिन्हा ने कहा, एक आम आदमी या दर्शक के तौर पर मैंने जब लुटेरा देखी तो मैं समझ गया था कि वो बहुत टैलेंटेड एक्ट्रेस हैं, लेकिन शायद उन्होंने अपनी मशीनरी को ओवरड्राइव में डाल दिया हो। लेकिन वो बहुत ज्यादा टैलेंटेड हैं। तो मुझे वो याद है। जब मैंने वो फिल्म देखी तो मेरी आंखों में आंसू थे उनकी परफॉर्मेंस देखने के बाद। उस वक्त मुझे पता था कि उनमें कुछ खास है।

कुश ने आगे कहा, "वो एक ट्रेंड एक्टर नहीं हैं। वो कभी एक्टिंग स्कूल नहीं गई हैं। वो बस एक गहरे पूल के आखिर में कूद गईं और इसका क्रेडिट अभिनव कश्यप और सलमान भाई को जाता है जिन्होंने सोनाक्षी को मौका दिया और उन्हें डायरेक्ट किया। वो एक नेचुरल टैलेंट हैं। यही मुझे याद है, एक दर्शक के तौर पर उन्होंने मुझपर छाप छोड़ी है।" बता दें, सोनाक्षी सिन्हा के भाई कुश सिन्हा अपनी फिल्म निकिता रॉय से डायरेक्टर के तौर पर डेब्यू करने जा रहे हैं। इस फिल्म में सोनाक्षी सिन्हा और परेश रावल अहम किरदार निभाते नजर आ रहे हैं। यह फिल्म 18 जुलाई को रिलीज होगी।



अगली फिल्म में भूत बनेंगी करीना कपूर

अपने से कम उम्र के एक्टर संग करेंगी रोमांस?

बॉलीवुड एक्ट्रेस करीना कपूर खान अपने अपने बोल्ड और बिंदास अंदाज के लिए जानी जाती हैं। अब अपने अपकमिंग प्रोजेक्ट में करीना कपूर अपने से छोटे स्टार के साथ रोमांस करती नजर आ सकती हैं। इस फिल्म में करीना कपूर खान एक भूत की भूमिका निभाते नजर आ सकती हैं। करीना कपूर की ये कहानी हुसैन दलाल ने लिखी है। "करीना को भूत के रोल में दिखाने वाली ये अनोखी कहानी भूत वाली फिल्मों के लिए एक नया मुकाम बनाएगी। यह एक मजेदार और अलग तरह की कहानी होगी, और करीना इसके लिए परफेक्ट हैं।"रिपोर्ट में कहा गया है कि फिल्म को हुसैन दलाल ने लिखा है। हुसैन दलाल कई प्रोजेक्ट्स पर अयान मुखर्जी के साथ काम कर चुके हैं। हुसैन दलाल ब्रह्मास्त्र के पहले पार्ट के राइटर भी हैं। रिपोर्ट के मुताबिक फिल्म में करीना कपूर अपने से काफी छोटे उम्र के एक्टर, जो अपने 20s में हैं, के साथ रोमांस करेंगी। बता दें, ये खबर ऐसे वक्त पर आई है जब रणवीर सिंह की अपने अगली फिल्म धुरंधर में अपने से छोटी एक्ट्रेस संग रोमांस को लेकर उनकी आलोचना हो रही है। रिपोर्ट्स की मानें तो रणवीर सिंह फिल्म में 18 साल की सारा अर्जुन के साथ रोमांस करते नजर आ सकते हैं।

'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' में नजर आएंगे 6 पुराने स्टार्स

टीवी के आइकोनिक शोज में से एक 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' एक बार फिर पर्दे पर धमाकेदार वापसी करने जा रहा है। इस सीरियल के नए सीजन 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' का प्रीमियर 29 जुलाई को रात 10:30 बजे स्टारप्लस पर होगा। आइए आपको बताते हैं कि नए सीजन में पुराने सीजन के कौन कौन-से सितारे नजर आने वाले हैं।

स्मृति ईरानी, तुलसी विरानी के रूप में वापसी करेंगी।अमर उपाध्याय, मिहिर के रोल में नजर आएंगे। हितेन तेजवानी, करण विरानी के किरदार में दिखाई देंगे। वहीं उनकी रियल लाइफ पत्नी गौरी प्रधान भी एक बार फिर नंदिनी का कैरेक्टर प्ले करती नजर आएंगी। कहा जा रहा है कि इनके अलावा शक्ति आनंद, हेमंत विरानी के रूप में और कमलिका गुहा ठाकुरता, गायत्री विरानी के रूप में शो में दिखाई देंगे। एक्ट्रेस बरखा बिष्ट को शो में लिया गया है और वह अमर उपाध्याय की प्रेमिका की भूमिका निभाती नजर आएंगी। वहीं इस शो में नए कलाकारों को भी शामिल किया जाएगा, जिसमें शगुन शर्मा और रोहित सुचांती कथित तौर पर मेन लीड में होंगे। 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' के नए सीजन का प्रीमियर 29 जुलाई को रात 10:30 बजे होगा। मेकर्स ने शो का प्रोमो पोस्ट करते हुए लिखा था, क्या आप अभी भी विश्वास नहीं कर पा रहे हैं? 25 साल के बाद, तुलसी विरानी लौट रही हैं, एक नई कहानी के साथ!

'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' एक बार फिर तैयार है हर घर का हिस्सा बनने के लिए। क्या आप भी तैयार हैं? देखिये 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' 29 जुलाई से, रात 10:30 बजे सिर्फ स्टारप्लस पर और कभी भी जियोहॉटस्टार पर।

खूबसूरती में कियारा से कम नहीं हैं सिद्धार्थ की साली

बॉलीवुड की चर्चित अभिनेत्री कियारा आडवाणी को लोग काफी पसंद करते हैं। वो अपनी फिल्मों और अभिनय के लिए जानी जाती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस बेबी गर्ल की मम्मी बनी हैं। सोशल मीडिया पर उन्होंने इसकी जानकारी साझा की है। इसके बाद से ही उनके परिवार की चर्चा होने लगी है, जो लाइमलाइट से काफी दूर रहता है। उनकी बड़ी बहन भी चर्चा में हैं, जिनका नाम इशिता आडवाणी है वो भी सोशल मीडिया पर कम लोकप्रिय नहीं हैं।पेशे से वकील इशिता अपनी सादगी और खूबसूरती से आपका दिल जीत लेंगी।

सुर्खियों से दूरी बनाए रखना पसंद करने वाली इशिता कैसी दिखती हैं, क्या करती हैं और सोशल मीडिया पर कितना एक्टिव हैं, ये सब हम आपको यहां बताने वाले हैं। याद दिला दें कि कियारा की शादी के बाद से इशिता की खूबसूरत तस्वीरें इंटरनेट पर तेजी से वायरल हुईं और लोगों ने उनकी तुलना किसी फिल्मी एक्ट्रेस से की। बहुत से लोग उन्हें सिर्फ कियारा की बहन के तौर पर जानते हैं, लेकिन इशिता की एक अलग प्रोफेशनल पहचान भी है। इशिता एक सफल भारतीय वकील हैं। उनका जन्म 20 नवंबर 1989 को मुंबई में हुआ था। उन्होंने अपनी पढ़ाई गवर्नमेंट लॉ कॉलेज, मुंबई से पूरी की। उनके पिता, जगदीप आडवाणी एक बिजनेसमैन हैं और मां जेनेवीव आडवाणी टीचर हैं। इशिता के परिवार में कियारा के अलावा दो और भाई भी हैं। इशिता ने 5 मार्च 2022 को कर्मा विवान से शादी की थी। दिलचस्प बात यह है कि विवान भी वकील हैं और दोनों एक ही लॉ फर्म में काम करते हैं। इनकी सगाई साल 2019 में हुई थी और उसी साल इशिता ने अपनी सगाई की तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर भी की थीं। हालांकि कोविड-19 महामारी के कारण इनकी शादी की तारीख टलती रही, लेकिन आखिरकार 2022 में उन्होंने गोवा के एक शानदार होटल में एक खूबसूरत समारोह में सात फेरे लिए।

सलमान ने अपनी हिरोइन के लिए लिखा पोस्ट

कहा- सोनाक्षी देवी...

बॉलीवुड एक्ट्रेस सोनाक्षी सिन्हा की शादी के बाद पहली फिल्म बड़े पर्दे पर रिलीज होने जा रही है। जी हां, उनकी सुपरनैचुरल थ्रिलर फिल्म 'निकिता रॉय' 18 जुलाई के दिन सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। ऐसे में उनके 'दबंग' के को-एक्टर सलमान खान ने सोशल मीडिया पर उनके लिए एक पोस्ट शेयर की है। इस पोस्ट की खास बात ये है कि इस पोस्ट में सलमान खान ने अपने अंदाज में सोनाक्षी की फिल्म का प्रमोशन किया है। सलमान ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम और एक्स पर फिल्म की टीम और सोनाक्षी को शुभकामनाएं दीं। फिल्म का पोस्टर शेयर करते हुए सलमान ने लिखा, "सोनाक्षी देवी बनी निकिता रॉय (सोनाक्षी अपनी फिल्म 'निकिता रॉय' में निकिता का किरदार निभा रही हैं)! इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार है आप भी जाकर देखो, कल रिलीज हो रही है! टीम को शुभकामनाएं... खूब मजे करो।"सोनाक्षी ने सलमान की इंस्टाग्राम स्टोरी को री-पोस्ट करते हुए लिखा, "18 जुलाई... खूब मजे करो।" बता दें, सोनाक्षी की इस फिल्म को उनके भाई कुश एस सिन्हा ने डायरेक्ट किया है। सोनाक्षी के अलावा इस फिल्म में अर्जुन रामपाल और परेश रावल भी हैं। पहले ये फिल्म 27 जून कोके दिन रिलीज होने वाली थी, लेकिन अब 18 जुलाई

पूरी तरह बदल गया है 'भूल भुलैया' के इस एक्टर का लुक

लाखों दिलों की धड़कन रह चुके इस मशहूर एक्टर की हालिया तस्वीरें इंटरनेट पर खूब वायरल हो रही हैं। पहले जिस एक्टर का डैशिंग अंदाज, फिटनेस और स्टाइल फैंस को दीवाना बना देता था, आज उसकी एक्टर के चेहरे को पहचान पाना मुश्किल हो गया है। कई लोग उनकी फोटोज देख हैरानी जता रहे हैं कि आखिर इतने सालों में ये सितारा इतना बदल कैसे गया। ये वही हैं जिन्होंने 'गैंगस्टर', 'लाइफ इन ए मेट्रो', 'भूल भुलैया' जैसी फिल्मों में अपने शानदार अभिनय से खूब वाहवाही बटोरी थी। जी हां, इनका नाम शाइनी आहूजा है। साल 2005 में डेब्यू फिल्म 'हजारों ख्वाहिशें ऐसी' के लिए इन्हें फिल्मफेयर बेस्ट मेल डेब्यू अवॉर्ड मिला था। शाइनी का करियर उड़ान भर ही रहा था और तभी 2009 में उन पर उनकी हाउसहेल्प ने रेप का आरोप लगाया। 2011 में उन्हें रेप केस में दोषी करार दिया गया और 7 साल की सजा सुनाई गई। हालांकि, बाद में बॉम्बे हाई कोर्ट से उन्हें जमानत मिल गई। जमानत मिलने के बाद उन्होंने बॉलीवुड में वापसी की कोशिश की, तब उन्हें जनता का प्यार नहीं मिला। ऐसे में वह अब मीडिया और पब्लिक की नजरों से दूर रहने लगे हैं।

समंदर किनारे रोमांटिक हुईं प्रियंका चोपड़ा

झट से वायरल हो गया Kiss वाला वीडियो

निक जोनस और प्रियंका चोपड़ा सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहते हैं और दोनों रोमांटिक केमिस्ट्री सोशल मीडिया पर भी देखने को मिलती है। दोनों की जोड़ी लोगों की फेवरेट है, जब भी कभी दोनों के रोमांटिक मोमेंट लोगों के सामने आते हैं तो वो वायरल हो जाते हैं और ठीक ऐसा ही इस बार भी हुआ है। दोनों ने अपनी हालियां वीडियो शेयर किया है, जिसमें रोमांटिक छुट्टियों की झलक देखने को मिल रही हैं।

ये झलकियां सोशल मीडिया पर तहलका मचा रही हैं और हर कोई इसकी चर्चा करने से नहीं चूक रहा है। इस वीडियो को निक जोनस ने शेयर किया है। इस वीडियो में दोनों का प्यार, रोमांस और चुलबुला अंदाज देखने को मिल रहा है। वीडियो देखने के बाद लोग भर-भरकर रिएक्शन दे रहे हैं। सामने आई इस क्लिप में प्रियंका एक खूबसूरत बीच वेकेशन का आनंद लेते हुए दिखाई दे रहे हैं। इस क्लिप में दोनों एक-दूसरे को किस करते हुए दिखाई दे रहे हैं, जिससे प्रशंसक उनकी केमिस्ट्री पर फिदा हो रहे हैं। जोनस ब्रदर्स के नए गाने का प्रचार करते हुए, 32 वर्षीय गायक ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वह और 42 वर्षीय प्रियंका बीच पर मस्ती करते हुए पीडीए पैक करते हुए दिखाई दे रहे हैं। वीडियो में प्रियंका निक की गोद में हैं और उन्हें हग कर रही हैं। यह वीडियो जोनस ब्रदर्स के नए ट्रैक 'आई कांट लूज' की धुन पर बनाया गया है और इसमें निक कटी हुई शर्ट और उल्टी बेसबॉल कैप पहने हुए दिखाई दे रहे हैं। क्लिप में वह पहले रेत पर अकेले खड़े दिखाई दे रहे हैं जैसे ही संगीत तेज होता है प्रियंका काले स्विमसूट में तेजी से फ्रेम में आती हैं और निक की बाहों में कूद पड़ती हैं। फिर दोनों एक-दूसरे को प्यार से चूमते हैं। अंत में वे दोनों साथ में हँसते भी दिखाई देते हैं। निक ने बुधवार को पोस्ट किए गए वीडियो के साथ कैप्शन में लिखा, 'मैं हार नहीं सकता।' अब इस पर लोगों के रिएक्शन सामने आ रहे हैं। एक ने कहा, 'यह बहुत प्यारा है।' दूसरे ने उन्हें कहा, 'दुनिया के सबसे खूबसूरत जोड़ों में से एक।' किसी ने लिखा, 'ऐसा ही प्यार हम सभी चाहते हैं।' एक और कमेंट में लिखा था, 'निक जीजू ने तो हद ही कर दी।'

शाहरुख की फिल्म को इन एक्ट्रेस ने किया रिजेक्ट

ऐश्वर्या-शाहरुख और ट्विंकल : शाहरुख खान ने अपने करियर में कई हिट फिल्में दी हैं। कई एक्ट्रेसेस उनके साथ काम कर चुकी हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं कि उनकी एक फिल्म में काम करने से 4 एक्ट्रेसेस ने मना कर दिया था। लेकिन फिर रानी मुखर्जी ने इस किरदार को हां कहा और फिल्म ब्लॉकबस्टर साबित हुई।

रानी मुखर्जी : टीना के किरदार के लिए रानी से पहले कई एक्ट्रेसेस को अप्रोच किया गया था। हालांकि उन सभी ने इस किरदार को अलग-अलग वजह से करने से मना कर दिया।

ट्विंकल खन्ना: ट्विंकल खन्ना को पहले टीना का रोल ऑफर हुआ था, लेकिन उन्होंने इस रोल को करने से मना कर दिया था।

ऐश्वर्या राय बच्चन: ऐश्वर्या राय बच्चन को भी टीना का रोल ऑफर हुआ था, लेकिन उन्हें लगा कि वह ऐसे रोल पहले भी कर चुकी हैं इसलिए उन्होंने इस रोल को रिजेक्ट कर दिया था।

करिश्मा कपूर : करिश्मा कपूर को भी इस रोल का ऑफर दिया था, लेकिन एक्ट्रेस ने भी मना कर दिया।